स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
2 नवंबर, 2026
कार्त्तिक मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 80, अंक - 75, पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



पीवी सिंधू ने जीता हाइलो ओपन का खिताब

मौसम

न्यूनतम तापमान 19

अधिकतम तापमान 29

सूर्यास्त 5.22 सूर्योदय 6.16

खबर एक नज़र

पंजाब में दो विधायकों ने छोड़ी आप

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो विधायकों हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दोनों विधायकों के इस फैसले को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा सनौर विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि चेतन सिंह जौरामाजरा समाना सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पार्टी ने एक दिन पहले ही विस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी।

मणिपुर : दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत

इंफाल। मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। नोनी जिले के केकरू नगा गांव में दो हथियारबंद गुटों के बीच कई घंटे तक गोलीबारी हुई। इसमें कुकी समुदाय के 3 लोगों की जान चली गई। वहीं, कांगपोकपी जिले में 29 अक्टूबर से लापता दो युवकों के शव रविवार को मिले। दोनों युवक ताफौ कुकी गांव से लापता हुए थे। पहाड़ी इलाके में मिले शवों की पहचान की जा रही है। इस साल मणिपुर में हिंसा से जुड़ी घटनाओं में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है।

कमर्शियल सिलिंडर हुआ महंगा

नई दिल्ली। दिवाली और छठ पूजा से पहले देश के कारोबारियों को महंगाई का एक और झटका लगा है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने एक नवंबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। अलग-अलग शहरों में सिलिंडर के दाम 10 से 12 रुपये तक बढ़े हैं। नई दरें रविवार से देशभर में लागू हो गई हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत मिली है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

रामलीला मैदान : इंडिया गठबंधन की रैली में गरजे राहुल

ज्ञानेश कुमार को भेजेंगे जेल

नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल



■ मोदी को हटाएंगे : खरगे

उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्ष को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने एसआईआर और मतगणना को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने भी कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाया।

राहुल ने कहा कि मैं स्टेज से कहना चाहता हूं। मैं जो कहता हूं वो होता है न। मैंने कोविड-19 के बारे में बोला, सच हुआ। मैं आपको स्टेज से कह रहा हूं कि ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा। ज्ञानेश कुमार हिंदुस्तान में जेल जाएगा। और अगर यह आम चोरी नहीं है कि किसी ने दुकान से थोड़ी सी छोटी चोरी कर ली। उसके लिए जेल होती है। इन्होंने नॉर्मल चोरी नहीं की है। यह हिंदुस्तान के हर नागरिक के आवाज की चोरी है। इसको कानूनी गलियारों में रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस कहते हैं। इसे देशद्रोही कहते हैं, इसे ट्रीजन कहते हैं और ज्ञानेश कुमार के बिना न नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनता, न अमित शाह गृह मंत्री बनता। आरएसएस इस देश की सारी संस्थाओं को कैप्चर कर लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सीबीआई, ईडी, न्यायपालिका, नौकरशाही, पुलिस सारी की सारी संस्थाएं, जो आपकी हैं, वह नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस की नहीं, युवाओं की संस्थाएं हैं। वह इन्होंने कैप्चर कर रखी हैं।

रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में 'चोरी सरकारें' हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी हमें डराने के लिए ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि हम सभी जानते हैं कि कैसे लड़ना है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- पीएम मोदी हमें बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वह लोगों के वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं। रामलीला मैदान की रैली में कहा मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- अगर मोदी जाएंगे तो ही लोकतंत्र बच सकता है।

यूपी में हिंदुओं के 1.27 करोड़ वोट काटे गए



समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ''जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। तबसे सामने आ रहा है कि जनता हमारे साथ जुटना चाहती है। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर है, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे। जो लोग दावा करते थे कि डबल इंजन की सरकार है, उन्हें काशी की जनता ने जवाब दिया है। वे एक बार एक हार से संतुष्ट नहीं थे।''

ईवीएम, लोकतंत्र और संविधान को लूटा



टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रामलीला मैदान से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। ममता ने कहा 'हम हारे नहीं, हराए गए हैं।' उन्होंने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाया कि राज्य इसके कारण प्रभावित हुआ है।

बिहार से वोट चोरी शुरू



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी रैली में वोट चोरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी की शुरुआत बिहार से हुई थी। तेजस्वी ने सरकार पर निशाना साधते हुए उसे 'दो नंबरी' बताया। तेजस्वी के बयान से साफ रहा कि विपक्षी गठबंधन मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों को राजनीतिक बहस के केंद्र में रखना चाहता है।



14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए आजम खां

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को रविवार को गाजियाबाद की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

■ गाजियाबाद कोर्ट में किया गया था पेश

के बीच पेश किया गया। उनकी पेशी को लेकर कोर्ट परिसर के आसपास लोगों और समर्थकों का जमावड़ा लग गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और पूरे परिसर में सतर्कता बरती गई। दरअसल, आजम खां को शनिवार को रामपुर जेल से रिहाई के तुरंत बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। यह कार्रवाई मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। ईडी की टीम आजम खां को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए कस्टडी रिमांड की मांग की।

नीट विवादः नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली परीक्षा सुधार समिति का कार्यकाल बढ़ा, जनवरी 2027 तक देगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली इस समिति को अब जनवरी 2027 तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। पहले समिति को अक्तूबर 2027 तक रिपोर्ट देने का समय दिया गया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, समिति की ओर से विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श की प्रक्रिया अभी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में छह सदस्यीय इस उच्चस्तरीय टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की थी। यह फैसला दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद लिया गया था। 25 जुलाई को हुए इस प्रदर्शन के बाद तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए समिति गठित करने की घोषणा की थी। समिति को अब तक छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षण संस्थानों, विषय विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं से 50 हजार से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। समिति इन सुझावों के आधार पर परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के उपायों पर विचार कर रही है। समिति ने 2024 में नीट पेपर लीक मामले के बाद केंद्र सरकार की ओर से गठित पैनल के प्रमुख और पूर्व इसरो अध्यक्ष के. राधाकृष्णन से भी चर्चा की है।

'विपक्ष जनादेश न मिलने से हताश'

चंडीगढ़। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली को लेकर निशाना साधा और कहा कि जनता का

■ नितिन नवीन बोले- प्रायश्चित करे कांग्रेस

जनादेश नहीं मिलने से हताश कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रही है। नवीन 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर विपक्ष की रैली के जवाब में हरियाणा के रोहतक में मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए प्रायश्चित करने और माफी मांगने के बजाय कांग्रेस दंगे की बरसी पर प्रदर्शन करने निकली है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी को सिख भाइयों के खिलाफ किए गए कृत्यों, नरसंहार और हत्याओं के लिए प्रायश्चित करना चाहिए था और माफी मांगनी चाहिए थी, जो 1984 में इसी दिन हुई थीं। इसके बजाय, आज वे प्रदर्शन करने निकल पड़े हैं।'

'ड्रोन-लंबी दूरी के हथियार बदल रहे लड़ाई का स्वरूप'

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कल नए वायुसेना प्रमुख का पद संभाल लिया। आज परेड ग्राउंड में सलामी लेने के बाद वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित ने

■ नए वायुसेना प्रमुख ने कहा- युद्ध जीतने के लिए तैयार रहें



कहा, भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभालना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। हमारी सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां अभी भी गंभीर बनी हुई हैं।

ड्रोन और लंबी दूरी तक सटीक हमला करने वाले हथियारों जैसी नई तकनीकों और प्रणालियों से युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। नए एयर चीफ ने कहा, भारतीय वायुसेना को अगले दशक में देश की जरूरतों के मुताबिक खुद को तैयार करने के साथ युद्ध लड़ने और जीतने के लिए भी हमेशा तैयार रहना होगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा, 'भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभालना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। आज सुबह मैंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उनका साहस हमारे लिए वह मानक है, जिस पर हम खुद को परखेंगे।' उन्होंने कहा, 'मैं एयर चीफ मार्शल एपी सिंह से वायुसेना की कमान संभाल रहा हूं। उनके नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने दिखाया कि सटीक और निर्णायक हवाई ताकत क्या कुछ कर सकती है। मैं उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे पूरी तरह तैयार और मजबूत स्थिति में वायुसेना की जिम्मेदारी सौंपी है।'

'अर्नब' के बाद अब 'मुरासु' का खतरा

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव रविवार को चक्रवाती तूफान 'मुरासु' में तब्दील हो गया। इसके बाद ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग

■ बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात, अलर्ट जारी

(आईएमडी) के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' बन गया है। इसके तीन नवंबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। आईएमडी ने बताया कि भारत की ओर से नामित चक्रवात 'मुरासु' के बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके तीन नवंबर की सुबह नेल्लोर और नरसापुर के बीच आंध्र प्रदेश के तट को पार करने का अनुमान है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है, जबकि झोंकों के साथ यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दक्षिणी क्षेत्र में पहले ही हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सरकार ने निचले इलाकों और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा में दो नवंबर से बारिश शुरू होगी। तीन और चार नवंबर को बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है।

कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़का : शाह

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ के स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा

■ दिल्ली में रैली आयोजित करने पर उठाए सवाल



राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने 1984 के सिख नरसंहार की बरसी के दिन दिल्ली में कांग्रेस की रैली आयोजित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हजारों सिखों की निर्मम हत्या हुई, उसी दिन कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की क्या जरूरत थी। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को पहले यह लगा था कि शायद राहुल गांधी उस समय छोटे थे या उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा, इसलिए उन्हें इस दिन के महत्व की जानकारी नहीं होगी। लेकिन भाजपा ने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस से अपील की थी कि 1, 2 और 3 नवंबर को रैली आयोजित न की जाए, क्योंकि ये वही दिन हैं जब सिख विरोधी दंगे हुए थे। अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब उनके बेटे राहुल गांधी ने उसी दिन दिल्ली में बड़ी रैली आयोजित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस से अपील की थी कि 1 से 3 नवंबर के बीच कोई बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम न किया जाए, क्योंकि इससे सिख समुदाय की माताओं, बहनों और बच्चों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी।

'अज्ञानता-डर से पनपती है मनमानी सत्ता'

शिलांग। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने लोकतंत्र और कानून के शासन को मजबूत करने में 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण' के

■ जस्टिस भुइयां ने वैज्ञानिक सोच को बताया जरूरी

महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मनमानी सत्ता अज्ञानता, डर और बिना परखे विश्वासों के सहारे पनपती है।मेघालय के री-भोई जिले में 'यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय' (यूएसटीएम) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, जस्टिस भुइयां ने शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच संबंध पर जोर देते हुए कहा, 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही कानून के शासन की नींव रखता है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि मनमानी सत्ता अज्ञानता, डर और बिना परखे विश्वासों के दम पर फलती-फूलती है।' विश्वविद्यालय के सेंट्रल ऑडिटोरियम में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में कुल 1,469 छात्रों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए गए। 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज' की महासचिव पंकज मित्तल ने दीक्षांत समारोह में मुख्य संबोधन दिया। इस समारोह में गुवाहाटी हाई कोर्ट के जज - जस्टिस कल्याण राय सुराना, जस्टिस सौमित्र सैकिया, जस्टिस रॉबिन फूकन, जस्टिस करदक एते और जस्टिस उन्नी कृष्णन नायर के साथ-साथ गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस पी.के. डेका भी मौजूद थे।

'राज धरम तो यहै 'सूर' जो प्रजा न जाहिं सताए'

निर्विवाद तौर पर संसार के सर्वश्रेष्ठ कूटनीतिज्ञ भगवान श्रीकृष्ण के सौंदर्य–श्रृंगार, लीला–लावण्य और भक्ति–भाव से हिंदी साहित्य को सराबोर करनेवाले सूरदास जी ने दूसरों को दिए जाने वाले उपदेशों पर खुद भी अमल करने और हर हाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने को ही राजनीति और राजधर्म का परम प्राथमिक कर्तव्य बताते हुए लिखा है कि– 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए / तें क्यौं अनीति करें आपुन, जे और अनीति छुड़ाए / राज धरम तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए / हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।'

इस कसौटी पर परखें तो मौजूदा दौर की सियासी तस्वीर सूरदास की सीख और अपेक्षाओं के उलट न सिर्फ़ 'दूसरों को नसीहत, खुद मियाँ फ़ज़ीहत' वाली दिखाई पड़ती है बल्कि जनहित के प्रति भावनात्मक संवेदनशीलता और जनकल्याण को प्राथमिक जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार करने के ईमानदार दृढ़ संकल्प का भी अभाव नजर आता है। जबकि राजनीतिक दलों को नहीं भूलना चाहिए कि जनता केवल चुनावी सभाओं में जुटने वाली भीड़ नहीं बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों, जिम्मेदारियों और परेशानियों से जूझने वाला समाज है जिसकी सुविधा, समय और आर्थिक हितों की रक्षा भी राजनीति की जवाबदेही का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन विडंबना है कि जनहित के प्रति जिम्मेदारी और संवेदना को ताक पर रखकर पक्ष–प्रतिपक्ष द्वारा सड़क पर शक्ति प्रदर्शन करके अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे समय और तरीके का चयन किया गया है जब धनतेरस से लेकर देवोत्थान एकादशी तक का साल का सबसे बड़ा और पावन त्योहारी पखवाड़ा मनाने की तैयारियों और खरीदारियों में हर व्यक्ति, हर परिवार और पूरा समाज अपनी-अपनी सामर्थ्य एवं भावनाओं के अनुसार व्यस्त और उलझा हुआ है। बेशक, लोकतंत्र में सरकार की नीतियों का विरोध और जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है। इसी तरह सरकार को भी अपने निर्णयों का बचाव और विरोधियों की असली मंशा का खुलासा करने का अधिकार है। लेकिन, समस्या तब होती है जब राजनीतिक संघर्ष में जनसुविधा पीछे छूट जाती है और सड़कें लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के बहाने शक्ति प्रदर्शन और सियासी तांडव का रंगमंच बन जाती हैं। सवाल यह नहीं है कि पक्ष-विपक्ष की ओर से जिन मुद्दों को तूल दिया जा रहा है और आम जनमानस को अपने पक्ष में लामबंद करके अधिकतम जनसमर्थन जुटाने का प्रयास हो रहा है वह कितना सही और कितना गलत है? उसमें कितनी वास्तविकता है और कितना छल–छद्म है? वह कितना प्रभावशाली और कितना बेमानी है? असली सवाल है कि राजनीतिक दल अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जिस जनता के नाम पर राजनीति कर रहे हैं उसी जनता को अपनी राजनीति की कीमत चुकाने के लिए विवश करना उचित है क्या? क्या जनहित के मुद्दों को उठाने वाले दल जनता के समय, श्रम और आजीविका के प्रति भी उतने ही संवेदनशील हैं जितने उसके समर्थन और सहानुभूति के प्रति? लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन उसके साथ सार्वजनिक व्यवस्था, कानून और दूसरों के अधिकारों के प्रति जिम्मेदारी भी तो जुड़ी हुई है। बहरहाल, राजनीति पूरे साल हो सकती है और कानूनी व संवैधानिक दायरे में रहते हुए अपनी बात रखने का तरीका और सलीका भी मनचाहा अपनाया जा सकता है। लेकिन इसमें समय और परिस्थिति के साथ ही जनसुविधाओं और समाज की सहूलियत के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव हो तो सियासत का सकारात्मक पहलू समाज के समक्ष प्रदर्शित होगा जिससे भावनात्मक जनजुड़ाव में भी इजाफा होगा। इस परिप्रेक्ष्य में रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि वृंद की यह सीख विचारणीय है कि 'नीकी पै फीकी लगै, बिनु अवसर की बात। जैसे बरनत युद्ध में, रस सिंगार न सुहात॥

जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।



नज़र और नज़रिया - नवकांत ठाकुर

सिकंदरपुर के तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी

बिरिया तारा गांव में कैंसर पीड़ति चाचा को देखने दिल्ली से भाई के साथ आया था

स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)। सिकंदरपुर गांव के तालाब में युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई खबर फैली तो ताल किनारे लोगों का मजमा लग गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवा कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लगभग दो-तीन घंटे बाद युवक की शिनाख्त उसके भाई ने शरीर पर टैटू को देखकर की। पुलिस में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव भुण्डामई बनबसा निवासी लगभग 32 वर्षीय पप्पू पुत्र रामपाल के रूप में परिजनों द्वारा शिनाख्त की गई मृतक के भाई गंगाराम ने शरीर पर बने टैटू को देखकर उसकी पहचान की। मिली जानकारी के मुताबिक पप्पू व उससे बड़ा भाई राकेश गत 26 अक्टूबर को दिल्ली से जलालाबाद आए थे ग्राम पंचायत गुलड़िया के मजरा बिरिया तारा में रहने वाले युवक के चाचा जगदीश उर्फ कांग्रेसी की तबीयत खराब थी बताया जाता है कि उनको कैंसर है तभी दोनों भाई दिल्ली से जलालाबाद आए थे दिल्ली में रहकर दोनों भाई पलंबर का काम करते हैं एक सबसे बड़ा भाई गंगाराम भुण्डामई बनबसा गांव में निवास करता है चाचा जगदीश के यहां से जानकारी लेने पर बताया गया कि गत 28 अक्टूबर की रात सभी लोग खाना पीना खाकर लेट गए थे इसी बीच पप्पू घर से कहीं निकल गया और आज



उसकी लाश सिकंदरपुर अफगानान गांव के तालाब में पानी में उतारती मिली। मृतक तीन भाई है सबसे बड़ा गंगाराम उससे छोटा राकेश व मृतक पप्पू सबसे छोटा था। जानकारी के मुताबिक पप्पू शराब पीने का आदी

शव को कब्जे में ले जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

होने के कारण तीन-चार साल पहले उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया और तलाक लेकर कहीं और चली गई संतान भी कोई नहीं है। मृतक का परिवार मूल रूप से कांट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसेम गांव का निवासी बताया गया है किसी झगड़े की वजह से गांव जब छोड़ना पड़ा तो मृतक के चाचा जगदीश ने बिरिया तारा में मकान बना लिया और बड़े भाई गंगाराम ने भुण्डामई बनबसा में घर बना कर अपने साढू के पास रहना शुरू कर दिया राकेश और पप्पू दोनों दिल्ली चले गए जहां वह प्लंबर का काम करने लगे लेकिन भाई गंगाराम के पास आना-जाना बरकरार रहा, लेकिन इस बार वह लोग कैंसर पीड़ति अपने चाचा जगदीश को देखने के लिए दिल्ली से सीधे जलालाबाद आए थे 2 दिन चाचा के घर रुकने के बाद पप्पू गत 28 अक्टूबर की रात बिना बताए चला गया परिवार के लोगों ने सोचा कि दिल्ली गया होगा लेकिन आज उसकी लाश तालाब में सिकंदरपुर अफगानान गांव में मिली तो घर में कोहराम मच गया। इधर कोतवाल अरविंद कुमार सिंह चौहान से पूछने पर उन्होंने बताया की सूचना के आधार पर तालाब से शव बरामद किया है जो तीन-चार दिन पुराना है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बीडीसी सदस्य भेजा गया जेल



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीडीसी सदस्य को 672 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया।आरोपी बाइक से चरस लेकर एक बाबा को बेचने जा रहा था। पुलिस ने बाइक सीज करने के साथ ही एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।सीओ विदुष सक्सेना के नेतृत्व में शनिवार शाम करीब चार बजे प्रभारी निरीक्षक प्रभात चंद्र और पुलिस टीम ने ढकिया रघा पुल के पास घेराबंदी कर बाइक सवार को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 672 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान क्षेत्र के गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी राजू वर्मा के रूप में हुई, जो बीडीसी सदस्य है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह चरस एक बाबा को बेचने के लिए लेकर जा रहा था।रविवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस ने बरामद बाइक को सीज कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया

एआरपी का प्रतिनिधि मंडल मिला विधायक से



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष हरि किशोर दीक्षित के नेतृत्व में ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह से भेंट की। प्रदेश कार्यसमिति के निर्देश के अनुसार विधायक को 5 सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एआरपी के कार्यकाल का मूल्यांकन के आधार पर नवीनीकरण किया जाए कार्यो को सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए,योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों का चयन सुनिश्चित किया जाए। गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए।ब्लॉक जनपद एवं प्रदेश स्तर की समितियां में एआर पी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए । इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रताप सिंह,अरुण कुमार त्रिपाठी ,नरेंद्र कुमार जायसवाल, सिकंदर अली , बृजेश कुमार गुप्ता ,आलोक श्रीवास्तव अतुल कुमार शुक्ला, नवनीत कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

योग के प्रति जागरूक करने से होगा देश का भविष्य उज्ज्वल : पवन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। भारतीय योग संस्थान की जिला इकाई द्वारा दयानंद योग केंद्र पर आज योग दक्षता कक्षा का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अवधेश प्रजापति की प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात शिक्षकों ने साधकों को योगाभ्यास करवाया। रमेश चंद्र दीक्षित ने त्रिकोणासन, ताड़ासन, सत्य प्रकाश तिवारी ने जानुशिरासन, कोणासन, मदन राठौर ने वज्रासन, सिंह गरजनासन, जितेंद्र पाल सिंह ने हास्य आसन, नीरज वर्मा ने शिथिल आसन, महेंद्र कुमार ने मरकट आसन, देवेंद्र पाल चौहान ने शवासन, मानसिक अवलोकन, मदन मोहन त्रिपाठी ने प्राणायाम तथा विनोद बिहारी पांडे ने ध्यान का अभ्यास करवाया। पुनीत दीक्षित ने सारे कार्यक्रम का विश्लेषण किया। अपने उद्बोधन में



जिला प्रधान पवन सिंह ने कहा कि शिक्षकों को विभिन्न स्कूलों में जाकर आज की युवा पीढ़ी को योगाभ्यास के प्रति जागरूक करना होगा ताकि हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन जीने की कला सीख सके। स्वस्थ और मस्त रहने का एकमात्र उपाय योग है। कार्यक्रम का समापन अर्चना गुप्ता के योग गीत से हुआ। डॉ. मयंक भूषण पांडे ने समारोह का सुंदर संचालन किया। योग साधक ओमकार सिंह ने अपने जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सभी साधकों को स्वादिष्ट गरमा गरम जलेबी और समोसे का स्वल्पाहार करवाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश कुमार मिश्रा, डॉक्टर देशबंधु, सुमन तिवारी, प्रदीप गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सौरभ शर्मा ओंकार सिंह अरविंद मिश्रा, अवधेश दीक्षित, आर.पी. सिंह,राजेश कुमार शुक्ला, सुनील सक्सेना, संध्या सक्सेना आदि का विशेष योगदान रहा।

वित्त मंत्री ने नगर में 4 सड़कों का किया शिलान्यास



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। शहर की सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य सेक्टर के अंतर्गत कुल ?467.26 लाख की लागत से होने वाले चार सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। मंत्री के साथ महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमें छाया कुआं से हनुमत धाम तक- हॉट मिक्स से सड़क का सुदृढ़ीकरण,ख्वाजा फिरोज क्षेत्र में हनुमत धाम के नए पुल के पास से पुराने पुल के आगे तक हॉट मिक्स सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा इसी तरह चर्च कॉलोनी, रोजा में स्वयंवरम स्थल से दमह नाला पुलिया/कुनाल भगता के खेत तक सीसी सड़क निर्माण किया जाएगा। आदर्श नगर, रोजा- मुख्य मार्ग से कंपोजिट स्कूल होते हुए मनकनेश्वर मंदिर से रेलवे माल गोदाम के पास तक नाला-नाली एवं सीसी सड़क निर्माण होगा।इन विकास कार्यों में दो हॉट मिक्स सड़क और दो सीसी सड़क निर्माण के कार्य शामिल हैं। इनके पूरा होने से शहर की सड़कें मजबूत होंगी, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आएगा और स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।नगर निगम शहर में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और विकास कार्यों को गति देने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आरएमएल ग्रुप में डांडिया और गरबा नाइट की धूम

विद्यार्थियों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां



स्वतंत्र भारत पुवायां। आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को डांडिया और गरबा नाइट का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। फार्मेसी, मेडिकल साइंसेज, नर्सिंग और ट्यूलिप चिल्ड्रंस एकेडमी के प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर डांडिया और गरबा प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। ट्यूलिप चिल्ड्रंस एकेडमी के बच्चों वरेण्या खुवंशि और अर्नव गोस्वामी ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नर्सिंग विभाग की प्राचार्या प्रो. डॉ. साथिया प्रीति, कुलदीप, रितु, सोमेंद्र, अनन्या और वार्डन मनप्रीत मौजूद रहीं। वहीं ट्यूलिप चिल्ड्रंस एकेडमी की प्राचार्या शिवानी सिंह, अर्पिता सिंह, दिव्या शर्मा और साक्षी गुप्ता ने भी सहभागिता की। हॉस्टल प्रशासन से प्रियंका और विनीता उपस्थित रहीं। फार्मेसी और मेडिकल साइंसेज के शिक्षक व विद्यार्थियों ने भी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देर शाम तक चले इस हुआ।

आयुष स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित हुआ खेल प्रतिभा सम्मान समारोह

खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

स्वतंत्र भारत काँट शाहजहांपुर आयुष स्पोर्ट्स एकेडमी मेंआयुष खेल प्रतिभा सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, मेहनत, समर्पण एवं खेलों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन रईस मियां रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर के ना आने पर उप निरीक्षक मुकुटलाल रहे रामलीला प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राम मुरारी मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की समारोह मेंसुमेरलाल वर्मा, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के फाउंडर उमेश दुबे डॉ. फैजान, डॉ. परवेज, शैलेन्द्र कुमार शाक्यधर, शोभी वर्मा, कांस्टेबल नीरज कुमारी, संस्थापक संजीव मिश्रा, वॉलीबॉल कोच हिमांशु गुप्ता, बशीरुद्दीन एवं रजी अहमद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं



सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उचित मंच और मार्गदर्शन देना बेहद जरूरी है।एकेडमी के संस्थापक संजीव मिश्रा ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त कर कहा आयुष स्पोर्ट्स अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, उचित मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

एकेडमी के निदेशक एवं क्रिकेट कोच अभिषेक कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और उपलब्धियां ही असली पहचान हैं। भविष्य में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन किए जाते हैं सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

जनपद के विकास को पूरी ताकत लगाई : खन्ना



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। हथौड़ा गांव में दिवंगत वकील सत्येन्द्र कुमार सक्सेना की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विकास को लेकर बड़ा ऐलान किया। मंत्री ने कहा , ÷विकास प्राधिकरण से 53 करोड़ रुपये के नाले, जिसमें 6.83 करोड़, 6.82 करोड़ और 17 करोड़ के नाले स्वीकृत हो चुके हैं। नगर निगम से 150 करोड़ से अधिक के काम स्वीकृत हो चुके हैं। यह मैं इसलिए बता रहा हूं क्योंकि वोट के माध्यम से जो ताकत आपने दी है, उसकी पूरी ताकत शाहजहांपुर के लिए इस्तेमाल की है। मेरा कोई निजी एजेंडा नहीं है। सुबह से शाम तक एक ही लक्ष्य है शाहजहांपुर को उत्कृष्ट जनपद बनाना। इस दौरान राष्ट्रीय युवा विकास शोध संस्थान के सचिव बृजेश कुमार सक्सेना ने मंत्री का उत्कृष्ट विधायक सम्मान पर अंगवस्त्र, पटका और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सचिव बृजेश कुमार सक्सेना ने किया, वकील विपिन सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर छोटे लाल ऑपरेटर, विश्राम , साजिद भाई, राजेन्द्र राठौर, राजीव सक्सेना, अशोक सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

आरोग्य मेले में 150 मरीज पहुंचे,40 की हुई जांच

बदलते मौसम में बुखार और वायरल संक्रमण से बचाव की दी गई सलाह



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। बदलते मौसम में बुखार और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ने के बीच रविवार को क्षेत्र के तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 150 मरीज पहुंचे, जिनमें से 40 की जांच कर सभी को निशुल्क दवाएं वितरित की गई।इस दौरान डाक्टरों ने मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनपुर में चिकित्सक डॉ. अभिषेक जौहरी ने 60 मरीजों को देखा। इनमें 15 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं दी गई। वहीं, रमापुर पीएचसी में चिकित्सक की तैनाती न होने के कारण फार्मासिस्ट संजीव कुमार ने 60 मरीजों को परामर्श दिया। यहां भी 15 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई।इसके अलावा मोहल्ला कुंवरगंज स्थित अर्बन अस्पताल में चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्ता ने 30 मरीजों का उपचार किया। इनमें 10 मरीजों की जांच कर दवाएं उपलब्ध कराई गई।स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को बताया कि मौसम में बदलाव के कारण वायरल संक्रमण और बुखार की शिकायत हो सकती है। यदि लगातार दो से तीन दिन तक बुखार बना रहे तो लापरवाही न बरतें और चिकित्सक की सलाह लेकर उपचार कराएं।

किन्नर सहित दो के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत पुवायां। थाना क्षेत्र के गांव घनश्यामपुर खुर्द निवासी गुड्डू किन्नर ने अपने चेले पीलीभीत जनपद के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव पतिहन पिपरा निवासी रिया और पुवायां के गांव गंगसरा निवासी साहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में गुड्डू ने बताया कि रिया को अपने घर पर रखा खाने पानी का बन्दोवस्त पूरा किया। बधाई करने के लिए क्षेत्रो मे भ्रमंड अपने साथ साथ कराता था। उसे रिया उर्फ रोहित पर पूर्ण विश्वास हो गया था इस लिए विश्वास के साथ अपने घर पर रखा। दिनांक 22 अक्टूबर को रिया उर्फ रोहित अपने साथी साहिल पुत्र छोटे निवासी गंगसरा के साथ सुबह करीब 4 बजे बधाई का रखा गया नगद रकम व सोने चाँदी के आभूषण मेरे घर से चुरा ले गया। जब सुबह लगभग 8 बजे देखा तो पैसे और आभूषण गायब थे। जब मेने रिया उर्फ रोहित से बात की तो उसने मुझे गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। घटना के उसी दिन वह बधाई मांगने गंगसरा गया तो साहिल ने उसे तमंचा दिखा कर कहा कि दुवारा यहा आई तो जान से मार दूँगा। पुलिस ने रिया और साहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



स्वतंत्र भारत तिलहर, शाहजहांपुर। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-6.0 के तहत रविवार को एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सैनी के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल संध्या ने विभिन्न मंदिरों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूमने वाले एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। टीम ने महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि करता है तो बिना संकोच तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसी क्रम में बिरियाबाबा मेला परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। परीक्षा देने पहुंचने वाली छात्राओं एवं महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम विशेष रूप से सतर्क रही। टीम ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और उनमें सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना है। ऐसे जागरूकता एवं चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

शाहजहांपुर आसपास

पिकअप ने बच्ची को कुचला, दर्दनाक मौत

खजुरी गांव में हादसे से मचा कोहराम, पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी मासूम रौनक

स्वतंत्र भारत परौर (शाहजहांपुर)। थाना परौर क्षेत्र के ग्राम खजुरी में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आलू से लदे पिकअप वाहन ने 10 वर्षीय मासूम बच्ची को कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पिकअप वाहन और चालक को कब्जे में ले लिया, जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब सात बजे ग्राम खजुरी निवासी सोनू की 10 वर्षीय पुत्री रौनक अपने घेर से घर जा रही थी। इसी दौरान कृष्णा गैस एजेंसी के पास आलू से भरा पिकअप वाहन संख्या यूपी 76 टी



2268 तेज गति से आया और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बच्ची वाहन के पहियों के नीचे आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलान पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम रौनक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रौनक पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी। उसकी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और चालक को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

चोर-चोर कहते हुए युवक को पकड़ा, की पिटाई



स्वतंत्र भारत सिंधौली। सिंधौली मार्केट में चोरी और छिनैती की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों के बीच चोर-उचक्के सक्रिय रहते हैं। भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल और रुपये छीनकर भागने के साथ ही साइकिल और बाइक चोरी की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाजार में इस तरह की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं। कुछ मामलों में लोगों ने चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले करने से पहले उनकी पिटाई भी की लेकिन इसके बावजूद ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। रविवार को भी सिंधौली मार्केट में इसी तरह का मामला देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ के बीच से एक युवक अचानक भागने लगा। उसे भागता देखकर कुछ लोगों ने शोर मचाते हुए चोर-चोर कहना शुरू कर दिया। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने युवक की पिटाई कर दी

मिठाई की दुकानों से भरे सैंपल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी , के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुभाष तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव, डा0 विवेक वर्मा, सौरभ सोनी, अजीत सिंह, मानवेन्द्र कुमार एवं वरुण कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर मिठाई की दुकानों के सघन निरीक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। शहर में स्थित गायत्री स्वीट लाल इमली, शक्ति स्वीट लाल इमली, शुभदीया स्वीट्स अजीजगंज, ओमवीर की दुकान रौसर कोठी, आर्या स्वीट हाउस बरेली मोड, ओम स्वीट हाउस केरूगंज, आकाश स्वीट हाउस चौक, श्याम मिष्ठान भण्डार, चॉदना स्वीट्स गोविन्दगंज, स्कन्द स्वीट्स बहादुरगंज, सर्वेश कुमार मिष्ठान भण्डार शाहबाज नगर का निरीक्षण किया गया। मिठाईयों पर एक्सपायरी डेट लिखे जाने तथा खाद्य रंगों की उचित मात्रा प्रयोग हेतु खाद्यकारोबारकर्ताओं को विशेष निर्देश दिये गये।गुणवत्ता के संदेह पर शुभ दीया स्वीट्स से 01 छेना मिठाई



का नमूना, ओमवीर के मिठाई निर्माण इकाई से सोन पापडी का 01 नमूना एंव सर्वेश कुमार मिष्ठान भण्डार से लौंज का 01 नमूना नियमानुसार संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। शुभ दीया स्वीट्स, ओम स्वीट हाउस, ओमवीर एंव सर्वेश कुमार मिष्ठान भण्डार के प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई में कमियों पाये जाने के कारण नोटिस जारी की जा रही है। नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य टीम द्वारा खेड़ा बझेड़ा चौराहे के पास गढिया रंगीन शाहजहांपुर से आ रहे वाहन से बरेली खोया मण्डी को ले जाए जा रहे खोया की जाँच की गयी। मौके पर उपस्थित ड्राईवर संतकुमार द्वारा बताया गया कि गंगा सिंह व रामवीर, नि0 ग्रा0-खमरिया, शाहजहांपुर, नन्हे-नि0 ग्रा0-तिपथरा, शाहजहांपुर एवं प्रकाश-नि0 ग्रा0-नगला, शाहजहांपुर आदि लोगों द्वारा अपने घरों में खोया तैयार किया गया था। वह खोया को बरेली खोया मण्डी में बेचने हेतु ले जा रहा था। खोया से अरूचिकर गंध व स्वाद में कड़वा होने के कारण 5 टोकरी में भण्डारित लगभग 300 कि0ग्रा0 खोया को नष्ट कराया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 78000/- रू0 है। गुणवत्ता की जॉच हेतु खोया के 04 नमूनें जॉच हेतु नियमानुसार संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

60 वर्ष की आयु पूरी होने पर विदाई समारोह हुआ



स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहाँपुर। थाने पर तैनात शटिंग मास्टर तोले राम अपने आयु के 60 वर्ष पूरे होने पर रेल विभाग से सेवा नि व्रत किए गए इस अवसर पर साथी लोगों ने फूलमाला डालकरढोल नगाड़ा बजाकर हार्दिक स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया देर रात उनके आवास पर सभी साथियों ने पहुंचकर प्रतीक चिन्ह दिए और सम्मानित किया अपनी 60 वर्ष की आयु पूरे होने से पहले कई बार सम्मानित किए गए कार्य करने के दौरान इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत यादव अमित भागवत मिश्रा चंदन कुमार अवधेश कुमार मुनेंद्र सिंह वीरेंद्र त्यागी महेंद्र कुमार एलिक दास अजय पोता सुरेश कुमार रामनिवास रमेश कुमार लालता प्रसाद हरेंद्र सिंह भीष्म कुमार सहित कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

यात्री की हालत बिगड़ी

स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।- 04027 मुजफ्फरपुर से चलकर आनंद विहार जाने वाली स्पेशल ट्रेन के कोच नंबर स8 बर्थ नंबर 63 पर सूरज गुप्ता 24 वर्ष सीतापुर से आनंद विहार जा रहे थे सीतापुर से निकलने के बाद सूरज गुप्ता की हालत खराब हो गई सूरज गुप्ता ने ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर के एक तीन नंबर प्लेटफार्म पर रोका गया जहां डॉक्टर राजेंद्र माथुर सोमबीर दाधीच कुमार ने प्राथमिक उपचार कियाइसी कोच के 34 नंबर बर्थ पर ब्रह्मदेव साहनी 52 वर्ष मुजफ्फरपुर से आनंद विहार जा रहे थे उनकी भी हालत खराब हो गई ब्रह्मदेव का भी शाहजहांपुर में प्राथमिक उपचार किया गया स्टेशन अधीक्षक एके के गौतम ने बताया दो यात्रियों की हालत बिगड़ गई थी जिनका प्राथमिक उपचार किया गया उसके बाद ट्रेन को खाना किया गया

बजरंग दल के हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



शाहजहांपुर। बजरंग दल शाहजीपुर महानगर द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर रविवार ब्लड बैंक जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने शिविर में बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए रक्तदान किया और मानव सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक श्रीमान किशन प्रजापति,द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति,मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉ. एम.पी. गंगवार,ब्लड बैंक के सह प्रभारी सवाहत हुसैन, प्रांत संयोजक,दिग्विजय नाथ तिवारी ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक श्री किशन प्रजापति सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति ने कहा कि पूरे देश का गौरव भगवान राम है,तो देश का गौरव रहेगा। इस भावना के साथ कार्य करना चाहिए। 1984 में एक यात्रा निकाली थी।÷राम जानकी यात्रा÷ अयोध्या से लखनऊ जानी थी,उस समय का प्रशासन अलग विचार का था जिन्होंने यात्रा निकालने से मना किया। लेकिन संतो ने आवाहन किया कि राम जी की यात्रा चलेगी। यात्रा के लिए देश का युवा आगे आया,यात्रा के लिए साथ आया और जब यात्रा संपन्न हुई। क्योंकि राम जी का काम होना है तो हनुमान जी तो आएंगे ही,हनुमान जी के बिना काम पूरा नहीं होता इसलिए संगठन की स्थापना हुई और नाम हुआ ÷बजरंग दल÷। हुतात्मा दिवस हमें उन महान हुतात्माओं जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी उनके त्याग,बलिदान एवं समर्पण को स्मरण कराता है,जिन्होंने समाज और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान देने का सबसे बड़ा माध्यम है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। संगठन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। रक्त संग्रह की व्यवस्था ब्लड बैंक एवं चिकित्सकीय टीम के सहयोग से की गई। रक्तदाताओं का पंजीकरण एवं आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। रक्त दान शिविर में 51यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर,मंत्री धर्मेंद्र सिंह,सह मंत्री प्रदीप प्रजापति व राहुल कनौजिया,जिला संयोजक बजरंग दल हर्षित गुप्ता,प्रांत सह संयोजक राहुल सिंह,प्रांत मिलन प्रमुख बजरंग दल हरीश प्रजापति,प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख सुधीर सिंह सहित प्रांत, विभाग,महानगर,ग्रामीण व परशुरामपुरी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेड क्रॉस शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। विगत दिनों पूर्व इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, के कार्यालय में एलिम्को कानपुर एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से आयोजित चयन शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को 31 अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी/ अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्या विकास अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी की उपस्थिति में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित



कीं। विगत दिनों पूर्व इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, शाहजहांपुर के कार्यालय में एलिम्को कानपुर की डॉ. स्मृति सोनी के नेतृत्व में पात्र दिव्यांगजनों का चयन किया गया था। इस अवसर पर रेड क्रॉस सचिव डॉ. विजय जोहरी सहित अवनीश सक्सेना ब्रजेश गुप्ता आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। डॉ. विजय जोहरी ने बताया कि जरूरतमंद दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक सोमवार को रेड क्रॉस कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। रेड क्रॉस स्वयंसेवक संबंधित विभागों से समन्वय कर सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे।

इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल और आचार्य नरेंद्र देव के चित्र पर किया माल्यार्पण



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के शहादत दिवस तथा सरदार वल्लभभाई पटेल एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती के अवसर पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन, टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने तीनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके जीवन, संघर्ष, विचारों एवं देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि इंदिरा गांधी जी का संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देशहित में अपने प्राणों का बलिदान दिया। सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं आचार्य नरेंद्र देव जी ने अपने विचारों और सिद्धांतों से भारतीय राजनीति एवं समाज को नई दिशा दी। इन महान विभूतियों का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए देश की एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष तक्कीम हसन खान,पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित,प्रदेश सचिव अनूप वर्मा,पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह,निरंजन गर्ग, सुरेश चंद्र शुक्ला,पूनम पांडेय,बिंदेश्वरी राज,रामजी अवस्थी,रफी उल हसन, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, संजय सक्सेना,सुशील प्रकाश शर्मा, एम के त्रिपाठी, अखिलेश पाल,अदीब अहमद,सय्यद रहमान,परवेज अहमद,मौजूद रहे।

विकराल हुई जाम की समस्या, मुख्य चौराहे पर कभी भी हो सकती है दुर्घटना

जाम को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति हो सकती है गंभीर

स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)। नगर की मुख्य सड़कों और चौराहों पर तिराहों पर लगने वाला भीषण जाम अब विकराल रूप लेता जा रहा है जनता की लाख कोशिशें और मिन्नतों के बाद भी जाम का कोई स्थाई हल नहीं निकल पाया है जिसकी वजह से प्रतिदिन नगर वासियों को जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है। नगर के मुख्य चौराहे की यदि हम बात करें तो सुबह 7ः00 बजे से लेकर देर शाम 8ः00 बजे तक नगर की जनता जाम से जूझती रहती है इस दौरान ड्यूटी पर लगे होमगार्ड और ट्रैफिक पुलिस के जवान काफी प्रयास करने के बाद भी जाम से



चौराहे को मुक्त नहीं कर पा रहे हैं ऐसी परिस्थितियों में कुछ पैसेंजर वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाना जाम से मुक्ति दिलाने में अहम रोल अदा कर सकता है। जैसे ई-रिक्शा का संचालन नगर के मुख्य चौराहे से दूर रखा जाए तो किसी हद तक जाम की समस्या से मुक्ति मिल सकती है लेकिन मुख्य चौराहे पर खंडहर रोड, फर्रुखाबाद रोड, बरेली रोड एवं तहसील रोड की ओर मुंह करके सवारियां भरने वाले ई-रिक्शा संचालक जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति को जाने वाले धान और मूंगफली से भरे ट्रैक्टर ट्राली जाम का कारण बन जाते हैं वहीं कटरा-बिल्सौर स्टेट हाईवे पर गुजरने वाले 18 टायरा 20 टायरा बड़े-बड़े कंटेनर और वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं। जाम से मुक्ति पाने के लिए लोगों का मानना यह भी है कि कृषि उत्पादन मंडी समिति का पूर्वी गेट खुला रखा जाए और गुनारा मोड़ से कृषि वाहनों को ईदगाह रोड से निकाला जाए तो भी जाम से किसी हद तक निजात पाई जा सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि नगर का मुख्य चौराहा जब तक जाम मुक्त नहीं किया जाता तब तक सड़कों पर जाम बदस्तूर लगता रहेगा और लोगों को कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ेगा। इधर हम नगर पालिका प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों की बात करें तो किसी ने भी इस गंभीर जन समस्या को समाप्त कराने के लिए अभी तक तत्परता नहीं दिखाई है और ना ही इसके लिए कोई गाइडलाइन तय की गई है। एक या दो सुरक्षाकर्मी या एक ट्रैफिक पुलिस का सिपाही चौराहे पर खड़े होकर जाम को रोकने का तात्पर्य ऊंट के मुंह में जीरा है। सवारी के इंतजार में चौतरफा सड़कों पर ई-रिक्शाओं की लगने वाली लंबी-लंबी कतारें जाम को बढ़ावा दे रही हैं।

आरके सिन्हा के निधन से चित्रांश समाज में शोक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर। कायस्थ समाज के गौरव, सम्माननीय चित्रांश सपूत एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले डॉ. आर.के. सिन्हा के निधन से चित्रांश समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से कायस्थ समाज ने अपना एक प्रतिष्ठित नेतृत्वकर्ता, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत खो दिया है। आर.के. सिन्हा भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे तथा पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रख्यात उद्योगपति के रूप में भी उनकी विशिष्ट पहचान रही। उनके निधन पर चित्रांश गौरव प्रेरणा स्मृति फाउंडेशन, शाहजहाँपुर के तत्वावधान में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विजय



जौहरी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में जनपद के कायस्थ समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों एवं सदस्यों ने सहभागिता कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि आर.के. सिन्हा का व्यक्तित्व पूरे कायस्थ समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय रहा है। उन्होंने पत्रकारिता से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और आगे चलकर उद्योग, राजनीति तथा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायस्थ समाज को एक विशेष दिलाया। भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहते हुए उन्होंने संगठनात्मक कार्यों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. जौहरी ने कहा कि चित्रांश गौरव प्रेरणा स्मृति फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के गौरवशाली व्यक्तित्वों एवं महापुरुषों के योगदान को स्मरण करना, नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा देना तथा सामाजिक सेवा की भावना को मजबूत करना है। आर.के. सिन्हा जैसे व्यक्तित्वों का जीवन हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का मूल सिद्धांत मानवता की सेवा है और अंत्योदय की भावना समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याण का लाभ पहुंचाने का संदेश देती है। इन आदर्शों को आत्मसात कर जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची सामाजिक सेवा है। बैठक में कृपा शंकर सरोज श्रीवास्तव विनय जौहरी रमेश सकसेना अवनीश सक्सेना आशीष श्रीवास्तव आदि कई कायथ बंधुओं ने उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त की अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

आचार्य नरेंद्र देव व पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। स्थानीय टाउन हॉल स्थित सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं प्रख्यात समाजवादी चिंतक व स्वतंत्रता सेनानी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री मिथिलेश कुमार उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, सरदार पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी मंचासीन अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों



का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर अखण्ड भारत की मजबूत नींव रखी। उनका दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और राष्ट्रनिष्ठा आज भी देश के युवाओं के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शन है। साथ ही, आचार्य नरेंद्र देव के विचारों को स्मरण करते हुए उन्होंने शिक्षा, सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद श्री मिथिलेश कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल और आचार्य नरेंद्र देव का योगदान अतुलनीय है। भावी पीढ़ी को उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने दोनों महापुरुषों के ऐतिहासिक योगदान, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका और तत्कालीन भारत की चुनौतियों पर विस्तृत एवं ओजस्वी विचार व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रयागराज से पधारे वरिष्ठ अधिवक्ता श्री भानु भूषण जौहरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज के परिदृश्य में राष्ट्रीय एकता और समरसता को बनाए रखना ही इन महान विभूतियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन इतिहास प्रवक्ता श्री राम सिंह ने किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्री राजीव खन्ना ने पधारे हुए सभी अतिथियों, विद्वज्जनों, मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं के प्रति धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक ज्वाला प्रसाद बुद्ध पाल पाल सिंह संजय अग्निहोत्री राहुल सिंह सच्चिदानंद गुप्ता रामकुमार मौर्य आरती सिंह विशाल चंद्र केके सिंह श्रवण कुमार अक्षय सक्सेना कमल किशोर सुंदरलाल-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शाहजहांपुर आसपास

पानी के गड्ढे में मिला लापता अधेड़ का शव

थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य के निर्देशन में पुलिस ने घटनास्थल का कराया निरीक्षण फील्ड यूनिट ने जुटाए आवश्यक साक्ष्य शव पोस्टमार्टम को भेजा

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम कुआडांडा में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 29 अक्टूबर से लापता चल रहे 51 वर्षीय व्यक्ति का शव घर से करीब 100 मीटर दूर पानी के गड्ढे में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से गांव में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। सूचना मिलते ही थाना खुदागंज पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घटनास्थल पर आवश्यक पुलिस कार्रवाई शुरू की। ग्राम कुआडांडा निवासी हरीश सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह 29 अक्टूबर को बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे। रविवार सुबह करीब आठ बजे उनका शव घर से



लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित पानी के गड्ढे में पड़ा मिला। शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मृतक के पुत्र अवनीश सिंह ने थाना खुदागंज पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य के निर्देशन में थाना खुदागंज पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराने के साथ ही मामले की परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित आवश्यक जानकारी भी जुटाई और घटना की परिस्थितियों की जांच की। परिजनों की ओर से आशंका जताई गई कि हरीश सिंह संभवतः रात में शौच के लिए गए होंगे और इसी दौरान पैर फिसलने से पानी के गड्ढे में गिर गए होंगे। हालांकि पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाद थाना खुदागंज पुलिस ने गांव में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी नजर बनाए रखी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य के निर्देशन में पुलिस फोर्स ने मौके पर मौजूद रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं संभालीं और परिजनों तथा ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। पुलिस की ओर से घटनास्थल पर किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सतर्कता बरती गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के आधार पर मृत्यु के कारण की स्थिति और स्पष्ट होगी। घटना के संबंध में फिलहाल कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है और मौके पर कानून-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

घरेलू कलह के चलते सल्फास खाने की आशंका, दो बच्चों के सिर से उठा मां का साया

स्वतंत्र भारत पुवायां। क्षेत्र के गांव बड़ारू बिजला निवासी 30 वर्षीय विवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रेखा पुत्री हरिओम की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव भरतापुर निवासी भगवानदास पुत्र प्रेमराज के साथ हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं, जिनमें 10 वर्षीय बेटा अर्पित और सात वर्षीय बेटी प्रिया शामिल हैं। बताया गया कि रविवार सुबह करीब आठ बजे घरेलू कलह के चलते रेखा ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पुवायां के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दोपहर रेखा ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर पुलिस ने जांच की फील्ड यूनिट को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस द्वारा पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है।

मादक पदार्थ बिक्री को लेकर जमकर हंगामा

स्वतंत्र भारत भावलखेड़ा।
आरसी मिशन इलाके के नई बस्ती में मादक पदार्थ बिक्री को लेकर जमकर हंगामा हो गया। यहां एक युवक नया पुल के पास मादक पदार्थ बेंच रहा था उधर से गुजर रहे दो युवकों ने विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट कर दी। भीड़-भाड़ एकत्रित होने पर 112 नंबर पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर आरसी मिशन पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। क्षेत्र में मादक पदार्थ बिक्री का यह लगातार दूसरा मामला सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। रविवार को आरसी मिशन थाना क्षेत्र के नया पुल के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ बिक्री कर रहा था। तभी उधर से गुजर रहे गोविंद निवासी मोहल्ला रेती और परवेज निवासी मोहल्ला रेती ने विरोध किया। आरोपी ने अपने कई साथी बुला लिए और मारपीट करने लगे। इससे वहां मजमा लग गया। गोविंद की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और आरसी मिशन पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अकील निवासी नई बस्ती थाना रामचंद्र मिशन बताया। सीओ सिटी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि मामले में फत्तेपुर चौकी के प्रभारी जगतराम की ओर से आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक गंभीर घायल, रेफर

स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)। तेज रफ्तार कार ने पीछे से ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा टूट गया और चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना परशुरामपुरी के गांव गुनारा निवासी सलीम (35) पुत्र जमीर हसन ई-रिक्शा चलाकर घर का भरण पोषण करता है। रविवार को शाम 5ः00 बजे याकूबपुर तिराहे से वह बारह



पत्थर की ओर आ रहा था इसी दौरान पीछे से आई एक कार ने टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पलट गया और टूट गया सवारिया नहीं थी केवल ई-रिक्शा चालक ही सवार था जो सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को अस्पताल नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

मल्हार टाकीज के सामने गली में पहुंचे राधेश्याम खूब मची धूम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर । पवित्र कार्तिक मास में कृष्णानगर कॉलोनी के श्रीकृष्ण मन्दिर की प्रभातफेरी का स्वागत आज विवेक सहगल के परिजनों ने अपने आवास पर अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ किया । आज भोर में ही सहगल का परिवार कृष्णानगर के श्रीकृष्ण मन्दिर पहुंचे और वहाँ से किशोरी जू संग लड्डू गोपाल को भजन कीर्तन करते व रिझाते हुए अपने आवास पर लाये और बा?ी ही धूमधाम से पुष्पवर्षा के साथ स्वागत गीत गाकर स्वागत किया फिर पूजन किया गया और गणेश वन्दना के पश्चात सबसे पहले गौरव अरोरा ने नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गाया है, बांके बिहारी ने उसे अपना बनाया है भजन सुनाया फिर मोहन लाल ने दर्द मेरे दिल का मिटा क्यूँ नही देते बिहारी जी मुझे वृन्दावन बुला क्यों नहीं लेते भजन सुनाया फिर शिवांश गुप्ता ने सांवरे सांवरिया की प्यारी बन जाऊंगी मुरली की धुन सुन के मैं तो नाचूँगी गाऊंगी भजन सुनाया फिर मन चल बरसानो चलिए राधे राधे गायेंगे वहीं पे रह जाएंगे भजन गाया



और देवेन्द्र खुराना राधारानी को, दिल में बसाना कि दिल बरसाना हो गया भजन सुनाकर मस्ती बिखेरी फिर अंकित सचदेवा ने राधारानी नाम का रटन करते हुए महिमा बखानी और अंत में नवीन सचदेवा ने मैं तुम्हे कभी तो पाऊँगी, मेरे जन्मों के साथी सजन, मैं तुम्हे कभी तो पाऊँगी भजन सुनाकर उपस्थित महिलाओं को जमकर नृत्य करने पर विवश कर दिया तथा चोरी चोरी माखन खाय गयो री मैया तेरो कन्हैया भजन पर मटकी से निकाल निकाल कर टाफियां आदि भक्तों को बांटी गयीं और भजनों के दौरान महिलाएं एवं पुरुष भक्तों ने जमकर नृत्य किया फूलों की होली खेली गयी फिर आरती के बाद उपस्थित सभी भक्तों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया । मन्दिर कमेटी की तरफ से आशीर्वाद स्वरूप दी जाने वाली भेंट पार्षद लालू पुजारी, प्रधान सुशील नारंग व पंजाबी महासभा के संरक्षक संजय सेठी के द्वारा सहगल परिवार को दी गई और युवा समिति के जसवन्त जयसिंह की बेटी राधिका के जन्मदिन की बधाई भी गाई गई ।मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एड0 ने बताया कि कल की प्रभात फेरी का स्वागत जीवन कौशल(सेलिब्रेशन सदर) के परिवार द्वारा श्री कृष्ण मन्दिर पर ही किया जाएगा।उक्त अवसर पर रीना सहगल, भावना सहगल,अंशुल सहगल,राहुल सहगल, डॉ यूडी कपूर,चन्द्रशेखर खन्ना उर्फ धीरू,डॉ अनुज गोयल, डॉ नवीन अग्रवाल,रोमी आनंद, विजय तुली,अरुण खंडेलवाल,मनू खंडेलवाल, संजय गुप्ता पाइप वाले अमृतलाल एवं कृष्णा नगर मन्दिर कमेटी के सदस्यगण व सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे ।

दोपहिया वाहन चालकों को वितरित किए हेलमेट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन में यातायात माह नवंबर-2026 का भव्य शुभारंभ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को कम करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सभी लोग यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। निर्धारित



गति सीमा में वाहन चलाएं तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके परिवार की खुशियों की सुरक्षा है। सड़क सुरक्षा के प्रति प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, तभी सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकेगी। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा पुवायां रोड पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को हेलमेट वितरित किए गए तथा वाहनों पर यातायात जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाए गए। इस पहल के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व एवं सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पर अन्य वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी यातायात द्वारा जनपद में विगत समय में हुई सड़क दुर्घटनाओं, सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने आमजन को यातायात नियमों का पालन करने तथा हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य सुरक्षा उपायों को अपनी आदत में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा सड़क सुरक्षा के पांच प्रमुख स्तंभों (5श्र) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शिक्षा , प्रवर्तन, इंजीनियरिंग , आपातकालीन चिकित्सा सेवा एवं जनभागीदारी/मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आमजन, विशेषकर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, सड़कों एवं यातायात संकेतकों को सुरक्षित बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर, देवव्रत बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी नगर, शुभम वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, डॉ. विवेक मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिओम, एआरटीओ, अनिल कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, संजय कुमार कपूर, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सहित यातायात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

कुशवाहा ऑटो में हीरो उत्सव का भव्य शुभारंभ

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने फीता काटकर किया हीरो उत्सव का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर धनतेरस से पहले ही कुशवाहा ऑटो मिर्जापुर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। शनिवार को क्षेत्र के प्रतिष्ठित हीरो शोरूम कुशवाहा ऑटो में विशेष हीरो उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शोरूम के स्वामी वीरेंद्रपाल सिंह सहित शोरूम के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। 31 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक आयोजित हो रहे इस विशेष हीरो उत्सव में ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स के साथ मोटरसाइकिल जीतने का भी सुनहरा अवसर मिल रहा है। हीरो की नई मोटरसाइकिल और स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों के बीच



भारी उत्साह का माहौल है। धनतेरस से पहले ही शोरूम पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ शोरूम पर पहुंचकर अपने पसंदीदा मॉडल देख रहे हैं। बुकिंग के साथ-साथ वाहनों की बिक्री और डिलीवरी में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने हीरो उत्सव के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुशवाहा ऑटो की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। शोरूम स्वामी वीरेन्द्रपाल सिंह कुशवाहा व आशीष कुशवाहा ने मुख्य अतिथि पत्रकार शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय को फूल माला पहनाकर और स्टाफ ने फूल वर्षा कर स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संगम कार्यक्रम आयोजित

स्वयंसेवकों की नौ शाखाओं ने लिया भाग

स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निगोही नगर में संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नगर में चल रही शाखाओं , मिलन के स्वयंसेवकों ने एकत्र होकर शारीरिक एवं सामूहिक योग , व्यायाम के माध्यम से समाज को स्वस्थ, संगठित और अनुशासित बनाने का संदेश दिया । नगर रामलीला मैदान में रविवार को सुबह 6ः30 बजे सभी स्वयंसेवकों ने पहुंचकर अपनी-अपनी शाखों को लगाया जिसमें योग,व्यायाम,खेल खेल कर सभी स्वयंसेवकों ने शाखा पर कार्यक्रम संपन्न किया ! जिसके बाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक रवि कुमार ने बौद्धिक के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों, कार्यपद्धति, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के पांच परिवर्तन के महत्व को समझाया उन्होंने कहा कि संघ के द्वारा किए जा रहे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पांच परिवर्तन को अपने जीवन में अपने के लिए स्वयंसेवक नित्य प्रतिदिन शाखा में पहुंचकर समाज को संदेश दे रहे है । इनमें कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता,



स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य प्रमुख हैं। कुटुंब प्रबोधन के विषय में बताया कि परिवार के सभी सदस्यों को आपसी प्रेम, संस्कार और सामंजस्य के साथ रहना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा प्लास्टिक का उपयोग करना चाहिए जिसमें घर से निकलते समय हाथ में कपड़े का थैला होना चाहिए, नागरिक कर्तव्य , अनुशास प्रत्येक नागरिक को अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए । दोपहिया , चारपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का विशेष यातायात नियमों और सुरक्षा सावधानियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वहीं सामाजिक समरसता समाज के सभी वर्गों को आपसी सद्भाव, सहयोग और समानता के भाव से जोड़ने का संदेश दिया । अंत में कहा कि संघ की शाखा केवल शारीरिक गतिविधियों का केंद्र नहीं बल्कि व्यक्ति निर्माण,अनुशासन,संस्कार और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का माध्यम है । शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में संगठन, एकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत होता है । इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने प्रार्थना की इस अवसर पर जिला प्रचारक चंद्रशेखर, सह जिला कार्यवाह विनोद कुमार, जिला प्रचार प्रमुख राजा भईया, जिला बौद्धिक प्रमुख भूपेंद्र सिंह, विभाग शारीरिक प्रमुख कौशल सिंह, सह जिला संपर्क प्रमुख श्याम सुंदर, जिला शारीरिक प्रमुख विनय सिंह, सह विद्यार्थी प्रमुख सुमित सक्सेना, नगर कार्यवाह अनुज सिंह, खंड नगर प्रचारक गिरिराज एवं महानगर कार्यवाह नवनीत कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

अटल बिहारी बाजपेई आडिटोरियम में वृहद विधिक साक्षरता शिविर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ''मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूता सेवा शिविर'' कार्यक्रम का आयोजन ''अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम,' में किया गया, जिसका उद्घाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूता सेवा शिविर में लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि इस मेगा शिविर का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक विविन्न सरकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी एवं विधिक सहायता की जानकारी तथा उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास है कि आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों के कारण कोई भी पात्र व्यक्ति न्याय एवं विधिक सहायता से वंचित न रहे। उक्त शिविर में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-तृतीय द्वारा सभागार में उपस्थित सभी लाभार्थियों को अपने सम्बोधन में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। ए0डी0एम0 अरविन्द कुमार जी ने लाभार्थियों को अपने सम्बोधन में कई महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया तथा जागरूक होकर सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेन्द्र कुमार द्वारा सभी लाभार्थियों को कानून के विषय पर जानकारी प्रदान की तथा मिशन शक्ति अभियान एवं ट्रैफिक के मूल नियमों पर जानकारी भी प्रदान की गयी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने युवाओं को कौशल विकास और आईटीआई से जु?ी सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह युवा हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और रोजगार के नए अवसरों से जु? सकते हैं। चिकित्सा विभाग से आए डॉ0 करन सिंह ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाले मुफ्त इलाज और दिव्यांग लाभार्थियों के



लिए संचालित सरकारी सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पात्र लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने और दिव्यांगजन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की अपील की। लेबर ऑफिसर राजेश सिंह ने श्रमिकों और कामगारों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने श्रमिकों को श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराने और बच्चों की छात्रवृत्ति, विवाह सहायता तथा दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। प्रताप नारायण जी ने अपने विभाग से सम्बन्धित सोलर पैनल व उसमें मिलने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी प्रदान की। केन्द्रीय बार संघ अक्ष्यक्ष सरनाम सिंह यादव जी ने मेगार शिविर कार्यक्रम के भव्य आयोजन की प्रशंसा की गयी। इसके अतिरिक्त बैंक ऑफ ब?ैदा के लाभार्थियों को चेक वितरण किया गया तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, डाक विभाग, महिला सशक्तिकरण विभाग तथा अन्य विभागों की तरफ से जनपद न्यायाधीश द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरित किये गये। कार्यक्रम के उपरान्त माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों/प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा स्टालों से वस्तुओं का क्रय भी किया किया गया। निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों की भी? उमी? रही। इस मेगा शिविर में लगभग 38 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूता सेवा शिविर कार्यक्रम के उपरान्त नोडल अधिकारी श्री शिव कुमार-तृतीय द्वारा सभागार में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर श्रीमती अपेक्षा सिंह द्वारा किया गया। मेगा शिविर कार्यक्रम में माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम श्री सुरेश कुमार शर्मा एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण व अधिक संख्या में लाभार्थी तथा छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। उक्त मेगा शिविर कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर के समस्त एल0ए0डी0सी0एस0, समस्त स्टॉफ, समस्त पी0एल0वी0 का विशेष सहयोग रहा।

लखीमपुर खीरी

किशनपुर अभयारण्य में नए पर्यटन सत्र का शुभारंभ

- पहली सफारी में दिखा बाघ

स्वतंत्र भारत



बिजुआ-खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व के किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य में रविवार को नए पर्यटन सत्र 2026-27 का शुभारंभ हुआ। भीरा वनरेंज में डीएफओ और किशनपुर वन क्षेत्राधिकारी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के बाद संयुक्त रूप से फीता काटकर सैलानियों के लिए जंगल के द्वार खोल दिए।

सुबह से ही भीरा और किशनपुर दोनों प्रवेश द्वारों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वन विभाग की ओर से विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया। डीएफओ ने भीरा रेंज में, जबकि किशनपुर वन क्षेत्राधिकारी ने किशनपुर रेंज में पर्यटकों से भरी पहली जिप्सी को हरी झंडी दिखाकर जंगल के लिए रवाना किया। नए पर्यटन सत्र के पहले ही दिन प्रकृति ने पर्यटकों को खास तोहफा दिया। किशनपुर में पहली सफारी के दौरान ही पर्यटकों को बाघ के दीदार हो गए। अचानक बाघ के रास्ते पर आ जाने से जिप्सी में सवार पर्यटकों में रोमांच और खुशी की लहर दौड़ गई। सैलानियों ने इस पल को अपने कैमरों में कैद किया।

वन विभाग और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों ने पहली सफारी में बाघ दिखने को पूरे सत्र के लिए शुभ संकेत बताया। उनका कहना है कि इससे दुधवा आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। इस अवसर पर डीएफओ, किशनपुर रेंजर, भीरा रेंज के अधिकारी-कर्मचारी, गाइड, जिप्सी चालक और बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी पर्यटक मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मानसून के बाद जंगल के सभी रास्तों, निगरानी मीनारों और रपटों-पुलों की मरम्मत करा दी गई है।

विस चुनाव को लेकर सीए अंशुल दीक्षित ने प्रस्तुत किया आवेदन



स्वतंत्र भारत

निघासन-खीरी। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में निघासन विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी सीए अंशुल दीक्षित ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अपने समर्थकों के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत किया।सीए अंशुल दीक्षित लंबे समय से निघासन विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रहे हैं। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और क्षेत्रीय गतिविधियों में उनकी भागीदारी सामने आती रही है।आवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद क्षेत्र में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, पार्टी की ओर से आगामी चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन को लेकर अंतिम निर्णय अभी बाकी है।गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बड़े पैमाने पर टिकट बदलने की योजना बना रही हैं बीजेपी 150 से 200 मौजूदा विधायकों के टिकट काटेगी पार्टी दो बार इंटरनल सर्वे करा चुकी है 2022 में बीजेपी ने 104 टिकट काटे थे, जिसमें नए चेहरों का स्ट्राइक रेट 77% रहा था इसी के चलते निघासन विधानसभा में टिकट बदलाव की चर्चा तेज है

पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



स्वतंत्र भारत

मितौली-खीरी। विकासखंड मितौली क्षेत्र के ग्राम कैमा-निमचेनी में विराट पांच कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मां गायत्री के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक संयोजक नकहा त्रिमोहन लाल वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। पीत वस्त्र धारण कर सिर पर जल कलश रखे माताएं-बहनें श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए निमचेनी गांव के निकट पिरई नदी पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरा। इसके बाद यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की गई। यात्रा के दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वान आचार्य अमरपाल ने कलश यात्रा में शामिल माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। उन्होंने गायत्री परिवार के उद्देश्यों और यज्ञ के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ एवं आध्यात्मिक साधना से व्यक्ति के जीवन में सद्बुद्धि, सद्भावना और सकारात्मक विचारों का विकास होता है। आयोजकों ने बताया कि युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण तथा ऋषि परंपरा के मार्गदर्शन में आयोजित इस महायज्ञ का उद्देश्य मानव जीवन में सद्बुद्धि, सद्भावना और सत्कर्मों की प्रेरणा जागृत करना है। आयोजन के माध्यम से मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग जैसी परिस्थितियों का निर्माण तथा समाज में सुख-शांति और समृद्धि की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर धर्म एवं समाज कल्याण के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है।

1 नवंबर, रविवार को सुबह 10 बजे मंगल कलश यात्रा और शाम 7 से रात 10 बजे तक संगीत एवं प्रवचन होंगे। 2 नवंबर, सोमवार को सुबह 7 से 10 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं सर्वतोभद्र पूजन तथा शाम को संगीत एवं प्रज्ञा पुराण कथा होगी। 3 और 4 नवंबर को सुबह गायत्री महायज्ञ और शाम को संगीत एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा। 5 नवंबर, गुरुवार को सुबह गायत्री महायज्ञ, पूर्णाहुति एवं कन्या भोज तथा शाम 7 से रात 10 बजे तक प्रवचन एवं दीप महायज्ञ होगा।

पीएचसी राजगढ़ का सीएमओ ने किया निरीक्षण



लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)। अर्बन पीएचसी राजगढ़ का रविवार को सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के अंतर्गत आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही थीं, जहां डॉ. राहुल सिंह द्वारा लगातार मरीजों की जांच की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था पाई गई और आवश्यक दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित मिली। इस आरोग्य मेले में मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच और जीवन रक्षक दवाइयों जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इस दौरान उनके साथ डीपीएम अनिल यादव भी मौजूद थे।

गुलौली गौशाला में पशुओं की संख्या को लेकर उठे सवाल

स्वतंत्र भारत

मोहम्मदी-खीरी। विकास खंड मोहम्मदी की ग्राम पंचायत गुलौली स्थित अस्थायी गौशाला में पशुओं के रखरखाव और उनकी संख्या को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गौशाला में मौजूद पशुओं की संख्या और रजिस्टर में दर्ज संख्या में अंतर बताया जा रहा है।

ग्रामीणों का दावा है कि रजिस्टर में करीब 90 पशु दर्ज हैं, जबकि मौके पर इनकी संख्या इससे कम है। आरोप है कि पिछले पांच माह से अभिलेखों में पशुओं की संख्या पूरी दिखाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं की मृत्यु के बाद भी रजिस्टर में उनकी प्रविष्टियां जारी हैं। इससे शासन की ओर से चारा आदि के लिए मिलने वाली धनराशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, मृत पशुओं की संख्या का अंतर पूरा करने के लिए आनन-फानन में अन्य पशुओं की व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीणों ने गौशाला का भौतिक सत्यापन कराने, पिछले पांच माह के पशुओं की संख्या से संबंधित रजिस्टर और चारा वितरण अभिलेखों की जांच कराने तथा पशु चिकित्साधिकारी से मृत पशुओं का विवरण मिलान कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी मोहम्मदी और जिलाधिकारी खीरी से शिकायत कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जांच से वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

शपथ ग्रहण समारोह में पत्रकारों ने ली एकजुटता की शपथ

स्वतंत्र भारत, मोहम्मदी-खीरी। नगर की दीनदयाल पुरम कॉलोनी में ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी शामिल हुए। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा और ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में पत्रकारों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि अनुराग एम. सारथी ने उपस्थित पत्रकारों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान पत्रकारों की एकजुटता, संगठन की मजबूती और उनके सम्मान को लेकर उत्साह दिखाई दिया। समारोह के माध्यम से पत्रकारों को संगठन के प्रति समर्पण और एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

प्रतिबंधित वन उपज बेचते युवक को वन विभाग की टीम ने पकड़ा

बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)। जनपद लखीमपुर-खीरी के दुधवा टाइगर रिजर्व से सटे भीरा वनरेंज क्षेत्र के कस्बा भीरा में शनिवार को वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित वन उपज धरती के फूल बेच रहे एक युवक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वन विभाग की टीम शनिवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान कस्बा भीरा में एक युवक प्रतिबंधित धरती के फूल की बिक्री करता मिला। यह वन उपज वन अधिनियम के तहत प्रतिबंधित श्रेणी में आती है, जिसके संग्रहण और विक्रय पर रोक है। टीम ने युवक को मौके पर पकड़ लिया और पूछताछ के लिए भीरा वनरेंज कार्यालय ले आई। वनरेंज कार्यालय में युवक से पूछताछ की गई और वन उपज कहां से लाई गई, इसकी जानकारी ली गई। वन क्षेत्राधिकारी के अनुसार, युवक को वन अधिनियमों की जानकारी देकर चेतावनी दी गई और नियमानुसार जुर्माना लगाकर छोड़ दिया गया। साथ ही उसे दोबारा इस तरह की गतिविधि न करने की हिदायत दी गई।



परीक्षा के दिन सेंटर बदले जाने से परीक्षार्थी हुआ परेशान

लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में परीक्षा नियामक प्राधिकारी की लापरवाही का खामियाजा छात्रों और अभिभावकों को भुगतना पड़ा। परीक्षा केंद्र में बदलाव की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के बाद अभ्यर्थी को जानकारी हुई कि उसका केंद्र बदल दिया गया है। मामला मैलानी के संचित अग्रवाल पुत्र अतिन अग्रवाल का है। मैलानी कस्बा निवासी पीड़ित पिता अतिन अग्रवाल के अनुसार, पांच दिन पहले वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया गया था, जिसमें परीक्षा केंद्र धर्मसभा इंटर कॉलेज, लखीमपुर दर्शाया गया था। रविवार सुबह वह अपने बेटे संचित को लेकर मैलानी से करीब 80 किलोमीटर दूर बस से लखीमपुर परीक्षा केंद्र पहुंचे। वहां गेट पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि इस अनुक्रमांक का कोई परीक्षा केंद्र यहां नहीं है। इसके बाद पिता अतिन ने दोबारा वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड किया तो उसमें परीक्षा केंद्र बदलकर 35 किलोमीटर दूर गोला गोकर्णनाथ स्थित कृषक समाज इंटर कॉलेज कर दिया गया था। बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक परीक्षा केंद्र बदले जाने से पिता-पुत्र को लखीमपुर से गोला तक 35 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर आनन-फानन में तय करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद पीलीभीत की दिशा में जा रही रोडवेज बस के चालक से अनुरोध किया, तब जाकर वे गोला परीक्षा केंद्र पहुंचे और संचित परीक्षा दे सका।

सपा कार्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

स्वतंत्र भारत



लखीमपुर-खीरी। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल महान नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए कड़ा संघर्ष किया और महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री बने। वह महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और एकता के सिद्धांतों से प्रभावित थे। उन्होंने सदैव देश की एकता, अखंडता, समानता और समाजवाद के लिए संघर्ष किया। उनकी जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि लौह पुरुष के कड़े संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्र भारत मिला। इसकी आजादी और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।

इस अवसर पर पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व मंत्री डॉ. आरए उस्मानी, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व प्रत्याशी वरुण चौधरी, पूर्व प्रत्याशी प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, पूर्व जिलाध्यक्ष मो. कयूम खां, सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा, संदीप वर्मा, जेबी सिंह, वीरेंद्र वर्मा, महेश कनौजिया, राजेश भार्गव, आरपी चौधरी, डॉ. श्रीकृष्ण राज, पुष्पक वर्मा, प्रीतम वर्मा सहित फहीम अहमद, भंडारी यादव, विकास यादव, अनूप यादव, इसरार अहमद, भरत लाल कश्यप, उदय भान सिंह यादव, मो. अफजाल, पम्मू वर्मा, अनुपम वर्मा, सोहराब गौरी, संजय वर्मा, शेखावत, आरिफ, शानुल हसन, इमरान रजा, त्रिभुवन सिंह सेंगर, ओम प्रकाश यादव, मजिस्टर यादव, संदीप यादव, गगन शर्मा, मंगल यादव, नेत्र प्रकाश मिश्रा, विनोद कश्यप, मनोज वर्मा, दाताराम भार्गव, खुशीराम भारती, त्रिलोक सिंह, जगतपाल, वारिस अली, कामिल खां, अभिषेक चौरसिया, रामजीवन यादव, लल्लन वर्मा, अब्दुल मन्नान उस्मानी, गुरुदेव सिंह, गुरुनवाज और विपिन वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ



निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)। विधानसभा क्षेत्र निघासन के चंद्रगुप्त नगर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी देवेंद्र कुमार पांडेय पहुंचे। श्री बालकराम लोधी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर हनुमान जी का पूजन किया और फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद टॉस कराकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। भाजपा नेता देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'खेलो इंडिया' मुहिम के तहत निघासन के हर गांव और गली से प्रतिभावान खिलाड़ी निकलें, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन करें। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद लोधी, पूर्व प्रधान दिग्विजय गुप्ता, चंदन लोधी, पवन कटियार, रवि राजपूत, सुशील लोधी, प्रमोद कनौजिया, परमेश्वर कश्यप, अंकुल अवस्थी, सोनू गिरी सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारी मनसा राम मौर्य को दी भावभीनी विदाई

स्वतंत्र भारत



मितौली-खीरी। जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली में 31 अक्टूबर 2026, शनिवार को एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी मनसा राम मौर्य के सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके लंबे सेवाकाल, उत्कृष्ट कार्यशैली, सकारात्मक सोच और सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के आयोजन के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर मनसा राम मौर्य ने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं सहयोगियों को चॉकलेट और पेन भेंट किए। वहीं, सायंकाल उनके आवास पर विद्यालय के समस्त कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बाहर से आए अतिथियों की उपस्थिति में आत्मीय विदाई समारोह एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने मनसा राम मौर्य के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साथ बिताए यादगार पलों को साझा किया। वक्ताओं ने कहा कि मनसा राम मौर्य सकारात्मक सोच, शांत स्वभाव, मधुर व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा के धनी व्यक्ति हैं। संगीत के प्रति उनकी साधना और बहुमुखी प्रतिभा ने विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम को विशेष पहचान दिलाई है।

विद्यालय में आयोजित कला उत्सव सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में उनके सहयोग और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रमों को सफल बनाने में उनकी सूझबूझ, कार्यकुशलता और पर्दे के आगे तथा पीछे समान रूप से सक्रिय भूमिका सदैव सराहनीय रही है। विद्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। वक्ताओं ने कहा कि मनसा राम मौर्य ने संस्था के प्रति लगाव, सहयोगी आचरण और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा को सदैव सर्वोपरि रखा। विद्यालय के कार्यों के लिए उन्होंने अपने व्यक्तिगत समय का भी समर्पण किया। उनके व्यक्तित्व में प्रसन्नता, शालीनता, मानवता और सकारात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। एकता दिवस के अवसर पर आयोजित यह विदाई समारोह विशेष रूप से भावुक कर देने वाला रहा। मनसा राम मौर्य न केवल विद्यालय में, बल्कि अपने परिवार में भी एकता और सद्भाव के संवाहक के रूप में स्थापित हैं।

समारोह में पहुंचे उनके परिवार के सभी अग्रजों एवं अनुजों का विद्यालय परिवार की ओर से सादर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मनसा राम मौर्य द्वारा आयोजित रात्रिभोज के लिए विद्यालय परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुस्तकालय शिक्षक अजित कुमार सिंह के सार्थक प्रयासों की विशेष प्रशंसा की गई। साथ ही प्रभारी प्राचार्य, वरिष्ठ शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के सहयोग के प्रति आभार जताया गया।

लखनऊ की पदयात्रा में जिले से पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल

स्वतंत्र भारत



लखीमपुर-खीरी। लखनऊ में तीन नवंबर को आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विशाल पदयात्रा में जिले से पांच हजार कार्यकर्ता शामिल होने के लिए लखनऊ जाएंगे। इसको लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने जिला पदाधिकारियों और मोर्चा अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र को खत्म करने के लिए अराजकता फैलाकर देश का माहौल खराब करना चाहता है। इसी के विरोध में भाजपा लखनऊ में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा आयोजित कर रही है। इसमें जिले के सभी मंडलों से कार्यकर्ता चौपहिया वाहनों और बसों से लखनऊ पहुंचकर शामिल होंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंडल से 25 चौपहिया वाहनों और तीन बसों में कार्यकर्ता तीन नवंबर को लखनऊ पहुंचेंगे और पदयात्रा में भाग लेंगे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

सावधानी की जरूरत

दिवाली का त्योहार नजदीक आने के साथ पटाखों का इस्तेमाल फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है। इन्हें छुड़ाने के तौर तरीके, इससे होने वाले नुकसान और उन्हें रोकने के उपाय, पुलिस-प्रशासन की जिम्मेदारी तथा आम लोगों में जागरूकता जैसी बातों पर हर साल व्यापक चर्चा होती है जो इस बार भी शुरू हो गई है। कई लोगों का सुझाव रहता है कि इन पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाए। लेकिन सवाल यह है कि क्या इसे उपयुक्त कदम माना जा सकता है। विशेष रूप से परंपराओं और उनसे जुड़ी जनभावनाओं को देखते हुए क्या यह उचित होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी व्यावहारिक बात कही है। उसका कहना है कि वह पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उसे जनभावनाओं का भी एहसास है। लेकिन उसने यह भी कहा है कि इसका संबंध हर जीवित प्राणी से है। प्रतिबंध की जगह उसने नियंत्रण पर जोर देते हुए कहा है कि अधिकारियों को इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी होगी। हम हर साल संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन सभी का सहयोग नहीं मिलने पर ऐसा संभव नहीं हो पाता। कोर्ट ने अब तक दिए गए आदेशों को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जाता, तब तक आदेश और निर्देश जारी करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि ऐसा नहीं होने पर यह मजाक बन कर रह जाता है। कोर्ट की बात के अलावा भी देखें तो यह साफ है कि पटाखों के इस्तेमाल पर जागरूकता का कुछ प्रचार-प्रसार होने के बावजूद इनकी खपत में खास कमी नहीं आई है। इसलिए इनके अवैध निर्माण का कारोबार भी इन दिनों तेजी के साथ फलता-फूलता है। यह व्यवस्था की कमी है कि इन पर सख्ती के साथ रोक नहीं लगाई जाती है। सभी लोग जानते हैं कि फुलझड़ी, अनार और हल्की आतिशबाजी के अलावा तेज धमाके वाले पटाखे ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलाने के साथ जीवन के लिए भी खतरनाक होते हैं। विडंबना यह है कि अब बड़ी संख्या में बच्चे तो जागरूकता अभियानों से सीख लेकर अपने ऊपर संयम और नियंत्रण रखने लगे हैं लेकिन तमाम युवा अभी भी बेखौफ होकर जबर्दस्त धमाकों की आवाज के रोमांच में ही फंसे रहते हैं। इसका नतीजा उन्हें खुद या उनके आसपास के लोगों को भुगतना पड़ता है। यह संवेदना के ह्रास की ही स्थिति तो होगी। इसलिए जरूरी है कि धमाकेदार पटाखों का इस्तेमाल रोकने के लिए जागरूकता अभियानों को और आगे बढ़ाया जाए। साथ ही, धमाकों का कारोबार करने वालों के खिलाफ अब तक दिए गए आदेशों पर सख्ती से अमल किया जाए तो तमाम दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों से बचा जा सकेगा। इस लिहाज से आने वाले दिन इम्तहान के होंगे। इसकी जगह हरित पटाखों का इस्तेमाल ज्यादा सही होगा।

सुरक्षित रक्त

अस्पतालों में इलाज के दौरान अक्सर खून की जरूरत पड़ती है। इसे पूरा करने के लिए ही ब्लड बैंक स्थापित किए गए हैं। मरीज को खून चढ़ाने के महत्व को देखते हुए ही रक्तदान को 'महादान' कहा गया है जिसके लिए समय-समय पर आमजनों से अपीलें भी की जाती हैं। चूंकि खून सीधे शरीर में चढ़ाया जाता है, इसलिए जरूरी है कि यह शुद्ध तथा संक्रमण से मुक्त हो जिससे कोई विपरीत प्रभाव न पड़ने पाए। यह शुद्धता व संक्रमणविहीनता सुनिश्चित करने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए जा चुके हैं और लगातार जांच अभियान भी चलाए जाते हैं। लेकिन इनका अपेक्षित असर नहीं पड़ रहा है। प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा इकतीस जिलों के इक्यासी ब्लड बैंकों के औचक निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियां मिली हैं जो चिंता पैदा करती हैं। नतीजा हुआ कि विभाग ने चौदह ब्लड बैंकों में रक्त और ब्लड कंपोनेंट्स की आपूर्ति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। ध्यान रखने की बात यह है कि खून को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित प्रावधानों में खून की गुणवत्ता, संक्रमण की अनिवार्य जांच, ब्लड कंपोनेंट्स के भंडारण, कोल्ड चेन, तापमान नियंत्रण, स्टॉक और डोनर रजिस्टर तक को जांचा जाता है। रक्त की तय कीमतों की भी जांच होती है। ये सब केवल इसलिए कि खून किसी भी वजह से हानिकारक न होकर मरीजों को नया जीवन देने में अपेक्षित रूप से सहायक हो सके। मौजूदा समय में जब अनेक कारणों से कई बीमारियां नए-नए जटिल रूप ले रही हैं, तब बड़ी संख्या में लोगों का जीवन भी चिकित्सकीय उपचारों के सहारे ही है। तब जरूरी है कि इसे पूरी तरह विश्वसनीय तथा दोषरहित रखा जाए। फिर भी अगर रक्त जैसी मूलभूत आवश्यकता को ही सुरक्षित न रखा जा सके तो इलाज कैसे कारगर हो सकेगा। ब्लड बैंकों में मिलने वाली कमियां किसी न किसी रूप में घातक हो सकती हैं। अतः यह जांच अभियान नियमित रूप से चलते रहना चाहिए तथा कड़ी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

काँव-काँव

♦♦♦

एसटीएफ ने खोलीं केजीएमयू में धर्मांतरण नेटवर्क की परतें

केजीएमयू में अब धर्मांतरण का इलाज एसटीएफ करेगा!

बुलेट ट्रेन मंजूर, लखनऊ से दिल्ली 2:12 घंटे में

ऐसे ही तरक्की करें, लखनऊ तय करता है दिल्ली की कुर्सी!

रिहा हुए आजम को ईडी ने जेल के गेट से किया गिरफ्तार

रिहाई की मुबारकबाद कुबूल करने का मौका तो दे देते!

जातिवाद और जिन्नावाद के खिलाफ लड़ना है : योगी

एनडीए के घटक दलों की जातिगत राजनीति से मत लड़िएगा!

देश से सबसे बड़ा खतरा सांप्रदायिक ताकतें : अखिलेश

भाजपा जातिवाद और जिन्नावाद को बड़ा खतरा बताती है!

शिवा के शरीर पर लिपस्टिक पोतकर किया था प्रताड़ित

हुस्न पर अंधी श्रद्धा रखने वाले सतर्क हो जाएं!

♦♦♦

नेतन्याहू के अपराजित होने का मिथक ध्वस्त

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया।



– तनवीर जाफ़री

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया। बेंजामिन नेतन्याहू का कहना था कि उनका उद्देश्य एक मज़बूत दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सरकार बनाना है। इस चुनाव का एक और आकर्षण अरब नेतृत्व वाली पार्टियां का 19 सीटों पर जीत दर्ज करना भी है । अरब लोग इस्राईल की कुल जनसंख्या का क़रीब 21 प्रतिशत हैं। इस्राईल के इतिहास में यह अरब पार्टियों का अब तक का ऐतिहासिक व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। जबकि गादी आइज़नकोट का मुख्य विपक्षी गठबंधन 48 सीटें जीत पाया है। माना जा रहा है कि किसी भी बड़े गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण अब इस्राईल में सरकार बनाने के गठबंधन की जोड़-तोड़ और बातचीत का लंबा दौर चल सकता है । निश्चित रूप से इन चुनाव परिणामों ने इस्राइली समाज के गहरे मतभेद उजागर किए हैं। इस्राईल में हुआ यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें यहूदी और अरब दोनों ही मतदाताओं की ओर से रिकॉर्ड संख्या में मतदान में हिस्सा लिया गया। इसके अतिरिक्त अनेक मतदाताओं ने हज़ारों डॉलर ख़र्च कर विदेशों से आकर मतदान में हिस्सा लिया। नेतन्याहू की पार्टी व उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल न होने के पीछे जो मुख्य कारण माने जा रहे हैं उनमें एक तो यह कि यह चुनाव एक ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुये जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। इसके अतिरिक्त नेतन्याहू पर 7 अक्तूबर से पहले इस्राईल की रक्षा करने में नाकाम रहने का भी आरोप है। विपक्षी नेताओं व समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा इसकी जांच की मांग भी होती रही है, लेकिन नेतन्याहू इस जांच के लिए कभी तैयार नहीं हुये। इसलिये इस्राईली समाज का एक बड़ा वर्ग 7 अक्तूबर की घटना को एक सुनियोजित व सत्ता प्रायोजित साज़िश के संदेह से भी इनकार नहीं करता। अब इस्राईल में नई सरकार बनाने को लेकर भी तरह तरह के क़यास लगाये जा रहे हैं। इतने अलग-अलग विचारों और राजनीतिक हितों को एक सरकार के रूप में साथ लाना अब इस्राईल की राजनीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार बनाने के लिये क्या नेतन्याहू अपने धार्मिक सहयोगियों को छोड़कर विपक्षी गुट के दक्षिणपंथी नेताओं के साथ गठबंधन बनाने के लिए तैयार होंगे? और क्या वे नेता, जो लंबे समय से नेतन्याहू के विरोधी रहे हैं, उनके साथ सरकार में शामिल होने के लिए तैयार होंगे? क्या विपक्षी गठबंधन अपने चुनावी वादों का बड़ा हिस्सा छोड़कर नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अरब पार्टियों के साथ सहयोग करने को तैयार है? और क्या अरब पार्टियां ऐसी सरकार में शामिल होने का जोखिम उठाएंगी, जो कुछ ही महीनों में गिर सकती हो ? यह सवाल इस्राईल के राजनैतिक भविष्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण हैं।

इस बीच इस्राइल के वरिष्ठ वामपंथी डेमोक्रेट नेता यायर गोलान ने विपक्षी गुट से अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि हमें अब नेतन्याहू द्वारा यहूदी और अरब वोटों के बीच किए जा रहे नस्लवादी विभाजन को स्वीकार नहीं करना चाहिए। चुनाव परिणामों और विश्लेषकों के रुख़ को देखें तो यह स्पष्ट है कि नेतन्याहू की कट्टर, ध्रुवीकरण करने वाली और अत्यधिक आक्रामक छवि ने उन्हें गंभीर राजनीतिक नुक़्सान पहुँचाया है। अक्टूबर 2023 के हमास हमलों के बाद से इस्राइल लगातार युद्ध की स्थिति में है। नेतन्याहू ने ईरान, गज़ा और लेबनान में 'सैन्य सफलताओं' को भुनाने की कोशिश भी की। लेकिन देश की जनता का एक बड़ा हिस्सा लगातार जारी युद्ध की अनिश्चितता, बंधकों की घर वापसी



में विफलता और देश के आर्थिक नुक़्सान से थक चुका था। इसी ने नेतन्याहू की 'अजेय सुरक्षा प्रदाता' वाली छवि को चोट पहुंचाई।

नेतन्याहू के मौजूदा गठबंधन में धुर-दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी वे यहूदी नेता भी शामिल थे, जिन्होंने वेस्ट बैंक में आक्रामक नीतियों को बढ़ावा दिया। इसके चलते इस्राइल के उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और यूरोपीय मूल के यहूदी नागरिकों में यह डर बढ़ गया था कि यह कट्टरता इस्राइल के लोकतांत्रिक ढांचे को ख़त्म कर रही है, जिससे तेल अवीव की सड़कों पर उनके ख़िलाफ़ भारी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान नेतन्याहू ने यहूदी राष्ट्रवादियों को एकजुट करने के लिए सोशल मीडिया पर आक्रामक बयानबाज़ी की और अरब नागरिकों पर 'चुनाव चुराने' का आरोप लगाया। नेतन्याहू के इस आक्रामक रुख़ ने डर पैदा करने के बजाय अरब मतदाताओं को एकजुट कर दिया, जिसके कारण उन्होंने रिकॉर्ड संख्या में बाहर निकलकर नेतन्याहू व उनके गठबंधन के ख़िलाफ़ वोट डाला। युद्ध के इस दौर में भी नेतन्याहू द्वारा कट्टरपंथी रूढ़ीवादी यहूदियों को सेना की अनिवार्य सेवा से छूट देना भी आम इस्राइलियों को रास नहीं आया, जो लंबे समय से मोर्चे पर लड़ रहे हैं। विपक्ष ने इसे भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था । इस्राईल के चुनाव परिणाम से यह संकेत भी साफ़ है कि नेतन्याहू ने भले ही अपनी लिकुड पार्टी को सबसे बड़े दल के रूप में बचा लिया हो, लेकिन उनकी आक्रामक और ध्रुवीकरण की राजनीति ने उनके विरोधियों और देश के अरब अल्पसंख्यकों को इस क़दर लामबंद कर दिया कि वे स्पष्ट बहुमत से 8 सीटें दूर रह गए। इसलिये कहना ग़लत नहीं होगा कि इस्राईल में बदलाव की चाहत रखने वाले और उनके कट्टर रवैये से असहमत लोगों ने उनके 'अपराजित' होने के मिथक को ध्वस्त कर दिया है।

।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

अथ अष्टादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

योगेश्वर कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य परिस्थिति के अनुसार ढलता ही रहता है। गुण स्वतः उन्हें ढालने में सक्षम हैं। भौतिकशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, तर्कशास्त्र वह गढ़ता ही रहता है। एक ही वस्तु ऐसी है जो मनुष्य नहीं जानता, नहीं पहचानता। जो है तो उसी के पास किन्तु उसे विस्मृत है। गीता सुनकर अर्जुन की वही स्मृति लौट आयी थी। वह स्मृति है परमात्मा की, जो हृदय-देश में होकर भी उससे बहुत दूर है। उसी को मनुष्य पाना चाहता है; किन्तु रास्ता नहीं पाता। केवल कल्याण-पथ से ही मनुष्य अनभिज्ञ है। मोह का आवरण इतना घना है कि उधर सोचने का समय ही नहीं मिलता। उन महापुरुष ने आपके लिये समय दिया है, उस कर्म को स्पष्ट किया है, जिसे करने का निर्देश गीता में है। गीता मुख्यतः यही देती है। भौतिक वस्तुएँ भी उससे मिलती हैं; किन्तु श्रेय की तुलना में प्रेय नगण्य हैं।

योग-प्रदाता- योगेश्वर श्रीकृष्ण के अनुसार कल्याण-पथ की जानकारी, उसका साधन और उसकी प्राप्ति सद्गुरु से होती है। इधर-उधर तीर्थों में बहुत भटकने या बहुत परिश्रम से यह तब तक नहीं मिलता, जब तक किसी सन्त द्वारा न प्राप्त किया जाय। अध्याय 4/34 में श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन! तू किसी तत्त्वदर्शी महापुरुष के पास जाकर, भली प्रकार दण्ड-प्रणाम कर, निष्कपट भाव से सेवा करके, प्रश्न करके उस ज्ञान को प्राप्त कर। प्राप्ति का एकमात्र उपाय है, किसी महापुरुष का सान्निध्य और उनकी सेवा। उनके अनुसार चलकर योग की संसिद्धिकाल में पायेगा। अध्याय 18/18 में उन्होंने बताया कि परिज्ञाता अर्थात् तत्त्वदर्शी महापुरुष, ज्ञान अर्थात् जानने की विधि और ज्ञेय परमात्मा - तीनों कर्म के प्रेरक हैं। अतः श्रीकृष्ण के अनुसार महापुरुष ही कर्म के माध्यम हैं, न कि केवल पुस्तक। किताब तो एक नुस्खा है। क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।
दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं तथा।।

जिस प्रकार अग्नि से जलता हुआ एक ही वृक्ष सारे वन को जला डालता है, उसी प्रकार एक ही कुपुत्र से सारा कुल कलंकित हो जाता है।

♦♦♦

दलील से पहले फ़ॉन्ट सुधारिए

हम जो पढ़ते हैं, वह सिर्फ़ वही नहीं होता जो लिखा गया है। वह इससे भी तय होता है कि कैसे छपा है। यह बात अख़बारों ने सौ बरस पहले समझ ली थी। अब, उपलब्ध समाचारों के अनुसार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ पीठ



– के. विश्वदेव राव

भी इसे अपने ढंग से स्वीकार कर रही हैं। यह आदेश इशारा करता है कि एक विशेष फॉन्ट में मुद्रित दलील कोई निर्दोष औज़ार नहीं, वह उस विश्वास का पहला दरवाज़ा है, जो कानूनी प्रक्रिया को रेखांकित करता है। फ़ाइलों के पहाड़ में धँसा न्यायाधीश हो या सुबह की चाय के साथ अख़बार पढ़ने वाला नागरिक, उसे पठनीय मसौदे से पहले कागज़ पर उकेरे अक्षरों को सुगमता से पढ़ने की सहूलियत चाहिये। पहले ख़बर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शिव किंकर सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व 2 अन्य के मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद ने आदेश दिया कि 12 नवंबर 2026 से अंग्रेज़ी में दाख़िल हर याचिका, शपथ-पत्र, प्रति-शपथ-पत्र और अपील 'टाइम्स न्यू रोमन' में, चौदह पॉइंट के आकार में और दोहरी पंक्ति-दूरी के साथ होंगी। मोटे अक्षर केवल संलग्नकों और सूची के लिए रहेंगे, तिरछे अक्षर केवल उद्धरण या अदालत और अधिनियम के नाम के लिए। प्रार्थना-खंड तिरछा हो ही नहीं सकेगा।

इस आदेश को घरेलू व्यवस्था की भाषा में लिखा गया है, यानी कागज़ चाहे भौतिक रूप में आए या इलेक्ट्रॉनिक, अभिलेख एक-सा दिखे। पर गौर करने की बात है कि अदालत का अपना पिछला निर्देश कुछ और था- आकार बारह, अक्षर 'एरियल' फॉन्ट में। यानी यह आदेश अपनी ही पुरानी भूल का मौन स्वीकार भी है। अब सवाल यह है कि अदालत को यह बात इतनी देर से क्यों सूझी, और अख़बारों को पहले क्यों? शायद इसलिए कि अख़बार का पाठक नाराज़ हो तो पन्ना पलट देता है, जबकि अदालत में मजबूरी है कि हर अक्षर उसे पढ़ना ही पड़ेगा। जिससे वो भाग नहीं सकता, उसकी थकान का हिसाब कोई नहीं रखता। टाइम्स न्यू रोमन फॉन्ट की जड़ें अख़बार से ही उपजी हैं। 1932 में लंदन के 'द टाइम्स' ने इसे दो इंच चौड़े संकरे स्तंभों और सस्ते, स्याही सोखने वाले न्यूज़प्रिंट के लिए अपनाया था। दो इंच में यह अक्षर चमकता है, छह इंच में बुझने लगता है। तंग गली के सिपाही को चौड़े क़ानूनी काग़ज़ के मैदान में उतारना वैसा ही है जैसे शहर के रिक्शे को राजपथ पर दौड़ा देना। इसी वजह से अमेरिका के सातवें सर्किट की मार्गदर्शिका के हवाले से कहा जाता है कि पेशेवर टाइपोग्राफ़र लंबे दस्तावेज़ों में इससे बचते हैं, और वहाँ का सर्वोच्च न्यायालय अपने नियमों में 'सेंचुरी' परिवार के फॉन्ट माँगता है।

फिर हमारी अदालत उसी की ओर क्यों जा रही है जिससे वे लोग दूर जा चुके हैं?

क्योंकि यहाँ प्रश्न सुंदरता का नहीं, एकरूपता का है। यह फॉन्ट लगभग हर कंप्यूटर में पहले से मौजूद होता हैं, और जहाँ नहीं है, वहाँ मिलते-जुलते विकल्प चल जाते हैं। झाँसी की कचहरी में बना मसौदा और लखनऊ के किसी कॉरपोरेट दफ़्तर का मसौदा एक-सा दिखेगा। हज़ारों फ़ाइलें निपटाने वाली रजिस्ट्री के लिए यह सुविधा किसी भी अक्षर-सौंदर्य से भारी है। यह तर्क हल्का नहीं है, पर इसकी क़ीमत कौन चुकाएगा, यह देखना भी ज़रूरी है। यथार्थ यह है कि आदेश आधी राह पर ठहरा हुआ लगता है। चौदह पॉइंट और दोहरी पंक्ति में सामान्य याचिका भी फूलकर मोटी हो जाएगी- ज़्यादा पन्ने, ज़्यादा फ़ोटोकॉपी, ज़्यादा जिल्द। फ़ॉन्ट पर अनुशासन हो और लंबाई खुली छूट पर, तो एक हाथ से आँख को राहत मिलती है और दूसरे हाथ से जेब पर भारी लगती है। अमेरिकी अपीली नियम इसीलिए फॉन्ट के साथ शब्द-सीमा भी बाँधते हैं, ताकि टाइपोग्राफ़ी के सहारे लंबाई चुपके से न घुसे। इलाहाबाद न्यायालय के आदेश को भी फ़ॉन्ट के साथ उचित शब्द-सीमा और पृष्ठ-सीमा तय करनी चाहिए, ताकि कागज़ की बर्बादी रुके और पढ़ने वाले की आँख और धैर्य दोनों बचें। हिंदी में दाख़िल किये जाने वाले मसौदे का प्रश्न और भी बड़ा है। आदेश के अनुसार देवनागरी के लिए कोई भी यूनिकोड अक्षर इस्तेमाल किया जा सकता है। पर देवनागरी के अक्षर मोटाई और ऊँचाई में एक-दूसरे से बहुत भिन्न होते हैं। जिस एकरूपता की बात आदेश करता है, वह यहीं सबसे पहले डगमगाएगी। बेहतर होगा कि हिंदी के लिए भी कोई स्पष्ट फॉन्ट और निश्चित आकार तय हो। 'मंगल' या 'अपराजिता' जैसे सर्वसुलभ अक्षर इस पर विचार का आरंभ-बिंदु हो सकते हैं, हालाँकि अंतिम चुनाव अदालत और विशेषज्ञों का काम है। और चूँकि अनुपालन की जाँच स्कैनिंग-शाखा में होगी, एक ग़लत पंक्ति-दूरी का अर्थ है लौटाई हुई याचिका, टला हुआ अंतरिम संरक्षण और किसी वकील की शाम जिल्द-बंदी की भेंट। यह मार सबसे ज़्यादा उन पर पड़ेगी जो ख़ुद अपनी पैरवी करते हैं, या जिनके दफ़्तर में परिपत्र पढ़ने वाला कोई मुंशी नहीं। इसलिए 12 नवंबर तक अनुपालन चाहने वाली अदालत को निर्देश के साथ एक नमूना पृष्ठ, फ़ाइलिंग-काउंटर पर जाँच-सूची और आपत्तियाँ शुरू होने से पहले थोड़ी रियायत भी देनी चाहिए। फिर भी एक बड़ी बात मान ली गई है। अदालत ने स्वीकार किया कि पन्ने की बनावट इस बात में शामिल है कि दलील कैसे ग्रहण की जाती है। मोटे, रेखांकित और तिरछे अक्षरों का जंगल वैसा ही है जैसे कोई कचहरी में चीख़कर बोले। स्वर जितना ऊँचा, विश्वास उतना कमज़ोर। जब सब कुछ ज़ोर देकर कहा जाए, तो कुछ भी ज़ोरदार नहीं रह जाता। अख़बार जानता है कि शीर्षक का फॉन्ट संपादक की आवाज़ है, और उसे अगर बदल दिया तो ख़बर की गंभीरता बदल जाती है। अदालत अब यह जान रही है कि वकील का मसौदा उसकी पहली दलील है, चाहे वकील यह माने या न माने। शब्दों को लिख कर सम्पादित करना फिर प्रिंट प्रस्तुत करना वकालत की वह आखिरी मंज़िल है जिसके बारे में अधिकतर वकील दिन रात चिराग जलाते हैं। और अंततः न्यायाधीश महोदय उस भारी भरकम जिरह जो एक पहेली होती है, उसे सुलझा कर अपना न्यायसंगत आदेश पारित करते हैं।

तो अंत में प्रश्न यही है। अगर अदालतें मानती हैं कि पन्ने की बनावट न्याय की पहली सीढ़ी है, तो क्या वे इसे फ़ॉन्ट के आदेश पर ही छोड़ देंगी, या उसके साथ लंबाई की मर्यादा, हिंदी का सम्मान और साधन-हीन वादी की सुविधा भी तय करेंगी?

न्यायालय ने न्याय तक पहुँचने का रास्ता तो सुंदर बना दिया, पर क्या वह सबके लिए सुगम भी होगा? फॉन्ट तो सँवर जाएँगे पर न्याय कहीं पीछे ना छूट जाए।

प्रेरक प्रसंग

दिल की पुकार

नावेर नाम का एक अरब था। उसके पास एक बहुत बढ़िया घोड़ा था। एक दिन दाहर नामक एक आदमी उसके पास आया। उसने घोड़ा देखा तो उसका मन उसकी ओर आकर्षित हो गया। उसके पास बहुत-से ऊंट थे। उसने नावेर से कहा, तुम ये ऊंट ले लो और अपना घोड़ा मुझे दे दो।

लेकिन नावेर को भी वह घोड़ा बहुत प्यारा था। उसने उसे देने से इन्कार कर दिया।

दाहर ने बहुत आग्रह किया, लेकिन वह घोड़ा देने के लिए किसी प्रकार भी राजी नहीं हुआ। तब दाहर ने एक चाल चली। नावेर जिस रास्ते से बाहर जाया करता था, उस रास्ते पर फटे-पुराने कपड़े पहनकर जा बैठा और अपना चेहरा छिपा लिया।

कुछ समय बाद जब नावेर अपने घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला, तो दाहर ने उसका रास्ता रोक लिया। कहा, मैं बहुत दीन हूं, गरीब हूं। मुझे अगले गांव तक पहुंचा दोगे ?

नावेर बड़ा दयालु था। उसकी दशा देखकर उसका हृदय द्रवित हो उठा। वह घोड़े पर से उतर पड़ा और दाहर को उस पर बिठाकर स्वयं पैदल चलने लगा।

दाहर ने घोड़े को चाबुक मारकर भगा दिया और नावेर के पास आकर बोला, तुमने राजी से घोड़ा नहीं दिया। लो, मैंने तुम्हारा घोड़ा ले लिया!

नावेर ने उसे पहचानकर कहा, कोई बात नहीं है दोस्त, पर एक बात याद रखना। इस घटना की चर्चा किसी से मत करना।

क्यों? दाहर ने गर्व से पूछा।

इसलिए कि, नावेर ने कहा, आगे कभी कोई दया नहीं करेगा और बेचारे गरीब लोग बेमौत मारे जायेंगे।यह उसके दिल की पुकार थी। उसे सुनकर दाहर बड़ा लज्जित हुआ। उसने अपने किये पर क्षमा मांगी और घोड़ा लाकर उसे लौटा दिया।

आपका पत्र मिला

विपक्ष का असल विरोध या प्रगति में अवरोध?

लोकतंत्र में सत्ता की असमंजस्य नीतियों का विपक्ष द्वारा विरोध करना उनका संवैधानिक अधिकार है. जो समय-समय पर सत्ता को सही राह दिखाने के लिए जरूरी भी है. जब से देश आजाद हुआ है और हमारे देश में लोकतंत्रीय व्यवस्था व हमारा संविधान लागू है तब से ही विपक्ष द्वारा सरकार की गलत नीतियों का विरोध विपक्ष द्वारा किया जाता रहा है साथ ही बेहतर नीतियों की सराहना और सत्ता की नीतियों को और बेहतर व जनहितैषी बनाने के लिए सुझाव भी दिए जाते रहे हैं जिसे सरकार ने सहर्ष स्वीकार भी किये। किन्तु आज का विपक्ष अपने दिल से पूछे कि उसने 14 सालों में सरकार की कितनी सराहना की और कितने बेहतर नीतिगत सुझाव दिए जिसे उसने मानने से इंकार किया हो. आम जनता विपक्षियों के सरकार के प्रति रवैये को आरम्भ से ही देख और समझ रही है. आलोचना, समालोचना व जनहितैषी कार्यों की सराहना न सही नीति पर सहयोग तो सरकार को किया जा सकता है. किन्तु एकतरफा सिर्फ और सिर्फ विरोध करना ही लोकतंत्रीय व्यवस्था में विपक्ष का काम न तो स्वयं के लिए और न ही सत्ता और देश के लिए लाभकारी है।

अतः विपक्ष को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि तर्क-वितर्क के साथ ही देशहित में विरोध भी सार्थक सिद्ध हो सके न कि वह देश की प्रगति में बाधक बने।

शकुंतला महेश नेनावा
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

दिवाली शॉपिंग के लिए देश के 10 सस्ते और मशहूर बाजार



दिवाली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगती है। घर की सजावट से लेकर नए कपड़े, ज्वेलरी, दीये, लाइट्स और गिफ्ट आइटम खरीदने तक हर कोई दिवाली की तैयारियों में जुट जाता है। हालांकि, त्योहार के दौरान बढ़ती महंगाई के बीच बजट में रहकर अच्छी खरीदारी करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप भी कम पैसों में दिवाली की शानदार शॉपिंग करना चाहते हैं, तो देश के कुछ मशहूर बाजार आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं। इन बाजारों में कपड़े, सजावटी सामान, पूजा सामग्री, बर्तन, फुटवियर और गिफ्ट आइटम किफायती दामों पर मिल जाते हैं।

दिल्ली का चांदनी चौक- दिल्ली का चांदनी चौक दिवाली की खरीदारी के लिए मशहूर बाजारों में शामिल है। यहां कपड़ों, साड़ियों, ज्वेलरी, सजावटी सामान, पूजा सामग्री और गिफ्ट आइटम की कई दुकानें मिलती हैं। दिवाली के समय यहां की रौनक देखते ही बनती है। कम बजट में खरीदारी करने वालों के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प है।



मुंबई का क्रॉफर्ड मार्केट- मुंबई का क्रॉफर्ड मार्केट दिवाली की खरीदारी के लिए लोकप्रिय जगह है। यहां घर की सजावट, लाइट्स, आर्टिफिशियल फूल, गिफ्ट आइटम, बर्तन और रोजमर्रा के सामान की कई वैरायटी मिलती हैं।

त्योहार के समय यहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रहती है।

जयपुर का बापू बाजार- जयपुर का बापू बाजार रंग-बिरंगे कपड़ों, जूतियों, बैग और पारंपरिक सामान के लिए जाना जाता है। अगर आप दिवाली पर एथनिक कपड़े और पारंपरिक एक्सेसरीज खरीदना चाहते हैं, तो यहां जा सकते हैं। बाजार में कई दुकानों पर बजट के अनुसार विकल्प मिल जाते हैं।



लखनऊ का अमीनाबाद बाजार- लखनऊ का अमीनाबाद बाजार खरीदारी के शौकीनों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां चिकनकारी कपड़े, साड़ियां, सूट, ज्वेलरी और घरेलू सामान की कई दुकानें हैं। दिवाली पर नए कपड़े खरीदने के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प हो सकता है।

कोलकाता का न्यू मार्केट- कोलकाता का न्यू मार्केट दिवाली की खरीदारी के लिए मशहूर है। यहां कपड़े, फुटवियर, बैग, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम और सजावटी सामान मिलते हैं। यहां आपको अलग-अलग बजट में खरीदारी के कई विकल्प मिल सकते हैं।

अहमदाबाद का लाल दरवाजा बाजार- अहमदाबाद का लाल दरवाजा बाजार किफायती खरीदारी के लिए जाना जाता है। यहां कपड़े, ज्वेलरी, घरेलू सामान, फुटवियर और फैशन एक्सेसरीज की कई दुकानें हैं। दिवाली के लिए घर की जरूरतों और व्यक्तिगत खरीदारी के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प है।

हैदराबाद का लाड बाजार- हैदराबाद का लाड बाजार खासतौर पर चूड़ियों और पारंपरिक ज्वेलरी के लिए मशहूर है। यहां रंग-बिरंगी चूड़ियों, मोतियों की ज्वेलरी और पारंपरिक एक्सेसरीज की अच्छी वैरायटी मिलती है। दिवाली पर ट्रेडिशनल लुक के लिए यहां खरीदारी कर सकते हैं।

बेंगलुरु का चिकपेट बाजार- बेंगलुरु का चिकपेट बाजार कपड़ों और साड़ियों की खरीदारी के लिए लोकप्रिय है। यहां सिल्क साड़ियों, फैब्रिक, ड्रेस मटेरियल और पारंपरिक कपड़ों की कई दुकानें हैं। दिवाली पर नए कपड़े खरीदने के लिए यह बाजार एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

पटना का हथुआ मार्केट- पटना का हथुआ मार्केट कपड़े, फुटवियर, ज्वेलरी और फैशन से जुड़े सामान की खरीदारी के लिए जाना जाता है। दिवाली के समय यहां कई तरह के सामान की दुकानें सजी रहती हैं। बजट के अनुसार खरीदारी करने के लिए यह बाजार देख सकते हैं।

वाराणसी का ठठेरी बाजार- वाराणसी का ठठेरी बाजार बर्तन और पीतल के सामान के लिए प्रसिद्ध है। दिवाली और धनतेरस के मौके पर यहां बर्तनों और पारंपरिक घरेलू सामान की खरीदारी की जा सकती है। अगर आप त्योहार पर पूजा और घर के लिए बर्तन खरीदना चाहते हैं, तो यह बाजार अच्छा विकल्प है।

पहनावा ही बता देता है आपकी पर्सनालिटी



आप किसी पार्टी में गए हों या किसी इवेंट पर या फिर शॉपिंग के लिए। आपको ना जानने वाले लोग भी आपके पहनावे के आधार पर आपके बारे में राय बना लेते हैं। आपके बोलेन से पहले ही आपका पर्सनालिटी कार्ड बन जाता है। आइए, ड्रेसिंग को लेकर ऐसी ही कुछ मजेदार बातों के बारे में जानते हैं। **कपड़ो की फिटिंग-** कपड़ों में सबसे पहले लोगों का ध्यान उसकी फिटिंग की तरफ जाता है। अगर आपके कपड़े बहुत टाइट हैं तो वो अनकंफर्टेबल नजर आते हैं और ज्यादा ढीले-ढाले कपड़ों को देखकर लगता है कि आप कुछ छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। **जूतों की हालत-** घिसा हुआ लेदर, फटे हुए सोल या गंदे स्नीकर्स देखकर लोगों को लगता है कि आप बेपरवाह हैं और छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते। **ब्राण्ड काफी कुछ कहता है-** आपने किस ब्राण्ड के कपड़े या एसेसरीज पहनी है, उससे आपकी स्टाइल के बारे में काफी कुछ पता चलता है। लोगो देखकर ही उन्हें लगने लगता है कि आप डिजाइनर चीजों के कितने शौकीन हैं, वहीं नॉन-ब्राण्डेड चीजें ऐसा प्रभाव नहीं डालतीं। **कपड़ों का रंग कुछ कहता है-** रंगों का बहुत ही गहरा साइकोलॉजिकल प्रभाव पड़ता है। आपके कपड़ों के हल्के शेड देखकर लोग मान लेते हैं कि आप ऊर्जा से भरे और मिलनसार हैं। वहीं, कपड़ों का गहरा रंग आपके गंभीर व्यक्तित्व की ओर इशारा करता है। कपड़ों का मिला-जुला रंग आपको बेखबर दिखाता है। **अगर कपड़े हों ज्यादा रिविलिंग-** आउटफिट का ज्यादा रिविलिंग या बोल्ड डिजाइन देखकर लोगों को लगता है आपके अंदर अटेंशन पाने की कुछ ज्यादा ही चाहत है। वहीं कुछ लोग इसे मौके के हिसाब से सही चॉइस नहीं मानते।

क्या होता है रेज़िन और आखिर क्यों है ये ट्रेंडिंग



रेज़िन एक प्रकृतिक और सिंथेटिक रसायन है, जो ठोस रूप में पाया जाता है। प्रकृतिक रेज़िन, वह होते हैं जो पेड़ से निकाले जाते हैं, जबकि सिंथेटिक रेज़िन, मेन मेड होते हैं। रेज़िन का उपयोग उसकी मजबूत और टिकाऊ विशेषताओं के कारण किया जाता है। रेज़िन की विशेषताएँ जैसे कि मजबूती, वॉटरप्रूफ, और आसानी से मोल्ड होने की क्षमता इसे बाकी चीज़ो से अलग करती है। इसका उपयोग गहनों, कलाकृतियों, और निर्माण सामग्री के रूप में किया जाता है। चलिए, आपको रेज़िन के कुछ प्रोडेक्टस बताते हैं, जो आजकल टेंडिंग में बने हुए हैं। रेज़िन वॉच के कई फायदे होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। रेज़िन वॉच हल्की होती है, जिससे इनहें पहनना आरामदायक होता है। रेजिन वॉच पानी में भी सुरक्षित रहती है, जिससे यह लंबी अवधि तक चलती है। यह वॉच विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध होती हैं। अन्य प्रकार की घड़ियों की तुलना में, रेज़िन की घड़ी कम कीमत में मिल जाती है। इन वॉच में अक्सर विभिन्न फीचर्स जैसे स्टॉपवॉच, अलार्म और बैकलाइट होते हैं, जो इन्हें बाकी घड़ीयों से अलग करती है। रेजिन वॉच एक बेहतरीन और खूबसूरत विकल्प है। रेसिन पेंडेंट के कई लाभ होते हैं, जो उन्हें आकर्षक बनाते हैं।

भारत का पहला और दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा गांव

भारत में जैसे ही सर्दियों का मौसम शुरू होता है, हम सभी मोटे-मोटे स्वेटर, जैकेट और गर्म कपड़े निकालकर ठंड से बचने की तैयारी कर लेते हैं। इनके बिना घर से निकलना संभव नहीं होता लेकिन क्या आप कभी किसी ऐसी जगह की कल्पना कर सकते हैं जहां ठंड इतनी चरम हो कि खून तक जम जाए, और हर सांस की बूंद भी बर्फ बन जाए? ऐसा अक्सर बाहर के कई देशों में होता है। पर क्या आप जानते हैं कि भारत में भी एक गांव ऐसा है, जहां इतनी ही भीषण सर्दी पड़ती है। दरअसल, लद्दाख के कारगिल जिले में स्थित द्रास गांव इसी ठंड के लिए जाना जाता है। इसे भारत का सबसे ठंडा और दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा गांव माना जाता है। यहां सर्दियों में तापमान कई - डिग्री तक गिर जाता है, और गीले कपड़े टांगते ही कुछ ही देर में जम जाते हैं। इस गांव में जीवन जीना एक चुनौती है, लेकिन स्थानीय लोग कठोर मौसम के बीच भी अपनी परंपराओं और जीवनशैली के अनुसार अनोखी ढंग से जीते हैं। द्रास की बर्फीली घाटियां और सर्द हवा इसे साहसिक यात्रियों और फोटोग्राफरों के लिए आकर्षक



बनाती हैं। **कहां है स्थित -** द्रास को लद्दाख का प्रवेश द्वार% यानी गेटवे ऑफ लद्दाख कहा जाता है। भारत में स्थित ये खूबसूरत जगह चारों तरफ से 16 हजार से 21 हजार फीट ऊंचे पहाड़ों से घिरी हुई है, जिस वजह से यहां हिमालय की बर्फीली हवाएं खूब तेजी से चलती हैं और ठंड को और बढ़ा देती हैं। लेह और कारगिल जाने वाले यात्रियों को यहीं से गुजरना पड़ता है। **कितना रहता है तापमान-** सबसे पहले जान लेते हैं कि यहां का तापमान कितना होता है तो आपको बता दें कि सर्दियों के मौसम में यहां का तापमान आमतौर पर -20°C से -25°C तक पहुंच जाता है। कुछ समय पहले यहां का तापमान -60 डिग्री पहुंच गया था। आज भी सुबह की शुरुआत में झीलें, तालाब और गीले कपड़े जम जाते हैं। बर्फबारी कई महीने तक बनी रहती है, जिस वजह से यहां काफी ज्यादा ठंड होती है। **कैसी है स्थानीय जीवनशैली-** यहां रहने वाले लोग हमेशा मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं और घरों में हीटिंग का इस्तेमाल करते हैं। इनके घरों की दीवारें काफी मोटी होती हैं, जो हवा से लोगों का बचाव करती हैं। इसके साथ-साथ मांसाहारी खाना, गर्म भोजन, सूप और स्थानीय व्यंजन जैसे पकवान यहां से लोगों के शरीर को गर्माहट देते हैं। शारीरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए मोटे कपड़े, दस्ताने, टोपी और गर्म जूते पहनना जरूरी है। **पर्यटन और रोमांच के लिए है बेहद खूबसूरत-** अक्टूबर के महीने से ही यहां बर्फीली हवाओं का तांडव शुरू हो जाता है जो अगले साल अप्रैल तक चलता है।

प्रदूषण में एक्सरसाइज करने से पहले जरूर जान लें ये बातें

सर्दियों के मौसम में बढ़ता वायु प्रदूषण लोगों की सेहत के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। खासकर दिल्ली-हृष्टक्र समेत कई शहरों में खराब एयर क्वालिटी के कारण सुबह की सैर, जॉगिंग और खुले मैदान में एक्सरसाइज करना मुश्किल हो सकता है। फिट रहने के लिए रोजाना व्यायाम करना जरूरी है, लेकिन प्रदूषण के बीच बिना सावधानी के एक्सरसाइज करना सांस और फेफड़ों से जुड़ी परेशानियों का जोखिम बढ़ा सकता है। जब हवा में PM2.5 और PM10 जैसे प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ जाती है, तो शारीरिक गतिविधि के दौरान तेज सांस लेने से शरीर में इन कणों का प्रवेश बढ़ सकता है। इससे खांसी, गले में जलन, सांस लेने में परेशानी और अस्थमा के लक्षण बढ़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, नियमित शारीरिक गतिविधि के फायदे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अधिक प्रदूषण के दौरान एक्सरसाइज का समय, स्थान और तीव्रता बदलना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदूषण के दिनों में एक्सरसाइज कैसे करें और किन बातों का ध्यान रखें? आइए जानते हैं कुछ जरूरी सावधानियां, जिनकी मदद से आप अपनी फिटनेस को बनाए रखते हुए प्रदूषण के संपर्क को कम कर सकते हैं। **एक्सरसाइज से पहले AQI जरूर चेक करें-** घर से बाहर निकलने से पहले अपने इलाके का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) जरूर देखें। भारत में (AQI) की जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर मिल सकती है। यदि AQI खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में है, तो बाहर दौड़ने और कठिन एक्सरसाइज से बचें। **सही समय और जगह चुनें-** व्यस्त सड़कों, ट्रैफिक और निर्माण स्थलों के पास एक्सरसाइज करने से बचें। संभव हो तो कम प्रदूषण वाले स्थान पर जाएं। ध्यान रखें कि सुबह का समय हमेशा साफ हवा की गारंटी नहीं देता। इसलिए समय तय करने से पहले स्थानीय (AQI) की स्थिति देखें। **जरूरत पड़ने पर घर के अंदर एक्सरसाइज करें-** प्रदूषण बढ़ने पर घर के अंदर योग, हल्की स्ट्रेचिंग या अन्य उपयुक्त व्यायाम करना बेहतर विकल्प हो सकता है। यदि संभव हो तो साफ हवा वाले कमरे में एक्सरसाइज करें। घर के अंदर भी धुआं, अगरबत्ती और खाना पकाने से होने वाले प्रदूषण से बचें। **भारी वर्कआउट से बचें-** खराब एयर क्वालिटी में दौड़ना, तेज साइकिल चलाना और हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट करने से प्रदूषित हवा ज्यादा मात्रा में सांस के जरिए अंदर जा सकती है। ऐसे दिनों में एक्सरसाइज की अवधि और तीव्रता कम करें। AQI गंभीर होने पर बाहरी एक्सरसाइज टालें।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 2 नवंबर 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अष्टमी तिथौ सोम वासरे 13/11/ आश्लेषा नक्षत्रे 27/47/ शुभ योग 12/07/ कौलव करणे 13/11/ सिंह राशिगत चन्द्रमा 27 घं. 47मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार-

मेष : नये आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

वृष : उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

मिथुन : रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

कर्क : राजकीय कार्यों के प्रति ध्यान रखें। किसी प्रतिष्ठस जनक कार्य के बन जाने का हर्ष भी मिलेगा। जोखिम उठाने का लाभ भी मिलेगा।

सिंह : किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद-प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

कन्या : सत्परामर्श से लाभ होगा। व्यापार में सुधार होगा। घरेलू चिंताएं दूर होंगी। नवीन सम्पर्कों का लाभ मिलेगा।

तुला : देनदारी में कमी आएगी। काम काज में शिथिलता रहेगी। मानसिक थकान रहेगी। आय-व्यय समानता रहेगी।

वृश्चिक : व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

धनु : मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

मकर : शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

कुंभ : जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

मीन : विघ्न बाधाएं दूर होंगी। मनोरंजन पर व्यय होगा। व्यय आधिक्य का डर रहेगा। घरेलू कार्यों की पूर्ति होगी।

सामान्य खेती बनाम जैविक एवं प्राकृतिक खेती : सिंहावलोकन एवं व्यावहारिक सुझाव

अनिल कुमार पाठक

भारत में खेती की पद्धति ने सैकड़ों वर्षों में अनेक परिवर्तन देखे हैं। एक समय था जब सोती मुख्यतः स्थानीय संसाधनों और प्रकृति पर आधारित थी। फसल उत्पादन हेतु कृषक अपने घरों के बाहर या अन्य उपयुक्त स्थानों पर गोबर, पशुओं के बाड़े से निकला अवशेष तथा घर का कूड़ा करकट एकत्र करते थे। यह 4-5 माह में सड़कर उत्कृष्ट खाद बन जाती थी। फसल बुवाई हेतु खेत तैयार करते समय खेतों में यह खाद डाली जाती थी। स्वतंत्रता के बाद देश की बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना एक बड़ी चुनौती थी। गेहूँ सहित विभिन्न फसलों की अधिक उत्पादन देने वाली नई प्रजातियाँ विकसित हुई। इनके अनुरूप वैज्ञानिक कृषि का विस्तार हुआ और रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा। वर्ष 1960 में 2.2 किग्रा प्रति हेक्टेयर के सापेक्ष वर्तमान में 135-140 किग्रा प्रति हेक्टेयर तत्व के रूप में उर्वरक की खपत हो रही है। आज अनेक क्षेत्रों में कुछ फसलों में उर्वरकों का प्रयोग उनकी वास्तविक आवश्यकता से अधिक एवं असंतुलित होने की स्थिति है।

रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित उपयोग आर्थिक अपव्यय के साथ साथ मिट्टी की आंतरिक संरचना को भी नुकसान पहुँचाता है। पौधे द्वारा रासायनिक तत्वों की अवशोषण क्षमता सीमित होती है। रासायनिक उर्वरकों एवं फसल सुरक्षा रसायनों के असंतुलित उपयोग से मानव एवं मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचने हेतु भारत सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना तथा गो-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम प्रारम्भ किए।

इन योजनाओं से अनेक किसानों ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाई। लेकिन लगभग 10-12 वर्ष पूर्व जैविक खेती की ओर बढ़े अनेक किसान बाद में निम्नलिखित व्यावहारिक कारणों से पुनः प्रचलित खेती करने लगे। 1. जैविक फ़सलोत्पादन का अलग न्यूनतम समर्थन मूल्य का न होना। 2. जैविक फ़सलोत्पादन में अधिक श्रम लगना। 3. परिवर्तन के प्रारंभिक वर्षों में मिट्टी की स्थिति, कीट एवं रोग नियंत्रण के कारण उत्पादन में उतार-चढ़ाव का जोखिम। 4. जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए उपयुक्त तथा प्रमाणित बीजों की उपलब्धता न होना।

5. जैविक फसलोत्पादन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, लागत और आवश्यक औपचारिकताएँ कठिन होना।

प्राकृतिक खेती और जैविक खेती में मुख्य अंतर

प्राकृतिक खेती : बाहरी इनपुट पूर्णतः शून्य रहता है। मुख्यतः गोमूत्र, जीवामृत, घनजीवामृत आदि प्राकृतिक एवं स्थानीय संसाधनों का ही उपयोग होता है।

जैविक खेती : बाहरी जैविक इनपुट मान्य हैं। नीम ऑयल, जैव कीटनाशक, जैव उर्वरकों का प्रयोग होता है।

एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन कृषि पद्धतियाँ व्यावहारिक विकल्प हैं। ढूहरूमें मृदा परीक्षण के अनुसार कंपोस्ट, हरी खाद, जैव उर्वरक व संतुलित रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग होता है, जबकि ढूक्रूमें जैविक, यांत्रिक विधि व नीम ऑयल के साथ आवश्यकतानुसार कीटनाशी रासायनों का प्रयोग किया जाता है। आज आवश्यकता किसी एक कृषि पद्धति को पूर्णतः स्वीकार या अस्वीकार करने की नहीं, बल्कि ऐसी कृषि प्रणाली की आवश्यकता है जिसमे मानव स्वास्थ्य, उत्पादकता, मिट्टी का स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और किसान की आय-इन सभी के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। इसी के दृष्टिगत प्राकृतिक खेती के अतिरिक्त किसानों के बीच एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

सीतापुर आसपास

चार नवम्बर को विधि विधान के साथ शुरू होगा हरगांव शुगर मिल का पेराई सत्र

(स्वतंत्र भारत)
हरगांव-सीतापुर। गन्ना किसानों के इंतजार की घड़ियां अब समाप्त होने वाली हैं। अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड, हरगांव में पेराई सत्र २०२६-२७ की शुरुआत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को मिल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन किया गया। शुभ मुहूर्त में डोंगे में गन्ना डालकर नए पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। मिल प्रबंधन के अनुसार, बुधवार ४ नवंबर को सुबह आठ बजे से गन्ने की पेराई शुरू हो जाएगी।बिड़ला मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश चंद्र जोशी एवं पंडित शत्रुंजय बाजपेई ने मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित से वैदिक रीति-विधान के अनुसार पूजन कराया। इसके बाद राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला,आनंद



वर्मा, अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित, अधिशासी उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, के.पी. सिंह, नीरज चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी एवं अनिल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और मिल अधिकारियों ने आरती के बाद नारियल फोड़कर डोंगे में गन्ना डाला। परंपरा के अनुसार मिल परिसर में स्थापित सभी मशीनों का भी पूजन किया गया।इस अवसर पर अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित ने बताया कि चालू पेराई सत्र में २ करोड़ ५ लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से साफ-सुथरा एवं अगोला रहित गन्ना पर्ची के अनुसार मिल को आपूर्ति करने की अपील की। साथ ही किसानों को बिचौलियों के माध्यम से औने-पौने दामों पर गन्ना बेचने से बचने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों के गन्ने का भुगतान १४ दिनों के अंदर उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। इस दौरान उन्होंने किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई की विधि एवं वैज्ञानिक खेती के महत्व की जानकारी भी दी।पूजन समारोह में प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां, गन्ना समिति हरगांव के चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश चंद्र मिश्र, अरनीखाना समिति के चेयरमैन अशोक अवस्थी, आलोक मिश्र, प्रशांत मिश्र,हरीश मिश्र सहित बड़ी संख्या में मिल अधिकारी, कर्मचारी और किसान उपस्थित रहे।

एकता, अखंडता और मानवतावाद की प्रतिमूर्ति थे सरदार पटेल - अचिन मेहरोत्रा

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। जब देश कई टुकड़ों में बात हुआ था उसे वक्त लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सबसे बड़े एकतावादी महापुरुष के रूप में सामने आए। उन्होंने टुकड़ों में बटे देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। खंड-खंड को अखंड भारत बनाया। सरदार वल्लभभाई पटेल एकता, अखंडता और मानवतावाद की प्रतिमूर्ति थे। यह बात भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अचिन मेहरोत्रा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के दौरान कही। उन्होंने नैपालापुर चौराहा पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज भी सरदार साहब के बताए रास्ते पर चल रही है। बगैर भेदभाव किया सबको एकता के सूत्र में पिरो रही है। देश की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार सरदार साहब के बताए मार्ग पर आगे बढ़ रही है। बगैर भेदभाव किए संपूर्ण देश में विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं और आम जनमानष को उसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एकता और अखंडता भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। यही मूल मंत्र सरदार वल्लभभाई पटेल का था। भारत में देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



शनिवार को धूमधाम से मनाई गई । अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के मजबूत इरादों की वजह से उन्हें लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता का शिल्पकार कहा जाता है। उनकी जयंती को देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ आजादी के बाद देश को एकजुट करने में उनका योगदान अतुलनीय रहा। आजादी के समय देश में बिखरी ५५० से अधिक रियासतों का भारत में विलय कराकर उन्होंने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ता का परिचय दिया। उनके प्रयासों ने भारत को टुकड़ों में बंटने से बचाया और एक मजबूत, अखंड राष्ट्र की नींव रखने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर राजेंद्र यादव,उत्तम पांडे, अंकुर तिवारी, अंबुज पांडे, अविरल अवस्थी, हीरा मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

आल्हा गायिका काजल सिंह का ओजपूर्ण आल्हा ने दर्शको के मन को मोहा

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म



जयंती मौके पर सरदार पटेल जन सेवा ट्रस्ट महमूदाबाद की ओर से रामकुंड चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में आल्हा गायिका काजल सिंह का ओजपूर्ण आल्हा गायन हुआ। कवि, लेखक शिक्षक अनुज कुमार वर्मा ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। रामकुंड चौराहे पर आयोजित समारोह का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र माल्यार्पण के साथ हुआ। काजल सिंह और उनके आल्हा मंडली गायकों का आयोजन समिति और मां संकटा देवी धाम समिति की ओर से सम्मान किया गया। पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, सपा के राहुल शुक्ल ने सरदार पटेल जन सेवा ट्रस्ट की ओर से अनुज वर्मा विकल, डा. वली चौधरी, डा. गोपी चंद वर्मा, डा. विपिन वर्मा, डा. प्रतीक सिंह, अखिलेश वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, उमेश चंद्र मिश्र, राम सिंह चौधरी, धनीराम भार्गव, लालता प्रसाद जायसवाल, माया देवी, अजीत दिनकर, अमित बाल्मीकि की पत्नी, विश्वम्भर प्रसाद वर्मा, अमित दिनकर को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन उमेश वर्मा और आलोक वर्मा आजाद ने किया। ट्रस्ट की ओर से अतिथियों का अशोक वर्मा, उमेश वर्मा, आदित्य वर्मा आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सुरेश वर्मा, ओमकार नाथ, ज्ञानेश मिश्र, गणेश कुमार, दिनेश पाठक, शिवदास पुरवार, धनंजय, मृत्युंजय समेत बड़ी संख्या में आल्हा श्रोता मौजूद रहे। करीब तीन घंटे काजल सिंह आल्हखंड के माड़ौ की लड़ाई प्रसंग का आल्हा गायन किया।

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च, एकता और अखंडता की ली शपथ

(स्वतंत्र भारत)
अटरिया-सीतापुर। स्वतंत्र भारत के शिल्पकार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर अटरिया पुलिस के जवानों ने कस्बे में पैदल मार्च निकालकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश दिया। साथ ही देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अटरिया पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च के माध्यम से लोगों को आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। पुलिसकर्मियों ने देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करने और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने का संकल्प लिया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर भारत को एकजुट करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके इसी योगदान को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष ३१ अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

इस दिन का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। अटरिया पुलिस के इस आयोजन के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

देश की मजबूती के लिए सभी लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर अटरिया पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

ओवरब्रिज पर टायर फटने से पलटी केला लदी पिकअप, हाईवे पर लगा जाम

(स्वतंत्र भारत)
अटरिया-सीतापुर। सीतापुर जिले के अटरिया कस्बे में नेशनल हाईवे



स्थित ओवरब्रिज पर शनिवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार केला लदी पिकअप का अचानक टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक, जनपद लखीमपुर के खमरिया निवासी विवेक गिरी शनिवार दोपहर केला लदी पिकअप लेकर लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन अटरिया कस्बे के ओवरब्रिज पर पहुंचा, अचानक पिकअप का टायर फट गया। टायर फटने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप हाईवे पर पलट गई। पिकअप के हाईवे पर पलटने से यातायात प्रभावित हो गया और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही अटरिया पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई। हादसे में किसी के हताहत न होने से लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, हाईवे पर पिकअप पलटने से कुछ समय तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

चोरी की योजना बना रहे नाबालिग समेत तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। चोरी की योजना बना रहे नाबालिग समेत तीन लोगों को



पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गए लोगों के पास से चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त सामान, नकदी व एक सोने का लाकेट बरामद हुआ है। पुलिस ने तीन माह पूर्व हुई एक चोरी की घटना का खुलासा किया है। महमूदाबाद कोतवाली के एसआई विनोद गिरि, इंद्रजीत सिंह, एचसीपी वेगवान की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात करीब एक बजे नूरपुर पुल के पास छापा मार दिया। यहां गुमटी के पीछे बैठे तीन संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उनके पास से सोने का एक लाकेट, प्लास, पेंचकस व लोहे का नुकीला राड व ढाई सौ रुपए नकद बरामद हुए। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम बेलदारी टोला के करन चौहान, कटरा के अनीस व एक नाबालिग बताया। तीनों ने २१ अगस्त को रमुवापुर के अमित के वहां चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का किया निरीक्षण

(स्वतंत्र भारत)
सिधौली-सीतापुर। कस्बे में तहसील मार्ग पर स्थित एक अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया।डिप्टी सीएमओ डा़.विकास मिश्र व सीएचसी अधीक्षक डा़.आनंद सिंह ने शनिवार को तहसील मार्ग पर स्थित जारी अस्पताल का निरीक्षण किया और आवश्यक पंजीकरण सम्बन्धी दस्तावेज मांगे।संचालक ललित मोहन जारी द्वारा मौके पर दस्तावेज न दिखा पाने के कारण अस्पताल का संचालन बंद करवाया गया इसके साथ ही तीन कार्यदिवसों की समय सीमा निर्धारित करते हुए सीएमओ कार्यालय अथवा डिप्टी सीएमओ कार्यालय में दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए।सीएचसी अधीक्षक डा़.आनंद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से बिना पंजीकरण अथवा मानक विहीन अस्पतालों के संचालन नहीं किया जा सकेगा।

स्वस्थ मिट्टी ही टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए उपयोगी है-रामबख्श रावत

(स्वतंत्र भारत)
सिधौली-सीतापुर। शासन की मंशानुरूप किसानों को खेती की नवीन तकनीकों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कस्बे के उपसंभागीय कृषि प्रसार कार्यालय परिसर में स्थित राजकीय बीज भंडार पर 'खेत बचाओ अभियान' अंतर्गत किसान जागरूकता कार्यक्रम एवं मिनी किट बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख रामबख्श रावत ने किसानों को सरसों, मसूर एवं अन्य फसलों के बीजों की उपयोगिता एवं खेती में उनके महत्व की जानकारी दी।इसके साथ ही किसानों को मिनी किट बीज का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा संतोष कुमार यादव ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने तथा जैविक उपायों के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य बनाए रखने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए उपयोगी है।

अरिंजय चौधरी ने प्रारम्भ की जन समाधान पदयात्रा

(स्वतंत्र भारत)
बिसवां-सीतापुर। शरद चौधरी फाउंडेशन के अध्यक्ष अरिंजय चौधरी की जन समाधान पदयात्रा

का शुभारंभ शनिवार को जय जावेद स्टेडियम, कदुनी से हुआ। पदयात्रा कैप्टन मनोज पांडेय की जन्मस्थली ग्राम रूडा, कमलापुर पहुंची। यहां कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पदयात्रा आगे के लिए रवाना हुई। समाजसेवी शरद चौधरी, गुंजन चौधरी तथा फिल्म निर्देशक निशांत कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा का शुभारंभ किया। खराब मौसम के बावजूद पदयात्रा में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शनिवार को पदयात्रा बिठौली पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। पांच नवंबर तक चलने वाली इस पदयात्रा का उद्देश्य गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना और उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर पहल करना है। अरिंजय चौधरी ने कहा कि गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करने से स्थानीय समस्याएं सामने आएंगी। इन समस्याओं के निराकरण के लिए उनका पूरा प्रयास रहेगा। पदयात्रा में अभिवीर चौधरी, आयुष नाथ सिंह, धैर्य गुप्ता, गुड्डू प्रधान, अशोक बाजपेयी, रामसेवक बाजपेयी, विजय अवस्थी, विभव अवस्थी, शिवकुमार कठेरिया, अब्दुल जावेद, मेराज चौधरी सहित बड़ी संख्या में युवा एवं क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

बालाजी सेवा समिति द्वारा कराया गया विशाल जागरण कलाकारो ने प्रस्तुत की मनोहारी झांकियां

(स्वतंत्र भारत)
महमूदाबाद-सीतापुर। नगर के प्रसिद्ध संकटा देवी धाम में बालाजी सेवा समिति द्वारा बालाजी महाराज का सवामनी हवन के साथ विशाल भंडारे व जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राहुल झांकी ग्रुप जयपुर के द्वारा प्रस्तुत की गई बाला जी महाराज की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई झांकियों की दशकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। अयोध्या, बरेली, मथुरा व शाहजहांपुर से आये गायकों ने देर रात तक कार्यक्रम में भजनों के साथ आकर्षक झांकियां के द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी। श्री संकटा देवी धाम के विशाल परिसर में शनिवार की रात्रि श्री बाला जी महाराज के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। आयोजित हुए बालाजी महाराज के जागरण में समय से पहले ही दर्शकों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।



कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ देखकर आयोजक भी गदगद नजर आ रहे थे। कार्यक्रम में अयोध्या से आये प्रसिद्ध गायक संदीप आचार्य, बरेली की मेघा पांडेय, शाहजहांपुर से आये प्रसिद्ध गायक शुभम रंगीला, रोहित कुमार ने देर रात तक श्रोताओं के सामने भजनों की प्रस्तुति दी। जयपुर के राहुल झांकी ग्रुप के द्वारा बालाजी की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसकी दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कलाकारों के उत्साहवर्धन करते हुए दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कार्यक्रम में आये कलाकारों का समिति के अंशुल जैन गोलू, हरीश श्रीवास्तव, कपिल अवस्थी, अनिल वर्मा, बृजेश गुप्त, विजय यादव, आयुष चौधरी, अमन मिश्र, अवधेश सोनी, रोहन मिश्र, पंकज गुप्त, शरद पटेल, अनिल राठौर सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, कृतार्थ मिश्र, समाजसेवी अतुल वर्मा, डा. प्रतीक सिंह, मनोज श्रीवास्तव, प्रवीण यादव सहित बड़ी संख्या में बाला जी के भक्त मौजूद रहे।



पीईटी परीक्षार्थियों के लिए रेलवे ने बरेली जंक्शन पर बढ़ाया ट्रेनों का ठहराव

12558 और 13258 को पांच मिनट का अतिरिक्त स्टॉपेज, लखनऊ और मथुरा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों से मिली राहत

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। यूपीएसएसएससी की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के चलते रेलवे स्टेशनों पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए मुरादाबाद मंडल रेल प्रशासन ने बरेली जंक्शन पर विशेष इंतजाम किए। परीक्षार्थियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए 12558 और 13258 नंबर की ट्रेनों को 25 और 30 अक्टूबर के साथ एक नवंबर को भी पांच मिनट का अतिरिक्त ठहराव दिया गया। वहीं, परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए लखनऊ और मथुरा समेत विभिन्न रूटों पर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया।

रेलवे की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, परीक्षा के तीनों दिनों 25, 30 अक्टूबर और एक नवंबर को परीक्षार्थियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए विशेष अनारक्षित ट्रेनें चलाई गईं। इनमें 05011/05012 लखनऊ-बरेली-लखनऊ और 05310/05309 बरेली-मथुरा कैंट-बरेली परीक्षा स्पेशल शामिल रहीं। इनके अलावा मुरादाबाद-लखनऊ और शाहजहांपुर-बिजनौर रूट पर भी विशेष ट्रेनें संचालित की गईं। इससे नियमित ट्रेनों पर अतिरिक्त दबाव कम करने और परीक्षार्थियों को आवागमन का विकल्प देने का प्रयास किया गया।

बरेली जंक्शन पर परीक्षा के दौरान अतिरिक्त बुकिंग स्टाफ तैनात किया गया। यात्रियों को टिकट के लिए लंबी कतारों में न लगना पड़े, इसके लिए मोबाइल अनारक्षित टिकट प्रणाली (रूब्रस), रेल वन एप और क्यूआर कोड के जरिए टिकट बुकिंग की सुविधा की जानकारी दी गई। प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ, जीआरपी और टिकट चेकिंग स्टाफ को सक्रिय रखा गया। ट्रेनों के आगमन और प्लेटफॉर्म की जानकारी के लिए लगातार उद्घोषणाएं भी कराई गईं।

मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों की तैनाती कर व्यवस्थाओं की निगरानी कराई। एक नवंबर को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि कुमार शुक्ला ने भी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

बरेली के लिहाज से अहम बात यह है कि परीक्षा के दौरान जंक्शन पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त ठहराव और स्पेशल ट्रेनों के जरिए यात्रियों को संभालने की कोशिश की। टिकट वितरण से लेकर प्लेटफॉर्म पर चढ़ने-उतरने तक के लिए अलग-अलग इंतजाम किए गए।

गोवंशीय पशुओं के वध मामले में २५ हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

रेवती मोड़ पर पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली, सिपाही भी घायल

-स्वतंत्र भारत-



बरेली। गोवंशीय पशुओं के वध के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को आंवला पुलिस ने रविवार सुबह पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि एक सिपाही भी घायल हो गया। घायल दोनों को उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान छोटू उर्फ रिजवान पुत्र बब्बू शाह निवासी रेवती खुर्द, थाना मिलक, जिला रामपुर के रूप में हुई है। वह गोवंशीय पशुओं के वध के मामले में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

रविवार सुबह करीब 6:02 बजे मुखबिर की सूचना पर आंवला पुलिस ने रेवती मोड़ के पास घेराबंदी की। पुलिस को रेवती की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गोली सिपाही दुलीचंद के बाएं बाजू को छूकर निकल गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पकड़ा गया रिजवान गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर अपराधी बताया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुठभेड़ के संबंध में भी मुकदमा दर्ज किया है।

ईपीएफओ के प्रचार अभियान में बरेली क्षेत्रीय कार्यालय अव्वल

74वें स्थापना दिवस पर 'भविष्य निधि पुरस्कार-2026' से सम्मानित, योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को मिली पहचान

-स्वतंत्र भारत-



बरेली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के प्रचार-प्रसार अभियान में बरेली क्षेत्रीय कार्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। संगठन के 74वें स्थापना दिवस पर एक नवंबर को बरेली कार्यालय को 'सर्वश्रेष्ठ कार्यालय-प्रचार-प्रसार अभियान' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'भविष्य निधि पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार ईपीएफओ की योजनाओं, सेवाओं और जनकल्याणकारी पहलों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा कर्मचारियों, नियोक्ताओं और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के आधार पर दिया गया। कार्यालय की ओर से क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-द्वितीय अनिल कुमार ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक रॉबिन सिंह भी मौजूद रहे।

इस उपलब्धि को क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। पुरस्कार मिलने से कार्यालय के कर्मचारियों में उत्साह है। ईपीएफओ की ओर से भविष्य में भी अंशदाताओं और नियोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्याओं के समाधान और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रखने की बात कही गई है।

दीपोत्सव 2.0 में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और तकनीकी रचनात्मकता का संगम

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से दीपावली के अवसर पर 'दीपोत्सव 2.0' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, तकनीकी नवाचार और पूर्व छात्रों के मिलन का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे पूर्व छात्र मिलन समारोह से हुई, जिसमें विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद विभाग के सांस्कृतिक क्लब 'नवतरंग' की ओर से दीप-आकृति और फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

मुख्य समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय, इंजीनियरिंग संकाय की अधिष्ठाता डॉ. अर्चना गुप्ता और विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने काव्य पाठ, समूह नृत्य, एकल नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दीं। 'तब और अब की दीपावली' विषय पर प्रस्तुत नाटक विशेष आकर्षण रहा।

विभाग के तकनीकी क्लब 'सर्किट क्रू' ने टेक रंगोली, टेक दीपोत्सव और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। एलईडी संरचना से भगवान श्रीराम का चित्रण तथा आकाशदीप छोड़ने का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर प्रो. यतेंद्र कुमार, प्रो. राकेश मौर्य, डॉ. अजय यादव, डॉ. दीपक गंगवार और डॉ. अतुल कत्याल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ सांस्कृतिक परंपराओं और तकनीकी नवाचार से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

त्रिवती नाथ मंदिर से निकली भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

-स्वतंत्र भारत-



बरेली। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महिमा और भक्ति से सराबोर भव्य शोभायात्रा रविवार को श्री त्रिवटी नाथ मंदिर से श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने किया साथ में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल मौजूद रहे । शोभायात्रा त्रिवटी नाथ मंदिर से धर्मकांटा चौराह , भारत सेवा ट्रस्ट , कुल्हाडापीर होती हुई गुद्दड़बाग मंदिर पहुंचकर समापन हुआ । रास्ता में जगह जगह भक्तों ने भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन पुष्प वर्षा कर उनकी महिमा का गुणगान किया। पूरा वातावरण धार्मिक जयकारों और भक्तिमय उल्लास से गूंज उठा।

इस अवसर पर डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी को कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले, धर्म एवं न्याय के देवता तथा यमराज के सचिव के रूप में पूजा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार उनका प्राकट्य ब्रह्माजी की काया से हुआ था, इसलिए उन्हें कायस्थ चित्रगुप्त भी कहा जाता है। वे समस्त प्राणियों के पुण्य और पाप का लेखा रखते हैं तथा कर्मों के अनुरूप फल प्रदान करते हैं।

भगवान चित्रगुप्त जी के हाथों में पुस्तक, कलम, दवात और करवाल सुशोभित होते हैं। ये प्रतीक ज्ञान, लेखन, न्याय और धर्म की रक्षा का संदेश देते हैं। यही वजह है कि उनकी पूजा में कलम, स्याही, पुस्तक और बही-खातों का विशेष महत्व है।

शोभायात्रा ने समाज को सत्कर्म, सत्यनिष्ठा, अनुशासन और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। भक्तों ने भगवान से परिवार की सुख-शांति, समृद्धि तथा ज्ञान-बुद्धि की कामना की।

इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, उपजा प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. पवन सक्सेना, संजय सक्सेना, संजीव सक्सेना , किसान नेता डॉक्टर रवि नागर, राजेश कुमार , राजन विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

44 ग्राम स्मैक के साथ तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने रविवार को रहपुरा अंडरपास के पास रबर फैक्ट्री मैदान से 44 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कस्बे के मोहल्ला सराय निवासी चांद (30) पुत्र वली मोहम्मद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एक नवंबर को गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने रबर फैक्ट्री मैदान में छापा मारा। इस दौरान चांद को 44 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक राहगीरों को बेचने के लिए वहां पहुंचा था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना फतेहगंज पश्चिमी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

कार्यकर्ता विकास बैठक का आयोजन सामूहिक भोज कर कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित



फतेहगंज पूर्वी। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ग्राम विस्तारक योजना के समापन पर रविवार को कार्यकर्ता विकास बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम विस्तारक के पद पर तैनात नगर फतेहगंज पूर्वी उपखंड के अलावा तीन मंडल भगवानपुर कुंदन शिवपुरी एवं नगरिया कला के समस्त स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया गया और उन्हें एक अच्छे कार्यकर्ता होने के के लिए धन्यवाद दिया गया इस अवसर पर आए हुए सभी स्वयंसेवकों को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश चंद शर्मा, सतीश चंद्र अग्रवाल, सुखदेव पाठक, ज्ञान प्रकाश ,के द्वारा आए हुए सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र और मानव जाति एवं पर्यावरण के हित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया आए हुए सभी स्वयंसेवकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया अंत में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश चंद शर्मा द्वारा सभी का अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस अवसर पर सरस्वती मंदिर के समस्त गुरुजन मौजूद रहे।

विद्युत संविदा मजदूर संघ उत्तर प्रदेश ने मनोज पाल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

फतेहगंज पूर्वी। थाना क्षेत्र के गांव टिसुआ निवासी मनोज पाल पुत्र राकेश पाल को विद्युत संविदा मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के द्वारा बरेली जोन प्रथम का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसकी घोषणा पुनीत राय प्रदेश प्रभारी के द्वारा पत्र जारी करके की गई है मनोज पाल की विद्युत मजदूर संघ के प्रति कार्य देखकर उन्हें इस नए दायित्व का निर्वहन करने का आदेश दिया गया है सभी संविदा मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा मनोज पाल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी गई हैं।

सेंट मारिया स्कूल की देवांशी ने अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में हासिल किया प्रथम स्थान

ऋषिकेश में आयोजित प्रतियोगिता में 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में किया शानदार प्रदर्शन



बरेली। शहर की होनहार छात्रा देवांशी ने अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में प्रथम स्थान हासिल कर बरेली का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित इस प्रतियोगिता में देवांशी ने 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। देवांशी सेंट मारिया स्कूल, बरेली में कक्षा पांच की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर देवांशी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। देवांशी के पिता संतरपाल बरेली में ट्रैफिक पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। देवांशी की सफलता पर उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।

48 घण्टे से फुंका ट्रांसफार्मर दर्जनों घरों की बिजली गुल

फतेहगंज पूर्वी। बिलपुर गांव के लेखपाल कॉलोनो में शनिवार सुबह चार बजे से 16 केवी का ट्रांसफार्मर फुंक गया इसके कारण करीब दो दर्जन घरों की बिजली सप्लाई बंद पड़ी हुई है। उपभोक्ताओं ने बिजली कर्मियों को इसकी सूचना दी तब लाइनमैन द्वारा ट्रांसफार्मर को चेक किया गया उसकी मरम्मत भी की गई लेकिन ट्रांसफार्मर सही नही हुआ इसके कारण शनिवार सुबह से ही कॉलोनी के दर्जनों घरों में अंधेरा छाया हुआ है। रविवार शाम तक भी ट्रांसफार्मर नही लगाया गया है।इसके कारण कॉलोनी के सैकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है घरों में लगे पानी के टैंक भी खाली हो गए लोग बून्द बून्द पानी को तरस रहे हैं।

गोलीकांड में घायल की मौत के बाद हत्या के मुकदमे में एक और आरोपी गिरफ्तार

बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने रविवार को एक और नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान करन (20) पुत्र महेंद्रपाल निवासी ग्राम मथुरापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे झुमका तिराहे से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर को मथुरापुर गांव में गोली लगने से संतोष साहू (37) पुत्र मिढईलाल साहू घायल हो गए थे। उनका श्री राममूर्ति अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां 27 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की थी। इस मामले में पहले ही नामजद आरोपी मदनलाल और विनोद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब तीसरे नामजद आरोपी करन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ सीबीगंज थाने में हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2025 में भी एक मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने क्षेत्रीय माटी कला मेले का किया शुभारंभ

पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में लगाया गया सात दिवसीय क्षेत्रीय माटी कला मेला


-स्वतंत्र भारत-



बरेली। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में सात दिवसीय क्षेत्रीय माटी कला मेला 2026 लगाया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष मिट्टी का दीया जलाकर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मेले में विभिन्न जिलों से आए माटीकला के कुशल शिल्पकारों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों की उपयोगिता हमारी परंपराओं के साथ हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। माटी कलाके उत्पाद ही धरती मां को बचाने का सर्वोत्तम विकल्प है। उन्होंने मिट्टी से निर्मित लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं, दीपकों, बर्तनों सहित आकर्षक उत्पादों की सरहाना की। माटी कला मेले में गोरखपुर की पारंपरिक टेराकोटा कला आकर्षण का केंद्र रही। अंत में कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने माटीकला कारीगरों एवं शिल्पकारों को आधुनिक मशीने-टूलकिट वितरित करके सम्मानित किया। उन्होंने लोगों को स्वरोजगार अपनाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे ब?ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सात नवंबर तक माटी कला मेला में आकर मिट्टी के उत्पादों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान पूरन लाल प्रजापति, अरुण कश्यप, देवेंद्र जोशी, मुकेश कश्यप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

गांव समूहा में आरएसी ने कराए आठ जोड़ों के सामूहिक निकाह

-स्वतंत्र भारत-



बरेली। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी की नवाबगंज इकाई की ओर से रविवार को समूहा गांव में आठ जोड़ों का सामूहिक निकाह कराया गया। कार्यक्रम हजरत अफरोज रजा कादरी की सरपरस्ती में आयोजित हुआ, जबकि आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने अध्यक्षता की और सभी आठ जोड़ों का निकाह पढ़ाया।

कार्यक्रम में मौलाना अदनान रजा कादरी का काफिला बरेली स्थित आरएसी मुख्यालय बैतुर्रजा से समूहा पहुंचा। गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। निकाह से पहले मुफ्ती उमर रजा और मौलाना उमर रजा ने निकाह की अहमियत पर तकरीर की। इमरान जाफर बरकाती और मौलाना सद्दाम रजा ने नात पेश की। इसके बाद निकाह की रस्म अदा की गई। निकाह के बाद नवदंपतियों को घरेलू जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। मौलाना अदनान रजा ने नवदंपतियों को खुशहाल जीवन की दुआ देते हुए शरीयत के मुताबिक जिंदगी गुजारने की नसीहत की। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान बनाना चाहिए और सादगी के साथ ऐसे आयोजन करने चाहिए।

उन्होंने बताया कि आरएसी की ओर से जल्द ही नवाबगंज के खिजरपुर गांव में भी सामूहिक निकाह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरएसी की समूहा इकाई और अंजुमन गुलामाने मुस्तफा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में समूहा में आरएसी इकाई और अंजुमन गुलामाने मुस्तफ़ा की जानिब से गुलाम मुस्तफ़ा, आकबि रज़ा, हसीब रज़ा, ख़लील अहमद, शकील अली, मुहम्मद आज़म, नदीम अहमद, आकलि ख़ाँ, जुनैद मंसूरी, अज़ीम ख़ाँ, हुज़ूर अहमद, अशरफ़ उल हक़, साबिर अली, गुलाम रज़ा, नदीम ख़ाँ, फ़हीम रज़ा, सादिक़ रज़ा, शुएब रज़ा, इकराम ख़ाँ, सरफराज़ मंसूरी, आरिफ़ मंसूरी, तस्लीम मंसूरी, असव अली, फ़रिज़ अहमद (चंदपुर), डॉ. हसनैन अली, हाफज़ि लियाक़त ख़ाँ, रईस अहमद, साबिर अहमद, मुहम्मद साहिल, बब्लू चमन (नगरिया), मुहम्मद वारिस, मुहम्मद शहज़लि, मोहसिन ख़ान, फ़रिोज़ अली, वहीद अहमद, आसिफ़ ख़ान, फ़रियाद मंसूरी, अनीस अहमद चाचा, जमाल ख़ान, आरिश मलिक, गुलाम ग़ौस अली, ज़ीशान अली, हसीब मंसूरी, इफ़तिख़ार रज़ा बब्बू, मुहम्मद आमिर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, सरदार पटेल को किया नमन

-स्वतंत्र भारत-



फरीदपुर। श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के अनावरण के साथ हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्य दीपा काला ने छात्राओं को सरदार पटेल के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता के बल पर देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। आजादी के बाद देशी रियासतों के एकीकरण में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे जाति, धर्म और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत बनाएं।

इस दौरान छात्राओं को सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं।

बरेली : किन्नरों पर युवक का प्राइवेट पार्ट काटने का आरोप, मां ने कराया मुकदमा

-स्वतंत्र भारत-

फरीदपुर। किन्नरों के चक्कर में आए कैंट थाना क्षेत्र के एक युवक का प्राइवेट पार्ट काटने के मामले में पीड़ित की मां ने पांच किन्नर आरोपियों के खिलाफ फरीदपुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना कैंट क्षेत्र के गांव ठिरिया निजावत खां निवासी मेहरुननिशा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र फराज खान झांकी वगैरह में नृत्य करता था। करीब दो वर्षों से उसका फरीदपुर की बबली किन्नर, सुंदरी किन्नर, गौरी किन्नर, सोनी किन्नर, नन्हीं किन्नर आदि के यहां आना-जाना था।आरोप है कि 28 अक्टूबर को बबली किन्नर ने फराज को अपने घर बुलाया और उसका लिंग परिवर्तन कर दिया। 29 अक्टूबर को फराज ने फोन कर बताया कि वह मोहल्ला मिर्धान निवासी बबली किन्नर के घर पर है और किन्नरों ने कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर उसका लिंग परिवर्तन कर दिया है।सूचना पर उसकी बहन और चचेरा भाई मौके पर पहुंचे और उसे नाजुक हालत में गाड़ी से घर लेकर आए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी किन्नर उन्हें धमकी दे रहे हैं कि शिकायत करने पर जान से मार देंगे।पुलिस ने मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।बताया जा रहा है कि फराज खान पिछले दो वर्षों से फरीदपुर क्षेत्र के एक किन्नर के संपर्क में था। धीरे-धीरे उसके हाव-भाव और रहन-सहन में बदलाव आने लगा था, वह बड़े-बड़े बाल रखने और लड़कियों जैसे कपड़े पहनने लगा था। आरोप है कि गुरुवार को किन्नरों ने उसका प्राइवेट पार्ट कटवा दिया और घाव पर टांके लगवा दिए।परिजनों को जानकारी होने पर वह उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने घायल को तत्काल फरीदपुर सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया।

15 नवंबर को मनाया जाएगा पर्वतीय समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस

-स्वतंत्र भारत-



बरेली। पर्वतीय समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस स्थानीय जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र में 15 नवंबर को मनाया जाएगा। कुर्मांचल नगर भोलेनाथ मंदिर परिसर में एक आवश्यक बैठक आयोजित करी गई।महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि दीपावली पर्व होने के कारण उत्तराखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को मनाया जाएगा।उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट पूर्व सभासद कैंट ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को तन,मन और धन से पूर्ण सहयोग करना होगा तभी भव्य और दिव्य कार्यक्रम संपन्न होगा।कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि सभी साथियों को पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम की तैयारी में लग जाना चाहिए। लोक गायक और सांस्कृतिक प्रभारी पूरन दानू ने कहा कि उत्तराखंड की टीमें विशेष प्रस्तुतियां देने आ रही हैं। वरिष्ठ सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्वतीव समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस के कार्यक्रम का नाम पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया है।मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ने बताया कि उत्तराखंड के सांस्कृतिक दलों के साथ ही स्थानीय टीमें भी अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देंगी।कार्यक्रम का समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 09 बजे तक रहेगा।एंट्री पूर्णतया निशुल्क रहेगी।इस अवसर पर पुष्कर सिंह बोरा,प्रभात गैरोला,पूरन सिंह मेहरा, गोपाल राणा,संजय नेगी,उमेश बिनवाल,आनंद सिंह मेहता,पूरन जोशी,दीपक जोशी,पवन भट्ट,सोमा परिहार,पंडित नवीन चन्द्र जोशी,नंदनी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

हरदोई

वृहद सेवा एवं सहायता शिविर का हुआ सफल आयोजन

स्वतंत्र भारत







हरदोई। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई स्मिता गोस्वामी ने बताया कि पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 नवंबर को बाबू श्रीश चन्द्र अग्रवाल बारात घर हरदोई में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदोई श्रीमती रीता कौशिक व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा फीता कारटकर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करके जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव ने बताया कि शिविर में आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत से संबंधित जानकारी, विभिन्न प्रमाण-पत्रों के लिए मार्गदर्शन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई तथा शिविर में विभिन्न विभागो के लाभार्थियों को मंच पर लभान्वित किया गया। शिविर मे विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए लगाये गये। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण तथा प्रशासनिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रैगाई में पांच सड़कों का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन रोड व नाली निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

स्वतंत्र भारत, हरदोई। पिहानी में ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने और सड़कों को गड्ढामुक्त रखने की दिशा में विकास खंड के रैगाई गांव में नवनिर्मित पांच सड़कों का ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने लोकार्पण किया। इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी, वहीं जलभराव और कीचड़ की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है।



ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गड्ढामुक्त सड़क अभियान की भावना के अनुरूप ग्रामीण मार्गों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम बनाए रखना आवश्यक है। गांवों में सड़क और जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार विकास की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत



हरदोई। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान राजकीय इंटर कालेज हरदोई, वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इण्टर कालेज, आर्य कन्या महाविद्यालय, आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति, आदि का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं शासन से प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा सम्पन्न करायी जाय। उन्होने कहा कि परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो यह भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बन्धित अधिकारी भ्रमणशील रहते हुए गहन निगरानी सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पीईटी परीक्षा 01.11.2026
प्रथम पाली की
परीक्षा उपस्थिति विवरण
जनपद हरदोई
कुल परीक्षा केंद्र 09
पंजीकृत परीक्षार्थी 4032
उपस्थित परीक्षार्थी 2802
अनुपस्थित परीक्षार्थी 1230

प्रारंभिक परीक्षार्थियों की सेवा में एसएसएन समिति एक हज़ार से अधिक को दिया आश्रय और भोजन



हरदोई।। प्रारंभिक परीक्षा के तीसरे चरण में 30 अक्टूबर व 1 नवंबर को हरदोई पहुंचे अभ्यर्थियों की सहायता के लिए एसएसएन समिति ने ठहरने और भोजन की व्यवस्था की। दूर-दराज से परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समिति के पदाधिकारी और सदस्य 31 अक्टूबर की शाम से ही व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए थे। परीक्षा के तीसरे दिन तक एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जा चुका था।इससे पहले 25 अक्टूबर को भी अभ्यर्थियों के लिए ऐसी व्यवस्था की गई थी। जिलाध्यक्ष डॉ. सोहिनी दीक्षित ने बताया कि अभ्यर्थियों के ठहरने और भोजन के लिए भगवान दास गेस्ट हाउस, शिव शक्ति मैरिज लॉन और एसबीआई बैंक के ऊपर स्थित हॉल में प्रबंध किए गए। व्यवस्थाओं के संचालन में समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। परीक्षा के विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समिति लगातार प्रयासरत रही। इस दौरान जिला महासचिव पूनम सिंह, पंकज सिंह, पुनीत गुप्ता, पिंकी यादव, राजन मौर्य, अमित सिंह, अनीता सिंह, आलोकिता श्रीवास्तव, रुपाली अग्रवाल, सुमित गुप्ता, हर्षित मिश्रा, संजय टंडन, ललित सर्राफ, गीता शर्मा, कृष्णा और रूबी गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भाजपा नेता हिमांशु सेठी बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



स्वतंत्र भारत, हरदोई ।। भाजपा नेता और शाहाबाद विधानसभा से लगातार अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते आ रहे डॉ. हिमांशु सेठी को भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया। इससे पहले अवध क्षेत्र के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक और उत्तर प्रदेश सरकार में स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। यह खुशखबरी ऐसे समय आई है जब कुछ दिन पूर्व ही उनके पिता समाजसेवी हरगोविंद सेठी का निधन हुआ था, जिन्हें पूरा हरदोई उनके आदरणीय और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए शिद्दत से जानता है। पिता के साए के उठने के बाद पुत्र को मिली इस बड़ी राजनीतिक जिम्मेदारी से उनके समर्थकों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है, जिसके चलते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बधाई दे रहे हैं । और हरदोई के राजनीतिक गलियारों में इस नियुक्ति की चर्चा है।

1.84 करोड़ रुपये से होगा चार अस्पतालों का निर्माण

- 50 हजार आबादी को मिलेगा लाभ

स्वतंत्र भारत

हरदोई। सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में चार नए राजकीय होम्योपैथिक अस्पतालों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से स्वीकृत इन अस्पतालों का निर्माण हरपालपुर, साण्डी और भरखनी विकासखंड के चार गांवों में कराया जाएगा।

विधायक प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी ने बताया है कि विकासखंड हरपालपुर के ग्राम खसौरा में 44 लाख रुपये तथा मिरगांवा में 53 लाख 5 हजार रुपये की लागत से अस्पताल का निर्माण होगा। वहीं विकासखंड साण्डी की ग्राम पंचायत श्रीमऊ में 42 लाख 62 हजार रुपये और विकासखंड भरखनी मुख्यालय के ग्राम में 44 लाख 96 हजार रुपये की लागत से राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इन चारों परियोजनाओं के लिए कुल 1 करोड़ 84 लाख 63 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

अस्पतालों के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है तथा निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इन अस्पतालों के निर्माण से विधानसभा क्षेत्र के लगभग 25 गांवों की 50 से 60 हजार की आबादी को स्थानीय स्तर पर होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों तक जाने की आवश्यकता में कमी आएगी। इससे विशेष रूप से ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार लाभान्वित होंगे। क्षेत्र में नए चिकित्सा केंद्र स्थापित होने से मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में उपचार की पहुंच बढ़ाने और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से सवायजपुर विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिलेगी।

बरामद विस्फोटक सामग्री को किया निष्क्रिय



माधोगंज---थाना माधौगंज क्षेत्र में दर्ज दो मुकदमों से संबंधित बरामद भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री को शनिवार को बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) की संयुक्त टीम ने पुलिस की मौजूदगी में सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। पुलिस अधीक्षक हरदोई के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) एवं क्षेत्राधिकारी बिलग्राम के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। मुकदमा अपराध संख्या 240/26 और 243/26, धारा 5/9(ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से संबंधित मामलों में बरामद विस्फोटक सामग्री को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निष्क्रिय किया गया। निष्क्रियकरण की प्रक्रिया के दौरान स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कर सील कर दिया गया। पुलिस के अनुसार पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तथा किसी प्रकार की जन-धन की हानि नहीं हुई।

संडीला में सपा अल्प प्रज् राष्ट्रीय सचिव का स्वागत निकला वाहनों का काफिला

स्वतंत्र भारत

हरदोई: संडीला समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा इसरार अहमद गाजी के संडीला आगमन पर सपाइयों का हुजूम उमड़ पड़ा। संडीला तक कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी की और काफिले का स्वागत किया।

स्वागत से गदगद इसरार अहमद ' ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि,समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुझ पर जो भरोसा जताकर संगठन की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए मैं उनका सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ। एमएलसी चुनाव के बाद हरदोई में संगठन को एक नई ऊर्जा के साथ खड़ा करना और सभी को एकजुट रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। '

उन्होंने आगामी राजनीतिक रणनीति को स्पष्ट करते हुए दावा किया कि समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ा (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मजबूत फार्मूले के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह साफ कर दिया है कि आगामी चुनावों में टिकट वितरण से लेकर सामाजिक भागीदारी तक, हर स्तर पर पिछड़ा समाज को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। 2027 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को कड़ी शिकस्त देने के लिए पूरी तरह तैयार बैठी है। इस मौके पर क्षेत्र के वरिष्ठ सपा पदाधिकारी, भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता और सैकड़ों की तादाद में क्षेत्रीय समर्थक मौजूद रहे।

हरदोई पुलिस विभाग में फेरबदल 26 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले

स्वतंत्र भारत

हरदोई। एसपी अशोक कुमार मीणा ने जारी किया तबादला आदेश, पुलिस लाइन से थानों तक बदले गए तैनाती स्थल, कई चौकियों और विशेष टीमों को नए प्रभारी मिले। निरीक्षक हरिप्रकाश यादव – पुलिस लाइन से थाना अतरौली में अतिरिक्त निरीक्षक बनाए गए. निरीक्षक अवधेश कुमार पुलिस लाइन से कोतवाली शहर में अतिरिक्त निरीक्षक बनाए गए।उपनिरीक्षक शिव कुमार – पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ), उपनिरीक्षक अनेक पाल सिंह – पुलिस लाइन से थाना सांडी , उपनिरीक्षक दुर्गपाल सिंह गौर – पुलिस लाइन से थाना मल्लावां ,उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह – पुलिस लाइन से थाना शाहाबाद, उपनिरीक्षक अंगद सिंह – पुलिस लाइन से बिलग्राम थाने की क्रिटिकल कॉरिडोर टीम का प्रभारी, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव – पुलिस लाइन से थाना मल्लावा, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र यादव – पुलिस लाइन से थाना शाहाबाद , उपनिरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता – थाना बघौली से रेलवेगंज चौकी प्रभारी, कोतवाली शहर , उपनिरीक्षक अक्षय मलिक थाना बिलग्राम से बावन चौकी प्रभारी , उपनिरीक्षक अरविंद कुमार थाना सांडी से पिहानी की कस्बा चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक विजय कुमार – रेलवेगंज चौकी प्रभारी से बघौली थाने की साइबर टीम का प्रभारी, महिला उपनिरीक्षक मीनाक्षी – थाना संडीला से थाना मल्लावां तथा 11 अन्य पुलिस कर्मियों को इधर से उत्तर किया गया

20 दिन से किसानों का धरना, सर्किल रेट और पट्टे की जमीन पर फंसा मुआवजा



स्वतंत्र भारत

भरखनी हरदोई- यूपीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्र के लिए अधिग्रहीत जमीन के मुआवजे को लेकर किसानों का आंदोलन 20 दिन से जारी है। किसान फैक्ट्री परिसर में धरने पर बैठे हैं। प्रशासन और यूपीएसआईडीसी के साथ कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही है।

सवायजपुर एसडीएम शिवानी सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की, लेकिन कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी। पाली और सवायजपुर पुलिस भी कई बार मौके पर पहुंची। अब किसानों ने जिलाधिकारी हरदोई से न्याय की आस लगाई है।

किसानों का कहना है कि वे 3-4 बार डीएम कार्यालय गए, पर मुलाकात नहीं हो सकी। मांग है कि डीएम स्वयं धरना स्थल पर आकर सुनवाई करें। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2017 में प्रचलित सर्किल रेट पर उनकी जमीन का बैनामा कराया गया, जबकि बैनामे के 2-3 महीने बाद ही सर्किल रेट बढ़ा दिया गया। उन्हें वास्तविक कीमत की जानकारी नहीं दी गई। वहीं, दूसरा मामला 65-70 साल पुराने पट्टों का है। भूमिहीन परिवारों को मिली पट्टे की जमीन पर वे तब से लगान जमा कर खेती कर रहे हैं, लेकिन अभिलेखों में उसे जंगल खाते में दर्ज कर मुआवजे से वंचित कर दिया गया। किसानों ने स्थानीय युवाओं के रोजगार की गारंटी की भी मांग की है।

आंदोलन को भाकियू (टिकैत), भारतीय कृषक दल और दशहरी यूनियन का समर्थन मिल रहा है। किसान नेता नन्हे सिंह ने चेतावनी दी कि मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन जिला मुख्यालय तक ले जाया जाएगा।

डॉ. शालिनी मिश्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

स्वतंत्र भारत, हरदोई। ग्रामोदय पीजी कॉलेज की निदेशक डॉ. शालिनी मिश्रा को राजस्थान के हनुमानगढ़ स्थित खुशाल दास यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हिंदी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 'भीष्म साहनी के उपन्यासों में नारी चेतना का अध्ययन' विषय पर शोध कार्य पूरा किया है।



दीक्षांत समारोह में राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गर्ग, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री, कुलाधिपति वरुण यादव, कृषि विश्वविद्यालय कोटा की कुलपति डॉ. विमला डूकवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश जुनेजा, अर्जुन अवार्डी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप नरवाल और अखिल भारतीय सांगरिया धूणी, सीकर के पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास महाराज ने डिग्री प्रदान की। उनकी इस उपलब्धि पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री , आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सण्डीला विधायक अलका अर्कवंशी, सवर्ण चेतना सभा की राष्ट्रीय संयोजक अलका अग्निहोत्री, भाजपा की क्षेत्रीय मंत्री पूजा मिश्रा, भाजपा अल्पसंख्यक सभा की प्रदेश कोषाध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं।

औद्योगिक गलियारे में धरना दे रहे किसानों का ज्ञापन शासन तक पहुंचाने का दिया भरोसा

स्वतंत्र भारत



पाली/रूपापुर। औद्योगिक गलियारे के निर्माण को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन लगातार जारी है। अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के बीच रविवार को नायब तहसीलदार राजेश पटेल धरना स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। इसके बाद किसानों की ओर से सौंपा गया ज्ञापन प्राप्त करते हुए उसे शासन एवं उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया।

इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश पटेल ने किसानों से आंदोलन के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान किसी भी प्रकार की हिंसक गतिविधि से दूर रहें और अपनी मांगों को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन के सामने रखते रहें।

धरना दे रहे किसानों ने अपनी मांगों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्हें औद्योगिक गलियारे के निर्माण अथवा क्षेत्र में उद्योग स्थापित होने से कोई आपत्ति नहीं है। उद्योगों की स्थापना से क्षेत्र में विकास और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं, लेकिन विकास की इस प्रक्रिया में किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

युवाओं ने लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण पर रखे विचार



हरदोई। जिला पंचायत सभागार में भविष्य-ए-यूपी संस्था के तत्वावधान में जिलास्तरीय युवा संसद का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष सुखसागर मिश्र एवं भाजपा जिला सदस्य ने किया। युवा प्रतिभागियों ने संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों, देश के विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार रखे। इंजीनियर धीरज कुमार वर्मा ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पुष्पा देवी, उपेंद्र तिवारी, कार्यक्रम आयोजक अज्येंद्र सिंह आजाद, यश पांडेय, आशुतोष अग्रवाल, वरुण मिश्रा सहित संस्था के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। युवा संसद के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक चेतना और राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

माधौगंज में घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट

- चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत

माधोगंज---क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर थाना क्षेत्र के ग्राम दलनपुरवा मजरा बरहस निवासी युवक के घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांव निवासी आलोक सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 20 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे गांव के शेर उर्फ शेर सिंह, सुरजीत, मालती और रामभरोसे उसके घर के सामने जबरन दरवाजा रखने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियो ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां किरण देवी और भाई त्रिलोक सिंह के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के बाद पुलिस ने केवल उसके भाई का मेडिकल परीक्षण कराया, जबकि घायल मां का परीक्षण नहीं कराया गया। वही रिपोर्ट भी नहीं लिखी और उसके भाई त्रिलोक सिंह और मुन्नन का 126 बी एन एस में चालान भी कर दिया। थाना प्रभारी जय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। सीएमओ कीर्ति कुमार मिश्रा ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान चिकित्सक विवेक खरे द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मरीजों का उपचार करते हुए मिले सीएमओ द्वारा गलरा गांव में बनकर तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन शुरू कराने के लिए भवन के व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कराया जा सके जिससे मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ मिल सके इस संबंध में सीएमओ कीर्ति कुमार मिश्रा ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया जंहा पर चिकित्सक द्वारा मेला में उपचार करते हुए मिले गलरा गांव में बनकर तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन शुरू कराने के लिए व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कराया जा सके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर व्यवस्थाओ के लिए जो कमिया है उसके मांग के लिए डिमांड भेजे व्यवस्थाओ को पूरा कराया जा सके इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे, डॉक्टर रीना पटेल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



सहायता शिविर में उमड़ा जनसैलाब, जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगजनों को बांटी ट्राईसाइकिल



स्वतंत्र भारत, बलिया। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्वलित करने तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, असहाय एवं वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। जिसमें जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु 30 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी ली। शिविर परिसर में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।इस दौरान जनपद न्यायाधीश श्री अनिल कुमार झा ने उपस्थित लोगों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संदेश दिया गया। वहीं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने अपने संबोधन में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना, किसान कल्याण योजनाएं तथा दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाएं प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को न्याय के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुलभ, निःशुल्क एवं त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जरूरतमंद लोगों तक न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौत्स्यायन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी विभागों के अधिकारियों ने जनहित में आपसी सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने का संकल्प लिया।

जन कल्याणकारी योजनाओं द्वारा इन विभागों के लगाए गए स्टॉल

जिसमें राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पंचायती विभाग, जिला विकासखंड/विकास, आवास एवं नगर विकास विभाग, डूडा विभाग, सूचना विभाग, आपदा विभाग, आईटीआई विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, बैंक सहायता ऋण योजनाएं, युवा कल्याण विभाग, वन विभाग, विद्युत वितरण विभाग, खनन विभाग, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, जल शक्ति विभाग, परिवहन विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम श्री पुनीत कुमार गुप्ता, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री प्रथमकान्त, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अपर प्रधान न्यायाधीश श्री कमलापति, अपर जनपद न्यायाधीश श्री प्रमोद कुमार गंगवार, श्री सैफ अहमद, श्री रामकृपाल, श्री हरीश कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शैलेश पाण्डेय, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सुश्री गार्गी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, मीडियाकर्मी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

शराब के नशे में धुत दो महिलाओं और युवक ने बीच सड़क पर मचाया उत्पात, वीडियो हो रहा प्रसारित

स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर शराब के नशे में चूर होकर दो महिलाएं और एक युवक आपस में उलझ गए।आपस में कहासुनी के बाद दोनों महिलाएं और युवक एक दूसरे पर चप्पलों बौछार कर मारपीट करने लगे। जिसका वीडियो बनाकर किसी ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। शराब के नशे में धुत दोनों महिलाओं और युवक के इस कारनामे को देख तमाशबीन बने स्थानीय लोग और राहगीर दंग रह गए। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते शनिवार शाम को भैंसोड़ जेर गांव से आए एक युवक और दो महिलाओं ने रतेह चौराहा स्थित कंपोजिट शराब की दुकान पर जाकर शराब खरीदी और तीनों ने आपस में एक साथ बैठकर शराब पी। कुछ देर बाद शराब के नशे में होने पर दोनों महिलाएं और युवक बीच सड़क आपस में कहासुनी कर चप्पल से मारपीट करने लगे।बीच सड़क पर महिलाओं और युवक का उत्पात देख राहगीरों ने डांट फटकार लगाई तो दोनों महिलाएं और युवक कुछ देर बाद वहां से खिसक लिए। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो को देखने के बाद स्थानीय लोगों में महिलाओं के शराब पीकर खुलेआम बीच सड़क पर हंगामा व मारपीट करने को लेकर को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

तालाब में उतराता मिला अधेड़ का शव, गांव में मचा हड़कंप

स्वतंत्र भारत, बाबागंज बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के उत्तर दिशा में स्थित तालाब में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता मिला। शव दिखाई देने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, बिहार निवासी अधेड़ व्यक्ति को ग्रामीण 'दिलजले' के नाम से जानते थे। वह पिछले दो-तीन वर्षों से गांव में अलग-अलग लोगों के यहां रह रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, गुरुवार को उसे गांव में मिट्टी लाते हुए देखा गया था। इसके बाद से वह लापता था। शनिवार को कुछ ग्रामीण धान की कटाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर तालाब में उतराते शव पर पड़ी। सूचना पर पहुंची रुपईडीहा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक का पूरा नाम और स्थायी पता अभी अज्ञात है। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

डबल डेकर बस की टक्कर से युवक की मौत

स्वतंत्र भारत, नानपारा बहराइच। दिल्ली मजदूरी करने जा रहे 20 वर्षीय अशोक की डबल डेकर बस की चपेट में आने से मौत हो गई। सोमवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव गुरघुट्टा पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी गया प्रसाद का पुत्र अशोक दोस्तों के साथ दिल्ली जा रहा था। बस के इंतजार में खड़े होने के दौरान सवारियां भरने की होड़ में आई डबल डेकर बस संख्या एआर 06 की 5051 की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया, जिसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। सोमवार को गांव में गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर। जनगणना-2027 के दूसरे चक्र के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण रविवार को एचआरए इण्टर कॉलेज के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसमें 24 प्रशिक्षकों ने 550 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया, दिशा-निर्देशों और जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण दिया। शनि वार को अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व संदीप केला ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा में शुद्धता और जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना के पहले चरण में मकानों की गणना पूरी हो चुकी है, जबकि दूसरे चरण में व्यक्तियों की गणना की जाएगी। इसके तहत 16 नवम्बर से लेकर 30 नवम्बर 2026 तक स्वगणना होगी। एक दिसम्बर 2026 से लेकर चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर लोगों की गणना करेंगे। उन्होंने सभी कर्मचारियों से स्वगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की। उपजिलाधिकारी योगेन्द्र शरण शाह ने कहा कि पहले चरण में कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया है। दूसरे चरण में भी बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा है। तहसीलदार वीरेन्द्र प्रताप ने प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया, दायित्वों और सावधानियों की जानकारी देते हुए पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी से लेकर 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण गणन(रिवीजन काउंट) होगी। इस दौरान गणना अवधि में जन्म और मृत्यु जैसी परिस्थितियों में विवरण संशोधित किया जाएगा।

व्यक्ति की संदिग्ध मौत

स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना के बड़गों निवासी छोटे लाल साहू 50 पुत्र स्व जवाहर लाल शनिवार को मानिकपुर नगर मे आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह मे शामिल होने आया।शाम को अचानक वह सड़क किनारे गिरकर अचेत हो गया,जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस ने सीएचसी कालाकांकर भेजा जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मौत का कारण हृदयाघात बताया जा रहा है।परिजनों मे कोहराम मच गया।रविवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

दुर्घटना में लाईन मैन गंभीर घायल

स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़। बाघराय थाना अंतर्गत विद्युत उपकेन्द्र बिहार मे कार्यरत रमेश कुमार गौतम विभागीय कार्य उपरांत घर जाते समय शकरदहा मोड़ पर शुक्रवार की धन दुर्घटना ग्रस्त हो गया, जिससे उसकी खोपड़ी मे गंभीर चोट आ गई।स्थानीय अस्पताल से एसआरएन प्रयागराज रेफर किया गया, जहां उसका ऑपरेशन हुआ और वह आईसीयू मे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

गंगा बहुद्देशीय सभागार में कृषि विभाग के मिलेट्स स्टॉल का परिवहन मंत्री व अधिकारियों ने किया अवलोकन

स्वतंत्र भारत, बलिया। बताया जाता है कि गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं शिविर कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) का आकर्षक स्टॉल लगाया गया। स्टॉल का अवलोकन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला न्यायाधीश श्री अनिल कुमार झा, जिलाधिकारी बलिया श्री ज्ञानेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री आलोक कुमार ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग की ओर से उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह, प्रधान सहायक उमेश कुमार यादव, सहायक विकास अधिकारी कृषि रामजीत यादव एवं वरिष्ठ सहायक संदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

मिलेट्स स्टॉल पर मोटे अनाज से तैयार विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। इसमें बाजरे के लड्डू, ज्वार की नमकीन बिस्कुट, सांवा की खीर, सांवा का पोहा सहित अन्य व्यंजन शामिल रहे। अतिथियों को इन व्यंजनों की विशेषताओं एवं उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। जिला न्यायाधीश श्री अनिल कुमार झा एवं जिलाधिकारी श्री ज्ञानेंद्र सिंह ने स्टॉल पर प्रदर्शित सभी व्यंजनों का स्वाद चखा तथा उनकी सराहना की। उन्होंने मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वाद एवं पौष्टिकता की प्रशंसा की। कृषि विभाग द्वारा लगाए गए इस स्टॉल के माध्यम से आमजन को श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व, पौष्टिक गुणों तथा दैनिक खानपान में इनके उपयोग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मिलेट्स आधारित पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।



जन आरोग्य मेले में 229 मरीजों का उपचार, मुफ्त दवा वितरित



स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खंड के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 229 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43, मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 41, बरौंधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल ने 45, ड्रमंडगंज में चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्रा ने 49 और हलिया में 51 मरीजों का उपचार किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उनके स्वास्थ्य के अनुसार दवाएं दीं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवधेश कुमार ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मच्छरों से बचाव के साथ खानपान में संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। इस मौसम में सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराना चाहिए।

मीटर के लोड सर्वे डाटा से पकड़ी गई बिजली चोरी अहरौरा में दो आटा चक्की संचालकों पर मुकदमा दर्ज



स्वतंत्र भारत, चुनार (मिर्जापुर)। विद्युत वितरण खण्ड चुनार ने मीटर के लोड सर्वे डाटा के विश्लेषण से बड़ी बिजली चोरी पकड़ी है। अधिशासी अभियन्ता शुभम मिश्रा के नेतृत्व में चले अभियान के तहत अहरौरा क्षेत्र में दो औद्योगिक परिसरों में बिजली चोरी के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में विद्युत चोरी निरोधक थाना, मीरजापुर में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा अधिक भार वाले उपभोक्ताओं के मीटरों से एम.आर.आई. द्वारा प्राप्त लोड सर्वे डाटा का विश्लेषण किया गया। इसमें ऐसे संयोजन चिन्हित किए गए जिनके मीटर प्रतिदिन एक ही समय पर बंद हो जाते थे, जबकि क्षेत्र में आपूर्ति सामान्य थी। इसी आधार पर की गई स्थलीय जांच में चोरी पकड़ी गई। पहला मामला 28 अक्टूबर की रात्रि का है। चौक बाजार, अहरौरा स्थित श्री हिमांशु गुप्ता के औद्योगिक परिसर में स्वीकृत भार 26 किलोवाट के सापेक्ष आटा चक्की चलती मिली, जबकि मीटर में वोल्टेज एवं करंट शून्य था। क्लैम्प मीटर से जांच पर लाइन में 36-38 एम्पियर करंट पाया गया, जो मीटर में दर्ज नहीं हो रहा था। प्रयोगशाला परीक्षण में मीटर के अंदर रिमोट कंट्रोल्ड उपकरण लगा पाया गया, जिससे प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 7 बजे तक मीटर बंद कर चक्की चलाई जा रही थी। मौके पर संयोजित भार 44-24 किलोवाट पाया गया। दूसरा मामला दिनांक 31 अक्टूबर को ग्राम पट्टीकला, अहरौरा स्थित श्री प्रहलाद प्रसाद के औद्योगिक परिसर में मिला। यहां स्वीकृत भार 50 के.वी.ए. के परिसर में परिवर्तक से आने वाली न्यूट्रल केबल काटकर घरेलू संयोजन के न्यूट्रल को एम.सी.बी. के माध्यम से जोड़ा गया था। एम.सी.बी. बंद करते ही मीटर रुक जाता था और चक्की चलती रहती थी। लोड सर्वे के अनुसार मीटर प्रतिदिन रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक बंद रहता था। संयोजित भार 54-13 किलोवाट पाया गया। दोनों प्रकरणों में आपूर्ति विच्छेदित कर मीटर सील किए गए। जांच दल में उपखण्ड अधिकारी संजय यादव, सहायक अभियन्ता विनय सिंह, अवर अभियन्ता पंचधारी सिंह एवं प्रवर्तन दल के अधिकारी शामिल रहे।

अधिशासी अभियन्ता शुभम मिश्रा ने बताया कि चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और उपभोक्ताओं से मीटर से छेड़छाड़ न करने के लिए अपील किया गया।

मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन



स्वतंत्र भारत बलरामपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के सहयोग से रविवार, 01 नवंबर 2026 को जिला पंचायत भवन के सभागार में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता एवं उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाना तथा विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अवधेश कुमार द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गलरा गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगा संचालन



स्वतंत्र भारत, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खंड के गलरा गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन को लेकर भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा व डिप्टी सीएमओ मुकेश कुमार ने भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।भवन की व्यवस्थाओ को बारीकी से सीएमओ ने निरीक्षण किया है की कार्यदाई संस्था द्वारा भवन में सारी व्यवस्था किया गया है की नहीं इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

अधिवक्ता के हत्या मामले मे पांचवां आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली के बरई लोहराबाग दर्जियाना टोला मे बीते दिनों जमीन विवाद मे पड़ोसियों ने लाठी डंडा रॉड से जानलेवा हमलाकर अधिवक्ता आशिक अली को घायल कर दिया जिससे उसकी ईलाज दौरान मौत हो गई।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे पहले ही अभियोग पंजीकृत कर चार आरोपी को जेल भेज दिया।

वर्गीकृत

सूचना

मैं सुनील कुमार S/o जगदीश निवासी मलिहागाढ़ा कंचनपुर जिला उन्नाव का निवासी हूँ। मैंने भा.जी.बी. निगम में एक पॉलिसी सं. 212685684 करायी थी जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम सुरेश कुमार वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा लिख गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार S/o जगदीश है। गाँव में मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।
सी.आर.-1697/L-42

सूचना

मैं राहुल त्रिपाठी पुत्र श्री कामता प्रसाद त्रिपाठी निवासी-22, हौदा तालाब, काकोरी, लखनऊ उ.प्र.-226101, मैं और दर्ज खातेदार श्रीपाल के मध्य दिनांक 07/10/2026 को खसरा सं.-421, रकबा 0.11375 हे., स्थित ग्राम व परगना काकोरी, तहसील व जनपद लखनऊ के विक्रय के संबंध में पंजीकृत अनुबन्ध पत्र निष्पादित हुआ था जो उप निबन्धक सदर, चतुर्थ के समक्ष बही सं.-1, जिल्द सं.-22741 के पृष्ठ 165 से 182 तक क्रमांक 10870 पर पंजीकृत है। जिसका ई-स्टाम्प सं.-IN-UP22746765475125Y है। वास्तव में कहीं खो गयी है। जिसके सम्बन्ध में मैंने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है।
सी.आर.-1697/L

कार्यालय ग्राम पंचायत अतिवरा विकास खंड मदनापुर जिला शाहजहांपुर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

अन्त्येष्टि स्थलों का विकास योजना के अंतर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अतिवरा में वर्ष 2026-27 की अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के तीन दिवस के अन्दर समय दिन के 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदाएं खोली जायेंगी।

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1	अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य	24.120 लाख

सामग्री आपूर्ति का विवरण- उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरिंग, बजरी, रेता, सरिया, ईंट रोड़ी, मिट्टी, गिट्टी, टायल्स, लोहे का पाइप, टीन शेड, सफाई किट, प्लास्टिक कूड़ादन, पीवीसी पाइप, सीआईबी बोर्ड, लोहे का गेट, विन्डो, लोहे का तार, हैन्ड पम्प स्थापना, बिजली फिटिंग, रंगाई-पुताई आदि की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जाएगा, अग्रिम नहीं। नोट- यदि एक भी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से सामग्री लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। अधिक जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

केतुकी सिंह प्रधान **दीपेन्द्र कुमार सचिव**

राजकीय महाविद्यालय नाधाभूड़, सहसवान (बदायूँ) उ0प्र0
Government Degree College, Nadhabhood Sahaswan Budaun (U.P.)
Affiliated to M.J.P Rohilkhand University, Bareilly
Website- https://gddnadhabudaun.co.in/.org Email-gdcnadhabudaun@gmail.com
पत्रांक- 182-187/निविदा/2026-27 दिनांक: 30-10-2026

निविदा सूचना

इस महाविद्यालय को वित्त नियंत्रक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज के पत्रांक: हिशि बजट / 1716/ 2026-27 दिनांक 22.10.2026 के द्वारा 29-अनुरक्षण मद में 5,00,000/- (पांच लाख रुपये मात्र) प्राप्त हुए हैं। प्राप्त धनराशि के सापेक्ष महाविद्यालय में (1. प्राचार्य कक्ष में पीवीसी पैनल से सज्जा कार्य, 2. पृष्ठभाग बाउंड्रीवॉल की रिपेयर सहित पुताई कार्य एवं 3. महाविद्यालय के मुख्य बरामदे, कार्यालय कक्ष, परीक्षा कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष में पुताई का कार्य) कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु मोहर बंद निविदायें दिनांक 14.11.2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म 118 / - नकद जमा कर महाविद्यालय कार्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार आगणन के आधार पर किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं पर 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जमा करने पर ही विचार किया जायेगा। निविदा खुलने के पश्चात उसी दिन निविदा स्वीकार न होने पर अर्नेस्ट मनी वापस कर दी जायेगी। निविदा स्वीकृत होने पर नियमानुसार धरोहर राशि एफ. डी. के रूप में बंधक करा कर जमा करनी होगी, जिसे कार्य संतोषजनक होने पर वापस कर दिया जायेगा। पंजीकरण प्रमाण-पत्र के बिना निविदा निरस्त कर दी जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 16.11.2026 को प्राचार्य एवं उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख खोली जायेंगी।
नोट- बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय नाधाभूड़
सहसवान बदायूं (उ0प्र0)

सी.आर.-1698/D

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

स्वतंत्र भारत

देश विदेश

12

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, सोमवार, 2 नवंबर, 2026

इजराइली विपक्षी नेता आइजनकोट ने गठबंधन की शर्तें रखीं

नेतन्याहू को सत्ता से हटाने की तैयारी



तेल अवीव। इजराइल में 27 अक्टूबर को हुए चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन को सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिला है। देश की संसद नेसेट में कुल 120 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। वहीं, अरब पार्टियों के खाते में 19 सीटें आई हैं। गादी आइजनकोट की पार्टी याशार ने 21 सीटें जीतकर विपक्ष में सबसे ज्यादा सीटें हासिल की हैं। ऐसे में आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए चार शर्तें रखी हैं। इजराइली मीडिया वाय-नेट को मुताबिक, उन्होंने कहा कि जो भी सांसद और राजनीतिक दल इन शर्तों को मानने के लिए तैयार होंगे, उनके लिए गठबंधन सरकार में शामिल होने का रास्ता खुला रहेगा। आइजनकोट की पहली शर्त है कि इजराइल की पहचान एक यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और सभी को बराबर अधिकार देने वाले देश के रूप में बनी रहे। इसका मतलब है कि देश की सरकार यहूदी पहचान को बनाए रखने के साथ लोकतंत्र और नागरिकों की आजादी का भी सम्मान करे। दूसरी शर्त है कि नई सरकार 1948 में इजराइल की आजादी के समय तय किए गए सिद्धांतों का पालन करे। इनमें देश को यहूदी राज्य बनाने के साथ लोकतंत्र, आजादी, न्याय और सभी नागरिकों को बराबर अधिकार देने की बात शामिल है। तीसरी शर्त के तहत आइजनकोट चाहते हैं कि इजराइल के सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय या नागरिक सेवा करना जरूरी हो। यानी देश का हर नागरिक किसी न किसी रूप में देश की सेवा करे। यह मुद्दा इजराइल की राजनीति में लंबे समय से विवाद की वजह बना हुआ है।

ईरान ने किया दावा : वेंस के पत्र में बदला अमेरिका का रुख



तेहरान। ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मोहसेन रेजाई ने कहा है कि उपराष्ट्रपति जेडी. वेंस के एक पत्र में अमेरिका का रुख पूरी तरह से बदल गया है। यह जानकारी अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार है। यह बयान इस राजनयिक पहल पर ईरान की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार यह कहते आ रहे हैं कि तेहरान बातचीत करना चाहता है। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी से बात करते हुए रेजाई ने कहा, 'उनका रुख पूरी तरह से बदल गया है, जो एक अच्छा संकेत है और दिखाता है कि हमारे लोगों ने जीत हासिल कर ली है।' रविवार को कतरी मध्यस्थों के जरिए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव रेजाई को वेंस का पत्र सौंपा गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस प्रस्ताव में वेंस के नेतृत्व में सीधी बातचीत की परिकल्पना की गई है, जिसमें शुरुआत से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम को चर्चा का हिस्सा बनाया जाएगा। इस बीच, 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि इस संदेश में शांति की कोई ठोस शर्तें नहीं, बल्कि बातचीत के लिए एक रूपरेखा' (फ्रेमवर्क) बताई गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह पत्र ट्रंप के निर्देश पर भेजा गया था। इससे पहले, शनिवार को विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'अल जजीरा' को बताया कि तेहरान ने पत्र का अध्ययन कर लिया है। बातचीत शुरू करने की वाशिंगटन की कोशिश को एक सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने आगे बताया कि मध्यस्थों के साथ चर्चा करने के लिए उनका एक सहयोगी दोहा गया था।

एच-1बी वीजाधारकों पर पाबंदियों से अमेरिकी को होगा भारी नुकसान

ह्यूस्टन। अमेरिका में चुनाव से पहले भारतीयों के खिलाफ बढ़ती बयानबाजी और आव्रजन संबंधी प्रस्तावित पाबंदियों पर चिंता जताते हुए गैर-लाभकारी संगठन



■ इंडियास्पोरा की चेतावनी

इंडियास्पोरा ने आगाह किया है कि एच-1बी वीजा धारकों को निशाना बनाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है। संगठन ने भारतीय मूल के पेशेवरों को निशाना बनाने के राजनीतिक प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने कहा कि भारतीय मूल के पेशेवर स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इंडियास्पोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने कहा, भारत के एच-1बी कर्मचारी अमेरिका को दुनिया में नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में मददगार रहे हैं और उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अरबों डॉलर का योगदान दिया है। उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसका असर बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक के समुदायों पर पड़ेगा। प्रवासी भारतीयों के इस संगठन ने प्रस्तावित नियामकीय उपायों पर भी चिंता जताई। इंडियास्पोरा ने कहा कि विदेशी पेशेवर, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सक और शिक्षक, अमेरिका के उन इलाकों में कार्यबल की कमी दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जहां घरेलू स्तर पर तत्काल पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं। इनमें मिसिसिपी डेल्टा जैसे संसाधनों की कमी वाले क्षेत्र भी शामिल हैं।

ट्रंप ने ईरान पर नेतन्याहू से की बात

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब वाशिंगटन ईरान के खिलाफ नए सिरे से सैन्य कार्रवाई की संभावनाओं का आकलन कर रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस बातचीत से परिचित सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सप्ताह की शुरुआत में व्हाइट हाउस में हुई एक बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत हुई। इस बैठक में ट्रंप ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान दोबारा शुरू करने के संभावित विकल्पों पर चर्चा की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर विभिन्न रणनीतिक विकल्पों पर विचार कर रहा है।

मोजतबा के तेवर पर ट्रंप की चेतावनी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान में अमेरिका के पास अभी भी एक या दो ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें निशाना बनाना

■ कहा ईरान के एक-दो ठिकाने अभी बाकी हैं

बाकी है। इनमें एक संदिग्ध भूमिगत परमाणु परिसर भी शामिल है। उनके इस बयान से संकेत मिले हैं कि ईरान में अमेरिका के सैन्य लक्ष्य अभी पूरी तरह पूरे नहीं हुए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल को नई चेतावनी दी है। उन्होंने ईरान की सेना को किसी भी दुश्मन के हमले का तुरंत और जोरदार जवाब देने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। शनिवार को फ्लोरिडा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की सैन्य ताकत और परमाणु कार्यक्रम को काफी कमजोर कर दिया है। हालांकि, अभी भी कुछ ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें निशाना बनाना बाकी है। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, 'हमने उनके परमाणु सिस्टम को नष्ट कर दिया है। अभी भी एक या दो ऐसी जगहें हैं, जिन्हें हमें 'संभालना' है, लेकिन हम ऐसा 10 मिनट के भीतर कर सकते हैं।' उन्होंने खास तौर पर 'पिकएक्स माउंटेन' का जिक्र किया। यह ईरान की नतान्ज परमाणु सुविधा के पास स्थित एक संदिग्ध भूमिगत परमाणु परिसर है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को इसे भी निशाना बनाना होगा।

57,000 करोड़ कीक्रिप्टो चोरी में उत्तर कोरियाई हैकर्स का हाथ

एफबीआई की जांच में बड़ा दावा

न्यूयॉर्क। दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से कुछ ही मिनटों में अरबों डॉलर की डिजिटल करेंसी चोरी होने के मामले में अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। एफबीआई के मुताबिक, इस ऐतिहासिक साइबर चोरी के पीछे उत्तर कोरिया के हैकरों का हाथ है। एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नाम के एक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। यही समूह पिछले साल बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टोकरेंसी चोरी करने के मामले में भी शामिल था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंजों, ब्लॉकचेन एनालिटिक्स कंपनियों और अन्य संबंधित संस्थाओं से अपील की है कि वे चोरी की गई रकम से जुड़े विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों के लेनदेन को रोकें। इसका मकसद चोरी की रकम को दूसरी जगह भेजकर उसके मूल स्रोत को छिपाने और मनी लॉन्ड्रिंग करने से रोकना है। जांच एजेंसी के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से एथेरियम क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्तीय प्लेटफॉर्म और इंस्टेंट स्वैप सेवाओं के जरिए इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने की कोशिश कर सकते हैं।

जी-20: विदेश मंत्रियों की बैठक में नहीं बनी सहमति

अटलांटा। दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक वैश्विक सुरक्षा से जुड़े कई



■ रूस-यूक्रेन समेत कई मुद्दों पर मतभेद से संयुक्त बयान टला

अहम मुद्दों पर बिना किसी साझा सहमति के खत्म हो गई। रूस-यूक्रेन युद्ध समेत कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर देशों के बीच मतभेद बैठक के दौरान साफ नजर आए। इन मतभेदों का असर बैठक के नतीजों पर भी पड़ा। इसके चलते सदस्य देशों की ओर से कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया। इसके बजाय अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बैठक के अध्यक्ष की ओर से एक बयान जारी किया, जिसमें चर्चा के दौरान सामने आई प्राथमिकताओं का उल्लेख किया गया। इस बयान में किसी मुद्दे पर बनी सहमति या समझौते का जिक्र नहीं था। इसमें ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा से लेकर समुद्री रास्तों पर आवाजाही की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता बताया गया। बैठक के समापन पर पत्रकारों से बातचीत में रुबियो ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान को लेकर सभी देशों के बीच आम सहमति बनने की स्थिति नहीं है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि जी-20 के कुछ देश सप्लाई चेन और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। रुबियो ने शनिवार को भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ अलग से बातचीत भी की। इसके बाद उन्होंने जी-20 के अंतिम सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य, लाल सागर, काला सागर और दक्षिण चीन सागर में समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता पर चर्चा हुई।

ट्रंप को झटका, वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि मुकदमा खारिज

मियामी। एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ अरबों डॉलर का मानहानि मुकदमा खारिज कर दिया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश डैरिन गेल्स ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने कहा कि ट्रंप यह साबित नहीं कर पाए कि प्रतिवादियों ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से मानहानिकारक बयान दिए थे। यह मुकदमा फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन से ट्रंप के संबंधों पर एक खबर से जुड़ा था। जर्नल ने पिछले साल एक यौन रूप से उत्तेजक पत्र के बारे में खबर प्रकाशित की थी, जिस पर ट्रंप का नाम था। ट्रंप ने इसे 'झूठा, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक' बताया था। अदालत ने मुकदमे को 'बेबुनियाद' करार दिया, जो जर्नल की खोजी रिपोर्टिंग में खामियां 'गढ़ने' की कोशिश कर रहा था।

एक नज़र

नेपाल में ट्रेकिंग के दौरान छह भारतीय पर्यटक लापता

भारी बर्फबारी के बीच सेना ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

काठमांडू। नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। सभी पर्यटक नेपाल की सबसे गहरी झीलों में से एक शे-फोक्सुंडो की ट्रेकिंग पर निकले थे। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएनआई को इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ से झील की ओर जा रहे थे। उन्हें आखिरी बार शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास और बागला पास के इलाकों में देखा गया था। स्थानीय गाइडों को आशंका है कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई भारी बर्फबारी के कारण पर्यटक पहाड़ों में फंस गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें खराब मौसम और पहाड़ी दर्रों में खतरनाक परिस्थितियों को देखते हुए आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पर्यटकों ने अपनी यात्रा जारी रखी। माना जा रहा है कि ऊंचाई वाले इलाके से लौटते समय वे बर्फ में फंस गए।

टैक्स देने में गड़बड़ी तो अमेरिका में रहना मुश्किल

ग्रीन कार्ड के लिए सख्त हुए नियम

वाशिंगटन। अमेरिका में बसने की चाहत रखने वालों को टैक्स नियमों का पालन करना होगा। टैक्स नियमों का पालन न करने का असर नागरिकता आवेदन पर दिख सकता है। इसको लेकर इमिग्रेशन वकीलों ने चेतावनी जारी की है। यूएससीआईएस का 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' (ग्रीन कार्ड पाने की प्रक्रिया) को लेकर अपनाया गया सख्त और विवेकाधीन रवैया, आवेदकों और कुछ मामलों में उनके वित्तीय प्रायोजकों को और अधिक गहन जांच के दायरे में लाता है। टैक्स नियमों का पालन न करने का असर भविष्य में नागरिकता के आवेदनों पर भी पड़ सकता है। मई में अमेरिका के सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (एससीआईएस) की ओर से जारी एक नीतिगत ज्ञापन में 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' (एओएस) की प्रक्रिया को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। यह वह प्रक्रिया है जिसके तहत अमेरिका में पहले से मौजूद पात्र विदेशी नागरिक स्थायी निवास के लिए अप्लाई करते हैं। अब इसमें बदलाव करते हुए इसे एक 'विवेकाधीन लाभ' माना जाएगा। इस नीति के तहत यूएससीआईएस अधिकारियों को यह तय करने के लिए सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर विचार करना होगा कि क्या आवेदक को मंजूरी दी जानी चाहिए या नहीं।

नवंबर में भारत आ सकते हैं नेपाल के पीएम बालेन शाह

नई दिल्ली। भारत-नेपाल के तनाव के बीच अच्छी खबर आ रही है। जल्द ही दोनों देशों के रिश्ते एक बार फिर पटरी पर आने वाले हैं। नवंबर के आखिरी में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की भारत यात्रा प्रस्तावित है। इससे पहले बालेन शाह की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा का एजेंडा तैयार करने के लिए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी के चार नवंबर को काठमांडू पहुंचने की उम्मीद है। यह यात्रा कई महीनों के राजनयिक तनाव के बाद हो रही है। इसमें मिसरी की एक प्रस्तावित यात्रा का टल जाना और लिपुलेख को लेकर मतभेद जैसी घटनाएं शामिल हैं।

जापान के तट के पास 6.0 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो। जापान के मी प्रांत के तट के पास रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र भूकंप का केंद्र मी प्रांत की राजधानी त्सु से करीब 110 किलोमीटर दक्षिण में था। त्सु की आबादी 2.5 लाख से ज्यादा है। भूकंप समुद्र में जमीन से 352 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

'बोल्सोनारो की अमेरिका यात्रा में ट्रंप ने नहीं की कोई मदद'

अटलांटा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद देश छोड़कर अमेरिका पहुंचे फ्लावियो बोल्सोनारो की यात्रा में कोई मदद नहीं की थी। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के खिलाफ चुनाव हारने के बाद फ्लावियो बोल्सोनारो बुधवार को मियामी पहुंचे थे। इससे एक दिन पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि चुनाव में हार के बाद बोल्सोनारो और उनके परिवार को अमेरिकी वीजा दिया जाएगा। यह चुनाव कड़ा मुकाबला था और लैटिन अमेरिका में रूढ़िवादी दलों की चुनावी सफलता के रुझान से अलग रहा। जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अटलांटा पहुंचे रूबियो ने पत्रकारों से कहा, 'हमने किसी भी तरह की मदद नहीं की।' उन्होंने कहा, 'हमें जानकारी मिली थी कि वह अमेरिका पहुंच गए हैं। उनके पास पहले से वीजा था और राष्ट्रपति ने उन्हें देश में प्रवेश की अनुमति देने का फैसला किया।' रूबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी सरकार उनकी यात्रा से जुड़े किसी भी कदम में सीधे तौर पर शामिल नहीं थी।

महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर मरियम नवाज के पति की आलोचना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के पति और पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) मुहम्मद सफदर महिलाओं पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने एक रैली में 'मेरा शरीर, मेरी मर्जी' नारे पर सवाल उठाते हुए कहा था कि कैंसर जैसी बीमारी होने पर महिलाएं इलाज के लिए धार्मिक विद्वानों से दुआ और पानी मांगती हैं। उनका वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर आलोचना हुई। मरियम नवाज ने भी उनकी टिप्पणी को 'दिल तोड़ने वाला' बताया। उनकी पोस्ट को पति के बयान पर अप्रत्यक्ष नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है।

नीदरलैंड के तट पर रबर की नाव में फंसे 38 लोगों को बचाया

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड के दक्षिणी तट पर शनिवार सुबह रबर की नाव में समुद्र के बीच फंसे 38 लोगों को तटरक्षक बल ने बचाया। नाव में इंजन नहीं था और कोई भी व्यक्ति लाइफ जैकेट नहीं पहने था। सैन्य पुलिस और तटरक्षक बल ने नाव को खींचकर किनारे पहुंचाया। अधिकारियों ने मानव तस्करी के संदेह में दो लोगों को हिरासत में लिया है। सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। फिलहाल उनकी राष्ट्रीयता और प्रवास की स्थिति की जांच की जा रही है। अधिकारियों को यह भी पता नहीं है कि नाव कहां से आई थी और कहां जा रही थी।

लंदन में 'फलस्तीन एक्शन' का समर्थन 139 गिरफ्तार

लंदन। लंदन में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रतिबंधित 'फलस्तीन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे 139 लोगों को लंदन पुलिस ने गिरफ्तार किया। हिरासत में लिए गए अधिकांश लोगों ने एक प्रतिबंधित संगठन का समर्थन किया था। 'डिफेंड आवर जूरीज' के अनुसार, जुलाई 2025 से प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर 4,000 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। ब्रिटेन सरकार ने पिछले साल 'फलस्तीन एक्शन' को आतंकवादी संगठन घोषित किया था, जिसके समर्थन पर 14 साल तक की जेल हो सकती है। शनिवार को लंदन में यह प्रदर्शन 4 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में समूह के आतंकवादी पदनाम के खिलाफ अपील से पहले हुआ। अगस्त में, अमेरिकी सरकार ने भी इस समूह पर प्रतिबंध लगाए थे।

तकनीक | पेंसिल जितना पतला है एक्स-59 प्रायोगिक सुपरसोनिक जेट

अमेरिका के आसमान में नासा का अद्भुत खासियतों का विमान



वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बेहद पतले और नुकीले 'एक्स-59' सुपरसोनिक प्रायोगिक विमान ने अपनी पहली उड़ान की पहली वर्षगांठ पर पूरे अमेरिका के ऊपर से उड़ान भरी। यह विमान कैलिफोर्निया से फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर की यात्रा पर निकला था। उड़ान के दौरान इसे देखने वाले लोगों ने इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जो तेजी से वायरल हो गए। नासा प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने भी एक्स पर वीडियो की सराहना करते हुए विमान के कैनेडी सेंटर पहुंचने की पुष्टि की। इस यात्रा के दौरान विमान के साथ एक एफ-15, एक एफ/ए-18 और एक गल्फस्ट्रीम सी-20 विमान एस्कॉर्ट के रूप में चल रहे थे।

एक साल में 12000 फीट से 56000 फीट तक का सफर- नासा एरोनॉटिक्स ने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को अपनी पहली उड़ान भरने के बाद से एक्स-59 ने विमानन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। पहली उड़ान में यह विमान केवल 12,000 फीट की ऊंचाई और 230 मील प्रति घंटे की गति तक पहुंचा था तथा 67 मिनट हवा में रहा था। वहीं, ठीक एक साल बाद 28 अक्टूबर 2026 तक यह विमान 56,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई और मैक 1.53 यानी ध्वनि की गति से डेढ़ गुना अधिक की रफ्तार हासिल कर चुका है। अब तक यह कुल 41 परीक्षण उड़ानें पूरी कर चुका है, जिसमें इसकी सबसे लंबी उड़ान 102 मिनट की रही है। नासा का एक्स-59 विमान 99.7 फीट लंबा और 29.5 फीट चौड़ा है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी पेंसिल जैसी लंबी और संकरी नोज है, जो विमान की कुल लंबाई का लगभग एक-तिहाई हिस्सा घेरती है। इस डिजाइन का मुख्य उद्देश्य ध्वनि की गति से तेज उड़ते समय पैदा होने वाली शॉक वेव्स को बिखरने से रोकना है, ताकि जमीन पर तेज सोनिक बूम सुनाई न दे। इसके अलावा, इसका इंजन ऊपर की तरफ लगाया गया है ताकि आवाज ऊपर की ओर जाए और निचला हिस्सा पूरी तरह चिकना रखा गया है।

बिना सामने वाली खिड़की के उड़ता है यह विमान- इस विमान का कॉकपिट बीच में स्थित है और इसमें सामने देखने के लिए कोई पारंपरिक शीशा या खिड़की नहीं है। पायलट आगे का दृश्य देखने के लिए नासा के खास एक्सटर्नल विजन सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे और स्क्रीन लगे हैं।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089